WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | रायपुर संभाग

रायपुर, रविवार, 18 जनवरी 2026 कृष्ण पक्ष-अमावस्या, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 269 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पंचायत प्रतिनिधियों के अध्ययन भ्रमण से ग्रामीण विकास को मिलेगी गति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के दल को प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सकुशल एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा दो बसों को हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों की बेहतर कार्यप्रणालियोंकी जानकारी प्राप्त होगी, जिसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के ग्रामीण विकास को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बहुउद्देशीय है, जिसमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, संवाद, विचार-विमर्श, पंचायत प्रतिनिधियों के दायित्वों, नवाचारों तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधियों से कहा कि वे छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर की पहचान के रूप में राज्य के पर्यटन, संस्कृति, जनहितैषी एवं विकासमूलक योजनाओं, सुशासन (गुड गवर्नेंस) तथा पारदर्शी शासन व्यवस्था के बारे में भी अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों से जानकारी साझा करें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

नितिन नबीन की ताजपोशी में छत्तीसगढ़ के 17 दिग्गज दिल्ली में निभाएंगे अहम भूमिका

■ **20 जनवरी को मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष**

रायपुर /नवप्रदेश। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में संगठनात्मक बदलाव की घड़ी अब बेहद करीब आ गई है। पार्टी को जल्द ही अपना नया पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन और चुनाव की प्रक्रिया 19 जनवरी 2026 से शुरू होगी और अगले ही दिन यानी 20 जनवरी को नए अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। राजनीतिक गलियारों और पार्टी सूत्रों के मुताबिक, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

कौन हैं वे 17 पावरफुल चेहरे?

छत्तीसगढ़ से जो 17 नेता राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के रूप में चुने गए हैं, वे पार्टी के सबसे वरिष्ठ और प्रभावशाली चेहरे हैं। ये नेता नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रस्तावक और समर्थक की ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

ये दिल्ली जाने वाले दिग्गजों की सूची में शामिल

- **सरकार का शीर्ष नेतृत्व:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा।
- **संगठन और केंद्रीय नेतृत्व:** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।
- **सांसद:** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, दुर्ग सांसद विजय बघेल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी और राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह।
- **विधायक व वरिष्ठ नेता:** विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश मंत्री दयालदास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, वरिष्ठ आदिवासी नेता व पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख।

आज बेबाक

बीएमसी सहित महाराष्ट्र के नगर निगमों में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने महा जीत हासिल कर ठाकरे ब्रदर्स की ठठरी बांध दी। कांग्रेस सहित अन्य चंगु मंगुओं का भी सुपड़ा साफ हो गया। मराठी मानुष के इस फैसले को शिरोधार्य करने के बजाए ये तमाम हारे हुए जुआरी अपनी शर्मनाक हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं। ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हुए चुनाव में भी बुरी तरह हार गए तो अब नया आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने नोट देकर वोट खरीदे हैं। अरे बुड़बकों, वोटरों को बिकाऊ बताओगे तो आगे और ज्यादा पछताओगे।

पीएम ने देश को दी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

कोलकाता/वार्ता। प्रधानमंत्री मोदी आज पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं, जहां उन्होंने मालदा से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वंदे भारत ट्रेन पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी। इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के साथ भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

बंगाल को लूट रही तृणमूल : मोदी

टीएमसी पर बरसे पीएम; बोले- घुसपैठिए हक छीन रहे हैं, सरकार बनते ही कार्रवाई करेंगे

कोलकाता/वार्ता। पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से बंगाल में ऐसा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए टीएमसी सरकार पर बड़ा हमला बोला। रैली में उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का हक घुसपैठिए छीन रहे हैं। भाजपा सरकार बनते ही सभी घुसपैठिओं पर कार्रवाई करेंगे और बंगाल के लोगों का हक और उनके अधिकार सुरक्षित किए जाएंगे।

विकसित भारत और पूर्वी भारत का क्या कनेक्शन है?

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है और इसके लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दशकों तक पूर्वी भारत को नफरत की राजनीति ने जकड़ कर रखा, जिससे विकास रुक गया। पीएम मोदी ने दावा किया कि भाजपा ने पूर्वी राज्यों को इस राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि अगर पूर्वी राज्यों का भरोसा किसी एक पार्टी के साथ है, तो वह पार्टी भाजपा है।

मुख्य न्यायाधीश ने बाबा विश्वनाथ मंदिर में की प्रार्थना और गंगा आरती

वाराणसी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत दो दिवसीय दौरे के लिए शुक्रवार शाम को वाराणसी पहुंचे। शनिवार को मुख्य न्यायाधीश चंदौली सहित छह जिलों में जिला एवं सत्र न्यायालय भवनों के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, पत्नी सविता वशिष्ठ और कई अन्य न्यायाधीशों के साथ दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा आयोजित दैनिक गंगा आरती में शामिल हुए और एक क्रूज से समारोह का अवलोकन किया।

सदन में आतिशी की टिप्पणी वाले वीडियो से नहीं हुई कोई छेड़छाड़: विजेंद्र

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्ष की नेता आतिशी के सिख गुरुओं का अपमान करने वाले कथित टिप्पणी से जुड़े वीडियो की सच्चाई पर फोरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट में क्लिप को सही और बिना किसी छेड़छाड़ के बताया गया है।

न्यायपालिका का सशक्त होना जरूरी : सीएम योगी

चंदौली(वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हमारी न्यायपालिका उतनी ही सशक्त हो। आम आदमी को सरलता और सहजता के साथ न्याय प्राप्त हो, इसके लिए उतना ही उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर भी आवश्यक है। सरकार के पास न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कोई भी कार्य आते हैं तो व्यवस्था में कोई देर नहीं लगती। उन्होंने कहा, 'मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले चरण में छह जनपदों के लिए धनराशि भेज दी है। डिजाइन स्वीकृत हो चुका है तथा सभी औपचारिकताएँ पूरी हो चुकी हैं।

बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की पीट-पीट कर हत्या

■ **कर्मचारी को बचाने पर मारा, तीन आरोपी हिरासत में**

■ **एक महीने में 8वें हिंदू की हत्या**

ढाका/ए.। बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

मामूली बात को लेकर विवाद

पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मसूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। कुछ देर बाद मसूम मिया के माता-पिता, मोहम्मद स्वपन मिया (55) और मजीदा खातून (45) मौके पर पहुंचे और झगड़े में शामिल हो गए। जब दुकान मालिक लिटन चंद्र घोष ने बीच-बचाव कर अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश की।

यूपी में कोहरे में 40 गाड़ियां टकराईं, 7 की मौत

श्रीनगर में पारा -4डिग्री पहुंचा; हिमाचल में 25 टूरिस्ट बर्फबारी में फंसे, रेस्क्यू

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए। राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर में भयंकर सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। आज इसका 28वां दिन है। कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई।

श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0डिग्री सेल्सीयस रहा, शोपियां -5.6डिग्री सेल्सीयस रहा। इनके अलावा पहलगाम -2.6डिग्री सेल्सीयस, गुलमर्ग -4.2डिग्री, सोनमर्ग -2.9डिग्री सेल्सीयस रहा।

रूम हीटर से लगी आग, जिंदा जला बुजुर्ग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के टाटीबंध इलाके में एक बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत हो गई। 70 वर्षीय राजकुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते थे। शनिवार सुबह उनका बेटा घर का ताला लगाकर उरला स्थित रोलिंग मिल में काम करने गया था। घर के अंदर बुजुर्ग अकेले थे और ठंड के कारण रूम हीटर चालू था। थोड़ी ही देर बाद सुबह 8 बजे मोहल्ले वालों ने घर में धुआं निकलते देखा। बुजुर्ग चिल्ला रहे थे, लेकिन घर का गेट बंद होने की वजह से कोई उनकी मदद नहीं कर पाया और वे जिंदा जल गए। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

बेटा घर में ताला लगाकर काम पर निकला: टाटीबंद इलाके में राजकुमार गुप्ता का घर है। उनका बेटा जितेंद्र गुप्ता उरला स्थित रोलिंग मिल में काम करता है। शनिवार (17 जनवरी) ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

चाह कर भी कोई मदद नहीं कर सका

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि बुजुर्ग मदद के लिए चीखते रहे, लेकिन समय रहते कोई उन्हें बचा नहीं सका। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने को लेकर आक्रोश भी दिखाया।

सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग की धमकी: '10 करोड़ दो वरना...,

नई दिल्ली/ए.। पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर गायक बी प्राक को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से जान से मारने की धमकी मिली है। गैंग ने सिंगर से 10 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रंगदारी की मांग की है। धमकी भरे संदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि मांग पूरी नहीं की गई, तो उनका अंजाम भी बुरा होगा। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद मुंबई से लेकर पंजाब तक की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं।

गरमा-गरमा

पुलिस-नक्सल मुठभेड़

दो बड़े नक्सलियों को मार गिराया, दो एके-47 बरामद

बीजापुर नेशनल पार्क में बड़ी मुठभेड़, डीआरजी ने पापा राव को घेरा

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच शनिवार सुबह से ही भारी मुठभेड़ जारी है। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसके बाद उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी। अब तक दो नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बीजापुर के नेशनल पार्ज मुठभेड़ में नक्सलियों की नेशनल पार्क एरिया कमेटी का चीफ दिलिप बेडज़ा के भी मारे जाने की खबर है। दिलिप बेडज़ा के साथ एक अन्य नक्सली का भी शव बरामद किया गया है। मौके पर नक्सल संगठन का बड़ा चेहरा पापाराव की मौजूदगी की भी खबर है।

पूरे इलाके को डीआरजी ने घेरा: मिली जानकारी के मुताबिक, पूरे इलाके को डीआरजी ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार: सीएम साय

बीजापुर के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के दुर्गम जंगल-पहाड़ी इलाकों में डीआरजी, कोबरा और एसटीएफ के साहसी जवानों ने सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए एक महिला नक्सली सहित 04 हार्डकोर माओवादियों को न्यूट्रलाइज़ किया है। हमारी सरकार का संदेश स्पष्ट है- हिंसा छोड़िए, विकास की मुख्यधारा से जुड़िए। ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

महाराष्ट्र-29 नगर निगमों में 17 पर अकेले भाजपा का कब्जा

■ **शिंदे ने पार्षदों को होटल बुलाया; सीएम की मीटिंग में नहीं गए शिंदे-अजित पवार**

मुंबई। महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में बीजेपी ने एकतरफा जीत दर्ज की। कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर अकेले भाजपा का कब्जा हो गया है। यानी इन निगमों में मेयर बनाने जा रही है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत दर्ज हुई है। सूत्रों ने बताया कि शिंदे गुट और अजीत पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम हार से काफी नाराज हैं।

शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। शिंदे गुट के पार्षदों को बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल पहुंचने का आदेश दिया गया है। फडणवीस ने कहा, मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ में 6 पैसेंजर ट्रेनें 2 दिन कैंसिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर रेल मंडल में ब्रिज मरम्मत के चलते रेलवे में 2 दिन ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस काम के चलते छत्तीसगढ़ की 6 पैसेंजर ट्रेनों को कैंसिल किया गया है। 17 और 18 जनवरी को बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर और बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन दो दिन नहीं चलेंगी। इसके चलते रोजाना ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। बिलासपुर रेल मंडल के कोटमीसोनार-जयरामनगर सेक्शन के बीच ट्रैफिक ब्लॉक लेकर मेंटेनेंस वर्क किया जाएगा। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। आज और कल इन दो दिनों में 6 पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि अन्य ट्रेनें अपनी रफ्तार कम रखकर ही गुजरेंगी। दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल की तर्ज पर रायपुर रेल मंडल में भी स्लीपर क्लास के यात्रियों को चादर और तकिये (बेडरोल) देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए चेन्नई मंडल के अधिकारियों के साथ आइडिएशन और प्लानिंग पर चर्चा चल रही है।

किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले गया था हैदराबाद, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पड़ोसी जिले में निवास करने वाला एक युवक ने एक नाबालिक किशोरी को झांसे में लेकर बहला फुसलाकर अपने साथ हैदराबाद ले गया था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीकृत कर पतासाजी में जुट गई है। पुलिस की टीम ने हैदराबाद में दबिश देकर किशोरी को बरामद कर उसे भागकर अपने साथ ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मानिकपुर चौकी क्षेत्र में अंतर्गत एक नाबालिक किशोरी को विगत दिनों अरमान अली नैला निवासी बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस के मामले अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई थी। इस बीच पुलिस को पता चला कि पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के नैला निवासी अरमान अली ने किशोरी को अपने साथ हैदराबाद भगाकर ले गया है। सूचना पाते ही मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर व उनकी टीम ने किशोरी को बरामद करने के लिए हैदराबाद में दबिश दी जहां किशोरी को अरमान अली के कब्जे से बरामद कर लिया गया। जब किशोरी का बयान दर्ज किया गया तब पुलिस को पता चला कि अरमान अली ने किशोरी के साथ अनाचार की घटना को अंजाम दिया है जिसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अरमान अली को गिरफ्तार करने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

रेलवे लाइन से लाखों का सामान पार अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

रायगढ़/नवप्रदेश। धरमजयगढ़ इलाके में रेलवे लाइन में लगे तार, फिटिंग का सामान और कांटाघर में रखा सामान अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना के बाद जब चोरों का कोई सुराग नहीं मिला तो इसकी सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार नरेशदास महंत 29 वर्ष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि प्रेमनगर धरमजयगढ़ में सेंट्रल ईस्ट रेलवे लिमिटेड द्वारा रेलवे लाइन पर खंभे लगाए गए हैं, जिनमें तार बिछाए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए लगी एजेंसी में वह सिक्योरिटी सुपरवाइजर के रूप में काम करता है। 1 जनवरी को जब वह ड्यूटी पर पहुंचा तो उसने देखा कि रेलवे लाइन के खंभा नंबर 60/4 से 60/7 तक तार गायब थे। साथ ही खंभों में लगे ओएचई वायर और अन्य फिटिंग सामग्री भी नहीं थी। चोरी हुए सामान की कीमत करीब 2 लाख 57 हजार 356 रुपए बताई गई है। इसके बाद उसने इसकी जानकारी अपनी एजेंसी के अधिकारियों को दी। पहले अपने स्तर पर आरोपी की तलाश की गई, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो मामले की सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं नारायण प्रसाद डनसेना 30 वर्ष ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि प्रेमनगर धरमजयगढ़ में सेंट्रल ईस्ट रेलवे के रेलवे स्टेशन स्थित कांटाघर में वह सिक्योरिटी का काम करता है।

वाहन से कुचलने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

कोरिया /नवप्रदेश। कोरियब जिले के रनई गांव में 15 वर्षीय नाबालिग रितेश सिंह की मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह घटना 4 जनवरी 2026 की रात करीब 8 से 9:30

बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, रितेश सिंह (पिता–श्यामलाल) अपने जन्मदिन के अवसर पर दोस्तों के साथ बैकुंठपुर स्थित झुमका डेम गया था, जहां पार्टी के दौरान सभी दोस्तों ने शराब का सेवन किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि पटना पहुंचने के बाद आरोपी विद्याचंद्र साहू ने दोबारा शराब खरीदी और पी। इसी दौरान मृतक ने आरोपी का मोबाइल फोन उठाकर उसके पिता को यह जानकारी दे दी कि वह पटना में है, जिससे आरोपी नाराज हो गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद रितेश पैदल अपने घर की ओर निकल गया। आरोप है कि आरोपी विद्याचंद्र साहू ने जानबूझकर वाहन को बाईं ओर मोड़ते हुए रितेश को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से आगे बढ़ गया। अन्य दोस्तों ने घायल रितेश को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद चारों दोस्त अस्पताल में शव छोड़कर फरार हो गए। एसडीपीओ राजेश साहू द्वारा अन्य दोस्तों से की गई सघन पूछताछ के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में एसटी-एससी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

जादू कला विज्ञान और तकनीकी पर आधारित: ओपी शर्मा जूनियर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में इन दिनों 11 जनवरी से रंग मंदिर में जादूगर जूनियर ओपी शर्मा का प्रतिदिन दो बजे एवं सात बजे जादू का शो चल रहा है। शनिवार एवं रविवार को तीन शो एक बजे चारबजे एवं सात बजे किया जा रहा है। सुबह दस बजे स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए शो किया जा रहा है। जादू कला विज्ञान एवं तकनीकी पर आधारित है। यह मनोरंजन का स्वस्थ साधन है। अंध विश्वास एवं कुरुतियों को दूर करने में जादू कला का विशेष योगदान है। उक्त बातें प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित रूबरू कार्यक्रम में जादूगर ओपी शर्मा जूनियर ने कही। उन्होंने कहा कि स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जादू कला को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। जादू कला के माध्यम से गत तीस वर्षों में उन्होंने 42 हजार 200 शो किये हैं। रायपुर में उनका पांचवीं बार जादू कला का प्रदर्शन हो रहा है। प्रेस क्लब रायपुर के लिए भी पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा।

बतौली पुलिस लगातार गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ कर रही कार्रवाई

वाहन खराब होने पर गौ तस्करी का हुआ खुलासा, वंश से भरे पिकअप पकड़ाया

बतौली/सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के बतौली पुलिस में लगातार गौ तस्करी करने वालों के खिलाफकार्रवाई कर रही है। इसके बावजूद तस्कर सरगुजा से भारी मात्रा में गौवंश को झारखंड बूचड़ कारखाना ले जा रहे थे। इसी दौरान पिकअप वाहन ग्राम बोदा के पास खराब हो गया। वहीं ने ग्रामीणों पिकअप वाहन में 13 गाय, बैल को ठूस -ठूस कर देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने पकड़ बतौली पुलिस को सौंप दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, बतौली में गौ वंश की तस्करी करते लगातार वाहन पकड़ाए जा रहे है। इसके बावजूद सरगुजा से भारी मात्रा में गौ वंश तस्करों द्वारा झारखंड के बुचड़ कारखाना ले जा रहे थे। पुलिस गिरफ्त से बाहर तस्करों द्वारा बेखौफहोकर पिकअप वाहन में ठुस-ठुस कर पशु क्रूरता अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शनिवार को बतौली बगीचा राजकीय मार्ग में ग्राम बोदा में सुबह 5 बजे पिकअप वाहन क्रमांक जे एच 0 1 एफ वाई 8400 के पिछला चक्का का स्टेट टूट गया, जिसे बनवाने पिकअप वाहन के मालिक ने बतौली के मिस्त्री को वाहन ठीक करने मोबाइल नंबर 9102615312 से काल कर ठीक करने कहा गया।

वाहन चलाक फरार

वहीं मिस्त्री द्वारा वाहन ठीक करने पहुंचा तो पता चला कि, वाहन में 13 गाय, बैलों को ठुसकर भरा गया है। इसकी भनक जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो वाहन इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोपी तस्करों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इसके पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा एक पिकअप वाहन पकड़ थाने सुपुर्द की गई थी लेकिन आरोपी तस्करों का अब तक पता चल नहीं सका है।

मैदानी इलाकों में रायपुर सबसे ठंडा, 14 जिलों में चलेगी शीतलहर

सर्द हवाओं से ठिठुरन, 5 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

रायपुर/नवप्रदेश। दो दिन राहत के बाद छत्तीसगढ़ में फिर से ठंड बढ़ गई है। उत्तरी हिस्से में ठंड का असर ज्यादा है। अंबिकापुर में रात तापमान 3.9 डिग्री पहुंच गया है। वहीं मैदानी इलाकों में रायपुर सबसे ठंडा है। माना इलाके में रात का तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा दुर्ग में 9.2 डिग्री, पेंड्रा में 9.4 डिग्री, बिलासपुर में 9.6 डिग्री टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया।

इस बीच मौसम विभाग ने आज (17 जनवरी) उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने की उम्मीद है। ठंड का असर धीरे-धीरे कम होगा और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

सिनोप्टिक सिस्टम के बढ़ाई ठंड: पिछले दिनों वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ी थी। ये पश्चिमी विक्षोभ हिमालय और उत्तर भारत से ठंडी हवाओं को नीचे की ओर धकेलता है। वहीं तेज जेट स्ट्रीम इन हवाओं को तेजी से मध्य भारत की तरफ आगे बढ़ा देती है, नतीजा यह होता है कि उत्तर भारत की ठंड छत्तीसगढ़ तक पहुंचने लगती है। इसी वजह से रात का तापमान तेजी से गिरता है।

सुबह-शाम ठंड ज्यादा महसूस होती है, कुछ इलाकों में शीतलहर की स्थिति बन जाती है। उदाहरण के साथ समझाया जाए तो मान लीजिए जैसे फ्रिज का दरवाजा खुला रह जाए और पंखा चलने लगे तो ठंडी हवा दूर तक फैल जाती है।

बच्चों पर पड़ रहा ठंड का असर

कड़ाके की ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा है। बीते एक महीने में रायपुर के अंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में हाइपोथर्मिया के 400 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों के मुताबिक, बच्चों का शरीर वयस्कों की तुलना में जल्दी ठंडा होता है। नवजातों की मांसपेशियां कम विकसित होती हैं, जिससे वे ठंड सहन नहीं कर पाते। वहीं, सीजेरियन डिलीवरी से जन्मे शिशुओं में हाइपोथर्मिया का खतरा और बढ़ जाता है।

गांव लौटने पर मारे जाने का डर

नक्सल पीड़ित परिवारों के मकानों पर चला बुलडोजर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के नया बस स्टैंड के पीछे चट्टानपारा इलाके में शुक्रवार को पालिका बुलडोजर चला। इसने 55 मकान ढहा दिए। इनमें कुछ नक्सलियों के खात्मे में पुलिस की मदद करने वाले डीआरजी जवानों, तो कई नक्सल पीड़ित परिवारों के मकान हैं। ये लोग अपनी और परिवार की जान बचाने के लिए सालों पहले अपना गांव छोड़कर यहां आ गए थे।

अब छत के नाम पर खुला आसमान और सोने के लिए जमीन है। विस्थापन का इंतजाम न होने से रहने का दूसरा और ठौर नहीं रहा। अभी गांव वापस नहीं लौट सकते क्योंकि नक्सलियों के हाथों मारे जाने का डर है। कुल मिलाकर पालिका की कार्रवाई ने इन परिवारों का सुख-चैन छीन लिया है। बता दें कि कार्रवाई के तहत पालिका ने 55 मकानों को तोड़ा है। शांतिनगर में भी 20 मकानों के खिलाफकार्रवाई की बात कही जा रही है। इस कार्रवाई में डीआरजी जवानों के मकान भी तोड़े गए हैं। बताते हैं कि नया बस स्टैंड के पीछे के इलाके में अधिकांश परिवार बीते कुछ सालों से रह रहे थे। प्रशासन और नगर पालिका ने उन्हें नोटिस भी जारी किया, लेकिन अतिक्रमण खाली नहीं हुआ।

दूसरी ओर प्रभावितों का कहना है कि मजबूरी में अपना गांव छोड़कर यहां गुजर-बसर को मजबूर हैं। अगर अब शासन-प्रशासन भी उनकी नहीं सुनेगा, तो वे कहां जाएंगे। इस कार्रवाई ने उन्हें रोड़ पर ला दिया है। पुष्पा गटपल्ली के पति डीआरजी में बतौर जवान पदस्थ हैं। वह घर पर थीं और उनके पति एंटी नक्सल ऑपरेशन पर गए हुए हैं, जो तीन दिन बाद लौटेंगे। पति के ऑपरेशन में जाने के कारण वे अपने 3 बच्चों को लेकर अपने घर पर रह रही थी। अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के लिए प्रशासन ने दो जगहों पर 75 अवैध मकानों की सूची तैयार की है। पहले में जहां न्यू बस स्टैंड के 55 मकानों को जमींदोज किया, वहीं दूसरे में शांतिनगर के 20 मकानों पर प्रशासन का मशीनी पंजा चलेगा।

विभाग में नहीं है रेग्युलर कर्मचारी, उधार के पुलिस अधिकारियों के बदौलत चल रहा खुफिया विभाग

- **ईओडब्लयू में भी स्थायी अधिकारियों की कमी खल रही**
- **सरकार को सामाजिक संगठनों और अन्य गतिविधियों की जानकारी नहीं मिल पा रही**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खुफिया विभाग कहे जाने वाले एलआईबी का नेटवर्क अब उधार में चल रहा है। सरकार का महत्वपूर्ण विभाग जो कि राजनीतिक सामाजिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी देता है अब विभाग में रेग्युलर भर्तियां किया जाना चाहिए ताकि सिस्टम मजबूत हो सके।

प्रदेश में इस समय मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ पृथक होने के बाद काफी हाऊस सामाजिक संगठनों और अखबार के तफ्तरों में एमआईबी वाले महत्वपूर्ण सूचनाएं इकठ्ठा किया करते थे लेकिन छत्तीसगढ़ बनने के बाद यह तंत्र कमजोर होता चला गया। यह विभाग उधार के पुलिस अधिकारियों के बदौलत चल रहा है। इस विभाग की कमान मुकेश गुप्ता, बीएम अवस्थी, अशोक जुनेजा और अब अमित अग्रवाल संभाल रहे हैं। ये अधिकारी प्रतिनिधिक्ति वर आते हैं जिसके चलते यहां पर सिस्टम मजबूत नहीं हो पाता। राज्य में ईओडब्ल्यू कहे जाने वाले आर्थिक अपराधा शाखा का भी यही हाल है। यहां पर भी प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी आते हैं और चले जाते हैं। जिसके कारण यहां पर कोई भी कार्यवाही पूरी नहीं हो पती है। अब यहां पर स्थाई रूप से अधिकारियों की नियुक्ति की मांग की जा रही है।

कर्णेश्वर मेला महोत्सव: ट्रस्ट की बैठक में तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

- **1 फरवरी से होगा शुभारंभ, 21 जनवरी को बाजार की नीलामी**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी क्षेत्र में हर वर्ष आयोजित होने वाला ऐतिहासिक कर्णेश्वर मेला महोत्सव इस बार और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। 1 से 5 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की अहम बैठक हुई, जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं पर सहमति बनी और जिम्मेदारियाँ

तय की गईं। कर्णेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में मेला महोत्सव के कार्यक्रमों का विस्तृत खाका तैयार किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष मेले को नई साज-सज्जा, मीना बाजार और क्राफ्ट बाजार के साथ और भी आकर्षक बनाया जाएगा। नवनिर्मित भक्त माता कर्मा मंदिर और हनुमान मंदिर में 30 और 31 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

30 जनवरी– प्रातः 9 बजे कलश यात्रा, पंचांग पूजन, वेदी पूजन, अन्नाधिवास

31 जनवरी– कलश स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं पूर्णाहुति मंदिर का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में कराया गया है। जबकि माता कर्मा की मूर्ति गिरधारी लाल साहू साकरा और उनके परिवार द्वारा प्रदत्त की गई है।

संग्रहण केंद्र से लगभग 17 करोड़ का 53,639 क्विंटल धान गायब, प्रभारी को हटाया

बेमेतरा के लेंजवारा धान संग्रहण केन्द्र में करोड़ों का धान घोटाला

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक बार फिर धान घोटाले का बड़ा मामला उजागर हुआ है। सरदा लेंजवारा धान संग्रहण केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान भारी गड़बड़ी सामने आई, जिसमें लाखों क्विंटल धान गायब पाया गया। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए केंद्र प्रभारी को हटा दिया है।

सत्यापन में उजागर हुआ करोड़ों का धान घोटाला: खाद्य विभाग की टीम द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में पाया गया कि संग्रहण केंद्र पर 2024-25 का कुल 65,287 क्विंटल धान डंप होना चाहिए था। लेकिन मौके पर मात्र 11,648 क्विंटल धान मिला। इस तरह 53,639 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 16.62 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

केंद्र प्रभारी नीतीश पाठक को तत्काल हटाया गया

जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होते ही प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए धान संग्रहण केंद्र प्रभारी नीतीश पाठक को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है।

कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट

खाद्य विभाग, सहकारिता, मंडी और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और विस्तृत जांच की। टीम ने घोटाले की पुष्टि करते हुए पूरा प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को सौंप दिया है।

जिला प्रशासन में मचा हड़कंप

इतने बड़े पैमाने पर धान के गायब होने से जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। अधिकारी अब यह जानने में जुटे हैं कि धान कहाँ गया और इसमें किन–किन की संलिप्तता है।

खाद्य अधिकारी ने दी जानकारी

खाद्य अधिकारी ओंकार सिंह ठाकुर ने बताया कि रिकॉर्ड और वास्तविक धान में भारी अंतर पाया गया है। उन्होंने पुष्टि की कि 53,639 क्विंटल धान गायब है, जिसकी कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये तक पहुँचती है।

दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर, रविवार, 18 जनवरी 2026 | कृष्ण पक्ष- अमावस्या, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 269 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नगर पंचायत भटगांव के विकास के लिए एक करोड़ रुपए की घोषणा

कर्मा पर्व प्रकृति से जुड़ाव और सामूहिक आनंद का उत्सव : मुख्यमंत्री साय

■ कर्मा महोत्सव में लोक कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मा महोत्सव को छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन लोक पर्वों को सहेजने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

कर्मा पर्व प्रकृति से जुड़ाव, आपसी भाईचारा और सामूहिक आनंद का उत्सव है। उक्त आशय के विचार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सूरजपुर जिले के चुनगुड़ी में आयोजित कर्मा महोत्सव में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 172.51 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी।

उन्होंने चुनगुड़ी के स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने तथा नगर पंचायत भटगांव के विकास हेतु एक करोड़ रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े और सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने भी सम्बोधित किया।

परंपरा, संस्कृति और उल्लास से परिपूर्ण कर्मा महोत्सव में मांदर की थाप और घुंघरुओं की झंकार के बीच पूरा क्षेत्र कर्मा नृत्य की लय में थिरक उठा। सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ जिलों से आए 33 कर्मा दलों के लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में कर्मा नृत्य प्रस्तुत कर सबको लोक संस्कृति के रंगों से भर दिया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगायी गई प्रदर्शनी के स्टॉलों का निरीक्षण कर नाव-जाल एवं आइस बॉक्स, आयुष्मान कार्ड, छत्तीसगढ़ महिला कोष से ऋण वितरण और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित छह रेडी-टू-ईट ईकाइयों का शुभारंभ किया और पोषण वितरण कार्य से जुड़ी महिलाओं को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इसके अलावा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा क्लेम तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खुशियों की चाबी प्रदान की।

कार्यक्रम में विधायक भूलन सिंह मरावी, वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, उपाध्यक्ष रेखा राजलाल रजवाड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में ग्रामीण कौशल प्रशिक्षण व प्राथमिकता क्षेत्र के लोन पर जोर

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना पर करें फोकस : विकास शील

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकास शील ने आज राज्य के 5 जिलों में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण युवाओं को कौशल-आधारित एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्राप्त होगा तथा वे विकास प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भागीदारी कर सकेंगे। उन्होंने बैंकों से प्राथमिकता क्षेत्र ऋण एवं शासकीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रवाह बढ़ाने का भी आह्वान किया, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर एवं पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

मुख्य सचिव नवा रायपुर स्थित महानदी भवन में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य में बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई तथा वित्तीय समावेशन को सुदृढ़

करने एवं ऋण वितरण व्यवस्था में सुधार हेतु विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में मनोज कुमार, महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्रीमती निहारिका बारीक सिंह, प्रमुख सचिव, रीनी अजीथ, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, शीतांशु शेखर, महाप्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), अंकित आनंद, सचिव, रजत कुमार, सचिव, प्रभात मल्लिक, सचिव, शीतल शाश्वत वर्मा, निदेशक (संस्थागत वित्त), चंदन कुमार, विशेष सचिव, राकेश कुमार सिन्हा, उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, सहित छत्तीसगढ़ शासन के अन्य सचिव, विभागाध्यक्ष, विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्य के 33 जिलों के अग्रणी बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने देश के आर्थिक विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने बैंकों से समग्र वित्तीय समावेशन की दिशा में निरंतर प्रयास करने, विशेष रूप से सुदूर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैंकिंग पहुंच एवं वित्तीय अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए राज्य शासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य बैंकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की तथा शासकीय प्रायोजित ऋण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर एवं परिणामोन्मुख प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक का समापन श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, निदेशक (संस्थागत वित्त) द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने मुख्य सचिव एवं सभी उपस्थित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बैठक के सफल आयोजन के लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एवं इसके संयोजक भारतीय स्टेट बैंक के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

चिंगरी नाला सफाई अभियान तेज, अपर आयुक्त ने किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व केबिनेट मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम रायपुर द्वारा जोन-8 अंतर्गत चिंगरी नाला की सघन सफाई का कार्य लगातार जारी है। नाला सफाई कार्य में पोकलेन मशीनों को लगाया गया है और प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि खारून नदी में गंदा पानी ओवरफ्लो न हो और समस्त जल सीधे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचे। आज नगर निगम अपर आयुक्त (स्वास्थ्य) विनोद पाण्डेय ने चिंगरी नाला में चल रहे सफाई अभियान का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान जोनङ्क8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, सहायक अभियंता एवं नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

25.27 ग्राम हेरोईन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। थाना आमानाका पुलिस ने विशेष अभियान 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए राकेश कुमार एवं हरभजन सिंह को प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) 25.27 ग्राम के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 2 लाख 67 हजार 700 रुपये आंकी गई है। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के

दिशा-निर्देश में नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रायपुर पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस को मिली थी मुखबिर से सूचना

इसी तारतम्य में दिनांक 16 जनवरी 2026 को थाना आमानाका पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नया बायपास, बिलासपुर रोड, वीर सिंह चाय ठेला के पास, टाटीबंध क्षेत्र में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक छत्त-25-रु-6891 के साथ खड़े होकर अपने पास रखे अवैध मादक पदार्थ हेरोईन (चिट्टा) की बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी आमानाका के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर सुनियोजित ढंग से घेराबंदी की गई और दोनों आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी राकेश कुमार के कब्जे से 15.32 ग्राम एवं आरोपी हरभजन सिंह के कब्जे से 9.95 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) बरामद किया गया।

मासूम का बचपन छीनने वालों पर सख्ती, अवैध निर्माण पर नोटिस चस्पा

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य और अमानवीय घटना ने पूरे रायपुर को झकझोर कर रख दिया है। इस गंभीर मामले में नगर निगम और प्रशासन ने ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही महापौर मीनल चौबे स्वयं मौके पर पहुँचीं और आरोपी अब्दुल अंसारी की दुकान व मकान पर अवैध निर्माण के विरुद्ध नगर निगम का नोटिस चस्पा कराया। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आरोपी से जुड़े सभी अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर और निष्कर्षात्मक कार्रवाई तत्काल की जाए। महापौर ने दो टूक शब्दों में कहा कि ÷मासूम बच्चियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ऐसे दरिंदों के लिए न समाज में जगह है और न ही कानून में कोई रहम।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु फोर्टिफाइड राइस कर्नेल व्यवस्था की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत फोर्टिफाइड राइस कर्नेल की समयबद्ध एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभाकक्ष रायपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एफआरके निर्माताओं एवं छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में खाद्य सचिव रीना कंगाले द्वारा एफआरके निर्माताओं को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग,

भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप एफआरके बैच तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं कस्टम मिलिंग के अंतर्गत चावल उपार्जन हेतु आवश्यक एफआरके की व्यवस्था निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में मार्कफेड को निर्देशित किया गया कि एफआरके निर्माताओं से तैयार किए जा रहे एफआरके बैच की दैनिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की जाए। साथ ही एफआरके निर्माताओं को Force Portal में तैयार स्त्रऋ बैच का विवरण नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

एसईसीएल का पहला 'चिंतन शिविर'

आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप भावी रणनीतिक रोडमैप तय

रायपुर/नवप्रदेश। ऊर्जा सुरक्षा, संस्थागत सुधार और दीर्घकालिक रणनीतिक दिशा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सहायक कंपनी, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने बिलासपुर स्थित अपने मुख्यालय में पहली बार 'चिंतन शिविर' का आयोजन किया।

यह नेतृत्व आधारित मंथन आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप संगठन के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक संरचित और सहभागी प्रयास के रूप में उभरा। यह 'चिंतन शिविर' हाल ही में नई दिल्ली में कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर की पृष्ठभूमि में परिकल्पित किया गया था और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय

ऊर्जा प्राथमिकताओं के अनुरूप एसईसीएल की रणनीति को सुदृढ़ करना रहा। एसईसीएल में इस प्रक्रिया की शुरुआत परिचालन क्षेत्रों में आंतरिक चिंतन शिविरों से हुई, जो बाद में मुख्यालय स्तर पर समेकित मंथन में परिणत हुई, जिससे व्यापक सहभागिता और समग्र समीक्षा सुनिश्चित हो सकी। चिंतन शिविर का नेतृत्व साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरिश दुहन ने किया। इसमें कार्यात्मक निदेशकों, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित मुख्यालय और सभी परिचालन क्षेत्रों के लगभग 200 अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष तथा कार्यकारी ग्रेडङ्क5 (ई-5) स्तर तक के बड़ी संख्या में युवा अधिकारी शामिल थे, जो संगठन की भावी नेतृत्व क्षमता पर विशेष फोकस को दर्शाता है।

अपने संबोधन में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने कहा कि एसईसीएल को एक बार फिर देश की अग्रणी कोयला कंपनी बनने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सुधार केवल नीतिगत इरादों तक सीमित न रहें, बल्कि दैनिक कार्य संस्कृति और निर्णय प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनें। दीर्घकालिक दृष्टि को रेखांकित करते हुए उन्होंने विविधीकरण, औद्योगिक सहभागिता और नेट-जीरो रोडमैप में अग्रणी बने रहने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा विज़न 2030 और विज़न 2047 को मार्गदर्शक ढांचे के रूप में अपनाने का आह्वान किया। युवा अधिकारियों को संगठन की भविष्य की रीढ़ बताते हुए उन्होंने एसईसीएल को भविष्य के लिए तैयार संस्था में रूपांतरित करने में उनकी अग्रणी भूमिका पर विश्वास जताया।

धोखाधड़ी... 22 हेक्टेयर बंधक जमीन का सौदा करके रुपए वसूले, 13 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

11.51 करोड़ के फ्रॉड में उद्योगपति पिता और दो पुत्र गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने 22 हेक्टेयर बंधक जमीन का धोखाधड़ी की नीयत से सौदा करके 11.51 करोड़ रुपए वसूलने के आरोप में इंद्रावती कॉलोनी निवासी उद्योगपति नारायणप्रसाद टेकरीवाल एवं उसके दो पुत्रों पंकज व प्रीतम टेकरीवाल को गिरफ्तार किया है। मामले में समेत कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

रिपोर्ट संभव ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विकास गोयल पिता बृजलाल गोयल ने लिखाई है। आरोप है कि उरला स्थित हाईटेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नारायण प्रसाद टेकरीवाल, पंकज टेकरीवाल, लक्ष्मीचंद गुरवानी, विनोद बाजोरिया, राघवेन्द्र चंद्र सिन्हा, सेजल राठौर, शकुंतला देवी टेकरीवाल, रोहित कुमार, निशा अग्रवाल, नीना जैन, नीता मस्करा, प्रीतम टेकरीवाल तथा रायपुर सिक्योरिटीज एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड एवं प्रॉपर्टी ब्रोकर रोहित कुमार धृतलहरे और अन्य ने ग्राम नेवधा सिमगा जिला बलौदा बाजार में 22.347 हेक्टेयर जमीन को बेचने का सौदा किया। एडवांस के रूप में 11 करोड़ 51 लाख रुपए चेक व आरटीजीएस के माध्यम से हाईटेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड उरला के नाम से ट्रांसफर कराए गए।

सौदे में जमीन की गलत दी जानकारी, एनओसी भी नहीं: एफआईआर के मुताबिक अक्टूबर 25 में सौदे व भुगतान के बाद सर्च करने पर जमीन की बेसिक डिटेल ही गलत निकली। पता चला कि प्रॉपर्टी गिरवी है। मतलब विक्रेताओं को उक्त जमीन को बेचने का अधिकार ही नहीं था। वहीं जमीन बिक्री के लिए संबंधित बैंक से एनओसी भी नहीं दी गई। सौदे को रद्द करने पर रकम भी वापस नहीं की गई।

प्रॉपर्टी डीलर को भी बनाया गया आरोपी क्योंकि...

रिपोर्ट है कि आरोपियों में शामिल नारायण प्रसाद टेकरीवाल पिता नाथमाल राम टेकरीवाल, लक्ष्मीचंद गुरवानी पिता भरुमल गुरवानी, पंकज टेकरीवाल पिता नारायण प्रसाद टेकरीवाल, विनोद बाजोरिया, राघवेंद्र चंद्र सिन्हा, श्रीमती सेजल राठौड़ और श्रीमती शकुंतला देवी टेकरीवाल पिता मुरलीधर मेहरिया ने प्रॉपर्टी ब्रोकर रोहित कुमार घृतलहरे पिता भवसिंह घृतलहरे के जरिए विकास गोयल की कंपनी से संपर्क किया। इसी वजह से प्रॉपर्टी डीलर को भी आरोपी बनाया गया।

तीनों आरोपियों को भेजा गया जेल

"एफआईआर के बाद तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। उन्हें कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। ज्यादातर आरोपी एक ही परिवार के हैं।

नरेन्द्र साहू, टीआई, सरस्वती नगर थाना रायपुर

जरवाय में 9 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा भव्य 'अमृत उद्यान'

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही हरियाली और मनोरंजन की एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। अमृत मिशन फेजङ्क2 के अंतर्गत जरवाय क्षेत्र की 10 एकड़ शासकीय भूमि पर 9 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य और अत्याधुनिक 'अमृत उद्यान' का निर्माण किया जाएगा।पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत ने आज प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर भूमि चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, अधीक्षण अभियंता राजेश नायडू, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, तहसीलदार सौरभ कश्यप, जोनङ्क8 एवं राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित

रहे। विधायक मूणत ने कहा कि हीरापुर, जरवाय और अटारी क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकसित हुआ है। यहां पहले ही शासकीय आदर्श महाविद्यालय और आईटीआई जैसे शैक्षणिक संस्थान स्थापित हो चुके हैं। अब नागरिकों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त सार्वजनिक उद्यान की आवश्यकता थी, जिसे यह परियोजना पूरा करेगी।

बसंत पंचमी 2026 : प्रकृति के श्रृंगार और ज्ञान का पावन पर्व

भारत विविधताओं और त्योहारों का देश है, जहाँ हर ऋतु का स्वागत एक उत्सव के रूप में किया जाता है। इन्हीं उत्सवों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मनमोहक पर्व है– 'बसंत पंचमी'। हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला यह त्योहार कड़ाके की ठंड की विदाई और 'ऋतुराज बसंत' के स्वागत का प्रतीक है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, प्रेम, कला और विद्या के मिलन का एक अद्भुत संगम है। बसंत पंचमी का आगमन होते ही प्रकृति अपना पुराना चोला त्यागकर नव-श्रृंगार करती है। पेड़ों पर नई कोपलें आने लगती हैं, फूलों की खुशबू हवाओं में घुल जाती है और खेतों में सरसों की सुनहरी फसल लहलहाने लगती है। इस समय पूरी धरती ऐसी प्रतीत होती है मानो उसने पीले रंग की मखमली चादर ओढ़ ली हो। पीला रंग बसंत का मुख्य रंग है, जो शुद्धता, समृद्धि, प्रकाश और नई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं और घरों में पीले पकवान बनाए जाते हैं, जो प्रकृति के साथ हमारे गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं।

बसंत पंचमी भारत का एक ऐसा त्योहार है जो न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत महत्व रखता है। माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला यह पर्व कड़ाके की ठंड के बाद 'ऋतुराज बसंत' के आगमन का संदेश लेकर आता है।

वाणी का वरदान: माँ सरस्वती

सृष्टि के निर्माण के उस प्रारंभिक काल में, जब भगवान ब्रह्मा जी ने अपनी दिव्य शक्तियों का उपयोग कर इस विशाल ब्रह्मांड की संरचना की थी, तब उन्होंने सात लोक, अनेक ग्रह, नक्षत्र, घने वन, विशाल पर्वत और अथाह समुद्रों का सृजन तो कर दिया, किंतु अपनी इस विशाल रचना को निहारने के बाद भी उनके हृदय में एक गहरी रिक्तता और असंतोष व्याप्त था। उन्होंने देखा कि उनकी बनाई हुई यह सुंदर सृष्टि पूरी तरह मौन और निशब्द थी; वहाँ न तो कोई गीत था, न कोई संवाद और न ही ज्ञान की कोई चेतना। समस्त जीव-जंतु और मनुष्य केवल शरीर मात्र थे, जो बिना किसी बुद्धि या अभिव्यक्ति के एक यंत्र की भांति इस शांत पृथ्वी पर विचरण कर रहे थे।

चारों ओर पसरे इस भयानक सन्नाटे को देखकर ब्रह्मा जी को अपनी रचना अधूरी और नीरस प्रतीत होने लगी, उन्हें लगा कि यदि संसार में वाणी और ज्ञान नहीं होगा, तो जीवन का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। इस गहन उदासी और व्याकुलता के समाधान के लिए उन्होंने भगवान विष्णु की स्तुति की और उनकी अनुमति प्राप्त कर अपने कमंडल से पवित्र गंगाजल की कुछ बूंदें हवा में छिड़क दीं। जैसे ही जल की वे दिव्य बूंदें पृथ्वी की धूल से मिलीं, संपूर्ण आकाश एक अलौकिक श्वेत प्रकाश से जगमगा उठा और उस ज्योति के पुंज से एक परम सुंदरी देवी का प्राकट्य हुआ। वे देवी दूध जैसी सफेद साड़ी पहने हुई थीं, उनके मुख पर करोड़ों सूर्यों का तेज और चन्द्रमा जैसी शीतलता थी। उनके चार हाथों में अद्भुत दिव्य वस्तुएं थीं; दो हाथों से वे वीणा थामे हुए थीं, एक हाथ में वेदों की पुस्तक थी और एक हाथ में स्फटिक की माला सुशोभित थी। ब्रह्मा जी ने हाथ जोड़कर उन देवी का वंदन किया और उनसे प्रार्थना की कि वे अपनी वीणा के सुरों से इस मूक सृष्टि को जीवंत बना दें। माँ सरस्वती ने जैसे ही अपनी वीणा के तारों पर अपनी दिव्य उंगलियाँ फेरीं, वैसे ही संपूर्ण ब्रह्मांड में '?'कार की गूँज उठी। उस जादुई संगीत के स्पर्श मात्र से पूरी प्रकृति में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया; नदियों का जल कल-कल कर बहने लगा, वृक्षों के पत्तों में सरसराहट होने लगी और पक्षियों के कंठ से मधुर स्वर फूटने लगे। माँ सरस्वती ने न केवल संगीत दिया, बल्कि उन्होंने मनुष्य की सुप्त चेतना को जगाकर उसे तर्क, बुद्धि, विद्या और कला का अनुपम उपहार भी प्रदान किया। जिस समय यह अद्भुत घटना घटी, वह माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी का अत्यंत शुभ दिन था। माँ के आगमन की खुशी में पूरी धरती ने पीले फूलों का श्रृंगार किया, मानो प्रकृति ने स्वयं पीले वस्त्र पहनकर अपनी खुशी जाहिर की हो। सूरज की सुनहरी किरणों के बीच सरसों के पीले खेतों का लहलहाना माँ सरस्वती के प्रति प्रकृति की श्रद्धा का प्रतीक बन गया। तभी से हर वर्ष इस दिन को 'बसंत पंचमी' के रूप में एक महान उत्सव की तरह मनाया जाता है, जो हमें यह स्मरण कराता है कि ज्ञान ही वह एकमात्र प्रकाश है जो मनुष्य के भीतर के अंधकार को मिटाकर उसे श्रेष्ठ बना सकता है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानवीय बुद्धि, कलात्मकता और प्रकृति के नव-जीवन का एक शाश्वत उत्सव है।

विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि को वाणी और ज्ञान देने के लिए माँ सरस्वती को प्रकट किया था। इसीलिए बसंत पंचमी को माता सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन शिक्षण संस्थानों और घरों में माँ सरस्वती की पूजा की जाती है।

पीले रंग का सौंदर्य: बसंत पंचमी के दिन पीले रंग का विशेष महत्व होता है। पीला रंग शुद्धता, नई ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

प्राकृतिक छटा: खेतों में सरसों के पीले फूल खिलने लगते हैं, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो धरती ने 'पीली चुनर' ओढ़ ली हो।

पतंगबाजी और उल्लास: उत्तर भारत के कई राज्यों में इस दिन आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजे होते हैं। बच्चे और बड़े सभी छतों पर इकट्ठे होकर पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। यह खेल खुशी और नई उमंग का संचार करता है।

विद्यार्थी अपनी पुस्तकों और कलम की पूजा करते हैं : संगीत और कला से जुड़े लोग अपने वाद्य यंत्रों का पूजन कर माँ का आशीर्वाद लेते हैं।

नानूराम को राजकीय पुरस्कार

किशोर अग्रवाल

सरकारी डाक खाने का डाकिया बड़ी देर से गली गली घूम कर नानूराम का पता पूछ रहा था। उसने इतनी बार इतने लोगों से उसका पता पूछ लिया कि गांव में एक जलजला सा उठ आया कि आखिर हुआ क्या ? नानूराम जैसा फकीर सा गवैया किसलिए इतना पूछा जा रहा है ,वह भी सरकारी डाकिए के द्वारा ,जिसके अपने ही परिवार के लोग उसे दो टाइम खाने को नहीं पूछ रहे हैं ऐसे गुमनाम नानूराम से सरकार को क्या आ पड़ी?

दरअसल पिछले दिनों बकरी चराते हुए नानूराम किसी सरकारी चरागाह में मस्ती से पुराने दिनों को याद करता हुआ बांसुरी बजाता , कोई गीत गाता जा रहा था कि लुटियन दिल्ली से इस और घूमने आए हुए, क्षेत्रीय कलाकारों पर किताब लिखने के शौकीन, एक व्यक्ति की निगाह इस पर पड़ी और उसने जब जाना की 20 -25 साल पहले यह इस क्षेत्र का बड़ा लोकगीतकार हुआ करता था ,तो उसने इसे पुरस्कृत करने की सिफारिश राज्य सरकार से कर दी ।इस व्यक्ति का इतना बड़ा नाम था की राज्य सरकार को मजबूर होकर नानूराम को पुरस्कार देने की घोषणा करनी पड़ी । इसलिए डाकिया सरकार का वह पत्र नानूराम को देने के लिये उसे खोज रहा था । कल जिसका पता बहुत से लोगों को खोजना था वह अपने ही पैतृक गांव में लापता था ।उसकी खेती बाड़ी गांव वालों द्वारा हथिया ली गई थी । गांव के सरपंच और बाहुबलियों को उसके गीत संगीत से कोई लेना-देना नहीं था । उन्होंने उसकी बाड़ी बखरी झोपड़ी सब कुछ हथिया लिया था और वह अपनी एक अदद बांसुरी ,लाठी और पुराने कपड़ों के सहारे गांव में कहीं पड़ा रहता तथा गांव के ढोर डंगर चराया करता था । यही नानूराम आज गांव में चर्चा का केंद्र बन गया था। उसे पत्र भेजकर राज्य के मुखिया ने गणतंत्र दिवस पर राज्य में राजधानी में होने वाले समारोह में आकर पुरस्कार प्राप्त करने का निमंत्रण दिया था। नानूराम सम्मानित होने जा रहा था। 20-25 साल तक जिसकी स्थानीय लोगों ने कद्र नहीं की, घर वालों ने नहीं पूछा ,किसी आते जाते ने भी कभी उसके गीतों की कद्र नहीं की , एकाएक उसे सरकार का बुलावा आने पर लोगों ने सोचना शुरू किया कि नानूराम आखिर किस पॉलीटिकल पार्टी का सदस्य बन गया है ? क्योंकि बिना राजनीति किए तो बुढ़ापे की पेंशन और मुफ्त वाला अनाज भी नहीं मिलता तब नानूराम आखिर किस पार्टी से जुड़ गया है ? बड़ा शातिर है ,सामने तो बड़ा फकीर बनता है, भीतर ही भीतर राजनीति कर रहा है ।आने दो बदमाश को, इसकी यह सारी होशियारी निकालनी होगी ।नहीं तो गांव में इतने बड़े-बड़े मगरमच्छ बैठे हैं उनका तो कुछ हो नहीं रहा और इस बकरी के लेंड जैसे नानूराम को राजकीय पुरस्कार क्या यूं ही मिल गया। यह तो गांव का बैलेंस बिगाड़ देगा। किसी को कुछ पता नहीं और नानूराम को यह इनाम ? इस गांव में बिना पंच सरपंचों के पत्ता तक नहीं हिलता । तब यह अन्याय कैसे हो सकता है। गांव के कोटवार ने नानूराम को वह इनाम वाली चिट्ठी दी और कहा तुम्हारे तो बड़े मजे हैं अब सरकार तुमको जमीन, मवेशी और गांव की सरपंची सब कुछ देगी। तब हमें भूल ना जाना। नानूराम कुछ समझा नहीं। उसे अचानक यूं बैठे ठाले इस मुसीबत की उम्मीद ना थी। वह मजे में मांग मूंग कर किसी तरह अपना जीवन शांति पूर्वक बिता रहा था । उसने कागज सरपंच को दिखाया तब सरपंच ने हिकारत भरी नजरों से उसे देखकर कहा कि सरकार में तुम्हारी बड़ी पहुंच हो गई है, तब कागज भी सरकार से पढ़वा लो । वह परेशान होकर एक नव साक्षर की शरण में गया और उसे तब पता लगा कि गणतंत्र दिवस में उसे राजधानी पहुंचना है । यह तो बड़ा फजीता होने वाला है । गांधी बाबा जहां खड़े होते थे वहां जाना पड़ेगा और उसके पास न तो पहनने को ढंग का कपड़ा है ना ही सफर करने को खर्चा है। ना ठहरने का कोई ठिकाना ही है ।बड़ी मुसीबत आ पड़ी है ।जाना तो पड़ेगा ही। सरकार ने बुलाया है ,नहीं गया तो बांध कर ले जाएंगे ,जेल में डाल देंगे। नानूराम घबराने लगा ।वह सोच में पड़ गया कि वह क्या करें, किससे कपड़े मांगे ,किससे राजधानी तक का भाड़ा मांगे? थककर कोटवार से पूछा कि डाकिया निमंत्रण के साथ कुछ रूपए भी दे गया है क्या ? कोटवार ठठाकर हंसा बोला कि कभी सुना है कि कुत्ते को पत्तल में परोस कर खाना दिया गया है? भैया रोटी का टुकड़ा फेंक कर दिया जाता है ।जाओ तुम भी इसी तरह अपना इनाम ले आओ ।सरकार ने बड़े बड़ों की हवा निकाल दी वह भाड़ा भला क्या देगी ।कहीं से मांग लो तो सफर करो। नानूराम सरपंच के दरवाजे गया बोला कि सरपंच जी कुछ रकम का प्रबंध करो तो शहर से इनाम ले आऊं । सरपंच ने कहा हम तो नाम के ही सरपंच हैं भैया। असली सरपंची तो तुम्हारे हाथ लगी है ।हमसे किसी ने एक माला पहने को न कहा परंतु तुम्हें तो मुख्यमंत्री ने खुद बुलाया है। राजधानी तक जाने का प्रबंध भी वही कर देंगे ।नानूराम हताश भाव से अपने साथी सदाराम के पास गया और अपनी समस्या बताई सदाराम ने नानूराम के बदहाल कुर्ते की जगह अपनी धोती बंडी दी और कहा की पोखर पर सोडे से छांट लेना कुछ अच्छी लगेगी और साईकिल से राजधानी चले जाना ।बड़ी सुबह निकलोगे तो शाम तक पहुंच जाओगे और रात स्टेशन के प्लेटफार्म पर बिता कर सुबह इनाम लेने हाजिर हो जाना। क्यों जगह जगह चिरौरी करते घूम रहे हो ?नानूराम को बात समझ में आ गई ।वह इसी विधि से राजधानी पहुंचा ।वहां अपार जनसमूह देखकर घबरा गया । मंच के पीछे भीड़ में भी सौ बार धकियाने के बाद किसी तरह वह सैनिक को यह बताने में सफल हुआ कि वह सम्मानित होने यहां आया है और लगातार जुतियाया जा रहा है। सैनिक पर सरकार का पक्का रंग अभी नहीं चढ़ा था इसलिये उसने वह कागज पढ लिया और नानूराम को मंच के पास अतिथियों के बैठने की जगह पर ले गया । वहां उसे वहां कोई बैठने ना देता था । किसी तरह जगह पाने पर आजू बाजू के अतिथियों ने जितना बन सका खुद को सिकोड़ लिया । नानूराम उत्सुकता और कौतूहल से वहां बैठा रहा । साइकिल चलाने की थकान और रात्रि को निराहार रहने के कारण उसे कुछ सुझाई नहीं पड़ रहा था परंतु पुरस्कार मिलने की ललक में वह चुपचाप बैठा रहा । उसे लग रहा था सच है भगवान के घर देर है पर अंधेर नही। उसके भी दिन बहुर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बुलाया है तो कुछ तो हाथ लगेगा , कुछ रकम, या नही तो जमीन ही सही। वह पड़िया जमीन तोड़कर खेत बनाना खूब जानता है। बना लेगा , दो पैसे हो जाएंगे तो इस साल एक कंबल जरूर लेगा। ठंड काटना आसान हो जाएगा। हे बजरंग बली बलिहारी है आपकी जो मुझ पर इतनी कृपा करी । मंच पर नानूराम का नाम पुकारा गया ।एक सरकारी अधिकारी ने नानूराम के जन्म से लेकर उसके कृतित्व और उसके गीतों में छुपे छायावाद तथा कल्याणकारी संदेशों की बारीक व्याख्या की और जनता को यह बताने का प्रयास किया कि नानूराम जैसे संघर्षशील कलाकार को ढूंढकर सरकार उनकी कैसे कद्र करती है ।यह एक लोक कल्याणकारी सरकार है। नानूराम सोच रहा था कि उसकी जो जमीन मकान और बकरियां गांव के मुखियों ने हड़प ली है उसके बारे में भी कुछ कहा जाएगा । परंतु इसका जिक्र ना हुआ । फिर उससे मंच पर आने का आग्रह किया गया ।मंच पर उसे शॉल उढ़ाकर हाथ में एक मुड़ा हुआ कागज पकड़ाया गया और घनघोर तालियों के बीच नानूराम मंच से धीरे-धीरे उतर कर भीड़ में खो गया । गांव पहुंचने पर नानूराम को गांव के लोगों ने चारों तरफसे घेर लिया और उसे क्या क्या सरकारी खजाना सौंपा गया है यह देखने को सभी उत्सुक हो उठे। नानूराम के पास उसका भूखा पेट , थका हुआ शरीर ,एक सरकारी शॉल और इनाम में मिला हुआ गोल मुड़ा हुआ कागज भर थे , दिखाने को और कुछ नहीथा। और कोई चीज दिखानी बाकी ना थी । कोटवार ने पास आकर नानूराम को ध्यान से देखा , मुंह बिचकाकर बोला सरकारी सम्मान और घृणा से जमीन पर थूक दिया। ।नानूराम ने अपनी व्यथा कथा सबको सुनाई जो कई दिनों तक गांव के लोगों ने एक दूसरे को सुनाई। अब भी जब कभी सरकारी इनाम की बात आती है तो फिर से लोक कथा की तरह सुनाई जाती है।

बेटियां

सृष्टि का आधार और भविष्य की मुस्कान

उमा त्रिवेदी

एक समाज की उन्नति का वास्तविक पैमाना इस बात से मापा जाता है कि वह अपनी बेटियों के साथ कैसा व्यवहार करता है। 'बालिका दिवस' केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प है–बेटियों को समान अवसर,सुरक्षा और सम्मान देने का संकल्प। प्रगति की पहली सीढ़ी जिसे शिक्षा कहते हैं कहा जाता है कि जब आप एक लड़के को पढ़ाते हैं, तो सिर्फ एक व्यक्ति शिक्षित होता है लेकिन जब आप एक लड़की को पढ़ाते हैं, तो पूरा परिवार और आने वाली पीढ़ियां शिक्षित होती हैं। आज की बालिकाएं कल की डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और लीडर हैं। शिक्षा ही वह अस्त्र है जो उन्हें रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़ने और अपने सपनों को सच करने की शक्ति देता है। इसलिए चुनौतियां और सामाजिक बदलाव बहुत जरूरी है क्योंकि ?आज भी हमारे समाज में लिंगभेद, कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुरीतियां जड़ें जमाए हुए हैं। बालिका दिवस हमें याद दिलाता है कि हमें इन बाधाओं को जड़ से मिटाना है। सरकार द्वारा चलाए गए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने सकारात्मक बदलाव लाए हैं, लेकिन असली बदलाव हमारे नजरिए में आना जरूरी है। *हमें बेटियों को 'पराया धन' नहीं, बल्कि 'अपना गौरव' समझना होगा*।?आज की सफल बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहराने लगी है फिर चाहे खेल का मैदान हो या अंतरिक्ष की ऊंचाइयां,भारत की बेटियों ने हर जगह अपना लोहा मनवाया है। मिताली राज, पी.वी. सिंधु, कल्पना चावला और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जैसे व्यक्तित्व इस बात के प्रमाण हैं कि यदि अवसर दिया जाए, तो बेटियां आसमान छू सकती हैं। वे न केवल अपने परिवार का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अतः हमारा कर्तव्य है कि एक जिम्मेदार नागरिक बनकर बेटियों को लड़कों के समान पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें। उन्हें बिना किसी डर के बाहर निकलने और अपनी बात कहने का साहस दें। समाज में व्याप्त दहेज और भेदभाव जैसी बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाएं। अर्थात हम यह कह सकते हैं कि बेटियां घर की रौनक और समाज की शक्ति होती हैं। जिस दिन हम हर बेटी को सुरक्षित महसूस कराएंगे और उसके पंखों को उड़ने की पूरी आजादी देंगे, उसी दिन बालिका दिवस मनाना वास्तव में सार्थक होगा।

आज का इतिहास



पं. देवव्रत शर्मा

मेष : - नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। अगर नया कम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरुर मिलेगी।

वृष : आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले दिनों स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी।

मिथुन: आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोतरी होगी।

कर्क : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है।

सिंह: आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं। बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें।

कन्या : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक किसी से बहस करने से बचें। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

तुला: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे।

वृश्चिक : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी।

धनु : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रूचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से राहत मिलेगी।

मकर : आज आपका दिन सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज ऑयली खान पान से परहेज करें। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी।

मीन: आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहे, जिससे लोगों आपकी तारीफ करें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माउंट एरेबस, हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस महाद्वीप में स्थित है?

2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) हाल ही में समाचारों में देखी गई एलुलोज़ क्या है?

5) सूदासरी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ब्रीडिंग सेंटर, जो समाचारों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?

उत्तरमाला-(1) अंटार्कटिका (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) मिठास देने वाला एजेंट (5) राजस्थान

शब्द सामर्थ्य -289



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 288 का हल

दुर्ग में हत्या के आरोपी की इलाज के दौरान मौत

■ 3 साल से जेल में था बंद

दुर्ग/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल में बंद हत्या के मामले में सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया था। शुक्रवार 16 जनवरी को सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक कैदी का नाम विनय प्रताप सिंह (35) है। मृतक दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के मामले में मार्च 2023 से केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। मामले की सुनवाई के बाद 28 नवंबर 2025 को उसे दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद से वह जेल में सजा काट रहा था। जेल प्रशासन के अनुसार, विनय प्रताप सिंह लंबे समय से लो शुगर (हाइपोग्लाइसीमिया) और मानसिक बीमारी से पीड़ित था। उसकी तबीयत अक्सर बिगड़ती रहती थी, जिस कारण जेल अस्पताल में उसका नियमित इलाज किया जा रहा था। डॉक्टरों की निगरानी में उसे दवाइयां दी जा रही थीं और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता था। जेल प्रशासन का दावा है कि कैदी की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई। केंद्रीय जेल अधीक्षक मनीष संभाकर के अनुसार बीते दिन सुबह अचानक कैदी की हालत गंभीर होने पर लो शुगर के चलते उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी, जिसके बाद जेल प्रशासन ने तत्काल निर्णय लेते हुए उसे रायपुर रेफर किया। एम्बुलेंस के जरिए कैदी को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसका इलाज शुरू किया।

जेल अधीक्षक के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह रायपुर से सूचना मिली कि इलाज के दौरान विनय प्रताप सिंह की मौत हो गई है। इस खबर के मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। नियमानुसार मृत कैदी की सूचना संबंधित थाने और वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है।

रिसाली निगम में सफाई की टेंडर अवधि खत्म, सफाई कर्मचारियों ने किया हंगामा

■ कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट

भिलाई/नवप्रदेश। सफाई व्यवस्था को लेकर रिसाली नगर निगम क्षेत्र में हंगामा मच गया। सैकड़ों सफाई कर्मचारी महापौर शशि सिन्हा के निवास पर पहुंचे। सफाई टेंडर में हो रही देरी को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नाराजगी जताई। कर्मचारियों का कहना है कि 15 जनवरी को टेंडर समाप्त होने के बाद सफाई टेंडर की अवधि और नए टेंडर प्रक्रिया में देरी की जा रही है। ठेकेदार द्वारा काम बंद करने की सूचना देने से कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ठेकेदार के निर्देश पर कर्मचारियों को काम बंद करना पड़ा, जिससे दैनिक मजदूरी पर निर्भर इन श्रमिकों के लिए आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया। इससे शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

महापौर शशि सिन्हा ने गुरुवार रात को ही मौखिक रूप से दो महीने के लिए सफाई टेंडर बढ़ाने का निर्णय लिया था। इस निर्णय की जानकारी न तो ठेकेदार को लिखित रूप में मिली और न ही सफाई कर्मचारियों तक समय पर पहुंच सकी। इसी भ्रम के कारण शुक्रवार को सुबह बड़ी संख्या में कर्मचारी महापौर निवास पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

महापौर ने कर्मचारियों की नाराजगी और स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कहा कि सफाई टेंडर से संबंधित पत्राचार नगर निगम अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो सकी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने तत्काल प्रभाव से सफाई टेंडर को दो महीने के लिए आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि शहर की सफाई का काम सर्वोच्च प्राथमिकता में है और किसी भी हालत में सफाई व्यवस्था को ठप नहीं होने दिया जाएगा। कर्मचारियों की रोजी-रोटी भी बेहद महत्वपूर्ण है।

सफाई ठेकेदार जहीर खान ने बताया कि पिछले दो महीनों से वे लगातार टेंडर बढ़ाने के लिए पत्राचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय पर निर्णय न होने के कारण ही शुक्रवार को यह विवाद हुआ। ठेकेदार जहीर खान ने कहा कि फिलहाल दो महीने के लिए टेंडर बढ़ जाने से कर्मचारियों को राहत मिली है और शहर की सफाई व्यवस्था बिना किसी बाधा के चलती रहेगी।

■ न्यूज गैलरी

निगम कमिश्नर ने पीएम आवास योजना की समीक्षा की

दुर्ग। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए योजनाओं का काम तत्काल पूरा करने कहा है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने प्रत्येक एजेंसी की कार्यप्रगति का बारीकी से आकलन करते हुए निर्देशित किया कि माह के अंत तक प्रगति में सुधार लाएं। सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरस्वती नगर फ्लैट परियोजना के संबंध में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र शिफ्ट किया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल अधिकारी सहित समस्त पीएम आवास योजना के एक्सपर्ट, एजेंसी के कर्मचारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आईटीआई भिलाई में कल जॉब फेयर

दुर्ग। आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), जीई रोड पावर हाउस भिलाई में 19 जनवरी को एक दिवसीय जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जॉब फेयर में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां केवल पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी सुबह 9.30 बजे से 11 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

राज्य स्तरीय जस झांकी प्रतियोगिता

कुम्हारी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय बाजार चौक में 17 और 18 जनवरी को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक माँ महामाया सेवा समिति कुम्हारी हैं और इसका आयोजन श्री जय माँ शारदा महामाया बघवा जस झांकी परिवार कुम्हारी द्वारा किया जा रहा है।

बीएसपी यूनियनों की हड़ताल 12 को

भिलाई। मोदी सरकार और सेल प्रबंधन की नीतियों व 4 श्रम कानून के खिलाफ एक बार फिर बीएसपी की यूनियनों ने मोर्चा खोल दिया है। संयुक्त ट्रेड यूनियनो की बैठक में केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी चार श्रम संहिता (लेबर कोड) के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी की अखिल भारतीय हड़ताल को सफल बनाने पर बातचीत की गई।

जुनवानी मार्ग पर बार खोलने के फैसले का विरोध

विधायक रिकेश बोले -क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और मंदिर, नहीं खुलने देंगे बार

भिलाई/नवप्रदेश। जनदर्शन में जुनवानी मार्ग पर रानी अवंती बाई सरोवर के समीप बार (टीडीएस शाखा) न खोलने की शिकायत पर विधायक रिकेश सेन ने साफ कहा है कि क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और धार्मिक स्थल हैं।

यहां किसी भी हालत में बार नहीं खुलने दिया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने इस मामले को लेकर आबकारी सचिव को पत्र भी लिखा है।

विधायक ने जोर देते हुए कहा है कि जिस स्थान पर बार खुलने की प्रक्रिया जारी रहने की शिकायत आई है, वहां बैंक, स्कूल, मंदिर के साथ ही सघन आबादी का क्षेत्र है। गौरतलब है कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जुनवानी में रानी अवंती बाई सरोवर के आसपास के रहवासियों ने जनदर्शन में विधायक रिकेश सेन को बताया कि स्थानीय कॉम्प्लेक्स में बार खोले जाने की जानकारी मिली है, जिस पर लोगों की सख्त आपत्ति है।

इसी काम्प्लेक्स के ग्राउन्ड फ्लोर में बैंक है। जुनवानी मार्ग में हजारो की संख्या में प्रतिदिन लोगों का आवागमन रहता है। अवंती बाई सरोवर के आसपास धार्मिक, शैक्षणिक संस्थान व सघन आबादी है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस स्थान पर बार खोलने लाइसेंस के लिए आवेदन किया गया है। यहां बार खुलने से देर रात तक आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहने की आशंका है, जिससे बार के आसपास अपराध बढ़ सकता है। शिकायत पर तत्काल पहल करते हुए विधायक सेन ने आबकारी विभाग सचिव से चर्चा कर उन्हें पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जुनवानी मार्ग स्थित रानी अवंती बाई सरोवर के समीप स्थित काम्प्लेक्स में बार (टीडीएस ब्रांच) का लाइसेंस न दिया जाए।

सड़ी-गली हालत में महिला का शव बरामद

कुम्हारी/नवप्रदेश। थाना अंतर्गत ग्राम परसदा स्थित कैवल्य धाम के पीछे खेत में अज्ञात महिला का शव मिला है। खेत में शव मिलने की सूचना पर कुम्हारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृत महिला की उम्र करीब 40 से 45 साल के बीच बताई जा रही है। शव की हालत देखकर पुलिस ने आशंका जताई है कि महिला की मौत करीब एक हफ्ते पहले हुई होगी। शव खेत में झाड़ियों के बीच पड़ा था, जिससे बदबू फैल रही थी। बदबू फैलने के कारण ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई। कुम्हारी थाना टीआई ने बताया कि मृतिका की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। महिला के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज भी नहीं मिले हैं। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, ताकि मौत के कारणों की बारीकी से जांच की जा सके। पुलिस ने घटनास्थल पर पंचनामा कार्रवाई की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी भेजा जा रहा है। आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है, ताकि मृत महिला की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है।

हाईवा ने बाइक सवारों को कुचला, 2 की मौत

भिलाई। भिलाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचपेड़ी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बोरसी हनोदा निवासी देवराज यादव (27) और उनके फूफा वीरेंद्र यादव (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि देवराज की शादी 4 महीने पहले ही हुई थी। जानकारी के मुताबिक देवराज यादव अपने ससुराल गया हुआ था। वहां वो दशगात्र के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद फूफा के साथ लौट रहा था।

गरीबों के मकान टूटे, पीड़ितों ने वोरा से लगाई गुहार

दुर्ग/नवप्रदेश। कैलाशनगर में विपणन संघ कोऑपरेटिव सोसायटी के समीप रहने वाले गरीब परिवारों के दो मकानों को तोड़े जाने पर पूर्व विधायक अरुण वोरा ने सख्त ऐतराज जताया है। वोरा ने कहा कि इन परिवारों ने करीब चार-चार लाख रुपये खर्च कर मकान बनाए थे। जीवन भर की जमा पूंजी से मकान बनाने वालों के आशियाने तोड़ दिये गए। अब ये परिवार बेघर हो चुके हैं और किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। पीड़ित परिवारों के लोग वरिष्ठ नेता अरुण वोरा के निवास पहुंचे और मकान तोड़े जाने की समस्या बताई। पीड़ितों ने बताया कि वे वर्षों तक किराए के मकानों में रहते हुए थोड़ी-थोड़ी बचत कर घर बनाया था, जिसे अब तोड़ दिया गया। वोरा ने इस मामले में कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि गरीबों के आशियानों को इस तरह तोड़ा जाना अमानवीय है। वोरा ने कलेक्टर से आग्रह किया कि इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ऐसे परिवारों के पुनर्वास और उचित समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पहले वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी परिवार बेघर न हो।

फ्रेंचाइजी के नाम पर व्यापारी से 25.93 लाख की ठगी, गलत दवाईयों की सप्लाई करने पर मेडिकल स्टोर सील

■ टस्कर कंपनी के डायरेक्टर ने हर महीने 2 लाख रुपए मुनाफा का झांसा दिया

दुर्ग/नवप्रदेश। टस्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की फ्रैंचाईजी दिलाने और लाखों रुपये मुनाफे का झांसा देकर दुर्ग के व्यापारी के साथ करीब 26 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित राहुल परिहार ने टस्कर ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, मार्केटिंग हेड और सेल्स इंचार्ज पर धोखाधड़ी, छल-कपट और झूठे वादों के जरिए गाढ़ी कमाई हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर मोहन नगर थाना में तीनों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। पीड़ित राहुल परिहार के अनुसार टस्कार ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर उत्कर्ष कश्यप, मार्केटिंग हेड आलोक/अनमोल दुबे और सेल्स इंचार्ज प्रणीता ने उन्हें कंपनी की मेडिकल फ्रेंचाइजी लेने के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने फ्रेंचाइजी लेने पर हर माह 1 से 2 लाख रुपये तक मुनाफा होने का दावा किया। दुकान का इंटीरियर, ब्रांड प्रमोशन, एमबीबीएस डॉक्टर के साथ ओपीडी सुविधा, पैथोलॉजी, दवाइयों का स्टॉक, कर्मचारियों की व्यवस्था और उनके वेतन तक का खर्च कंपनी द्वारा उठाने का भरोसा दिया गया। वादों के झांसे में आकर राहुल परिहार ने 27 अक्टूबर 2024 को कंपनी की फ्रेंचाइजी ले ली। इसके बाद कंपनी ने अलग-अलग मदों में उनसे भारी रकम वसूली। फ्रेंचाइजी फीस के नाम पर 3.80 लाख रुपये, इंटीरियर के लिए 3.50 लाख रुपये, मार्केटिंग के लिए 2.50 लाख रुपये, दवाइयों के स्टॉक के नाम पर 10 लाख रुपये और एमबीबीएस डॉक्टर व पैथोलॉजी सुविधा के लिए 5 लाख रुपये लिए गए। इस तरह 28 अक्टूबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 के बीच फोन-पे, आरटीजीएस सहित अन्य माध्यमों से कुल 25 लाख 93 हजार 400 रुपये कंपनी को दिए गए।

प्रार्थी ने बताया कि रकम लेने के बाद कंपनी ने न तो तय सुविधाएं उपलब्ध कराईं और न ही अपने वादों को पूरा किया। बार-बार ईमेल करने के बावजूद कंपनी की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई दवाइयों में कई दवाएं अनुपयोगी और गलत भेज दी। इसी दौरान छत्तीसगढ़ शासन के औषधि एवं प्रसाधन सामग्री विभाग ने दुकान को नोटिस जारी किया, जिसमें प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री का आरोप लगाया गया। शासन के औषधि विभाग ने दुकान को सील कर दिया, जिससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

91 लाख से डामरीकरण कार्य का महापौर ने किया शुभारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। बस स्टैंड परिसर में नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने महापौर अल्का बाघमार ने 91 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर व वार्ड पार्षद बबीता गुड्डू यादव, एमआईसी मेंबर शशि साहू, कुलेश्वर साहू, सावित्री दमाहे की उपस्थिति में 91 लाख रुपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क जर्जर हो चुकी थी, जिससे यात्रियों, वाहन चालकों और आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पार्षद और नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए डामरीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है। आने वाले समय में आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। सड़क, नाली, साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। महापौर ने टैक्स बकायेदारों से अपील करते हुए कहा कि नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग करें और समय पर टैक्स का भुगतान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बकाया कर जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। समय पर भुगतान करने वालों को निगम की योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

4 निगमों के कर्मचारियों ने 10 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दुर्ग/नवप्रदेश। विभिन्न मांगों को लेकर आज चार नगर निगमों के कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वाले पदाधिकारी में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के संयोजक विष्णु चंद्राकर, भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री संजय मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अनिल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामअवतार साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, प्रदेश मंत्री दुर्गेश गुप्ता शामिल थे।

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर आंदोलन के द्वितीय चरण में नगरीय निकाय में व्याप्त कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रमुख मांगों में शासन की घोषणा के अनुसार कार्यरत दैनिक वेतन कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा के तहत हो रहे पैसे के दुरुपयोग पर रोक लगाते हुए ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को निकाय में समायोजन करते हुए नियमित करने की मांग की गई है। निकाय में कार्यरत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत स्वच्छता दीदी और स्वच्छता कर्मियों, वाहन चालक को कलेक्टर दर पर भुगतान करने की मांग की गई है। भविष्य निधि आयुक्त के निर्देश का पालन करते हुए निकायों से स्वच्छता दीदीयों का भविष्य निधि काटने और खाते में जमा कराने व इसका लाभ देने निकायों को निर्देशित करने की मांग भी की गई है।

इसके अलावा मध्यप्रदेश की भाति छग के नगरीय निकायों को प्रति व्यक्ति 105 रुपए प्रति परिवार की दर से चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने, नगरीय निकायों में कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु स्थायी व्यवस्था करने, निर्धारित तिथि पर भुगतान करने, नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति शीघ्र ही ओल्ड पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई है। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को छठवें/ सातवां वेतनमान की एरियर्स राशि भुगतान की स्वीकृति किया जाए।

'अटल वयो अभ्युदय योजना' के तहत मोतियाबिंद जांच शिविर 19 से

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'मोतियाबिंद मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत आयोजित शिविरों का मुख्य उद्देश्य जिले के बुजुर्गों, विशेषकर वृद्धाश्रमों में रहने वाले नागरिकों की आंखों की जांच कर उन्हें मोतियाबिंद की समस्या से राहत दिलाना है। शिविर में मोतियाबिन्द पीड़ित व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिये चिन्हांकन किया जाएगा और चिन्हांकित लगभग 100 पात्र हितग्राहियों के मोतियाबिन्द का ऑपरेशन एम्स रायपुर में किया जाएगा। 19 से 22 जनवरी तक नगरीय निकायों में विभिन्न स्थानों पर सुबह 10.30 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। 19 को वृद्धाश्रम पुलगांव में शिविर लगेगा, जिसमें पुलगांव, रामशीला, जुनवानी, की कुटिया और प्रशामक गृह दुर्ग के क्षेत्र सम्मिलित होंगे।

सुरक्षा के तकनीकी मानकों, विशेष रूप से 'हीरा' 'परमिट टू वर्क' प्रणाली के कड़ाई से अनुपालन पर जोर

98 संविदा कर्मियों सहित 17 बीएसपी कर्मचारी सम्मानित

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 17 जनवरी को वार्षिक सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (अनुरक्षण एवं उपयोगिताएँ) बिजय कुमार बेहेरा और मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रमोद कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान यांत्रिकी संगठन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट, सुरक्षित व प्रशंसनीय कार्य निष्पादन के लिए कुल 98 संविदा कर्मियों और 17 बीएसपी कर्मियों को सम्मानित किया गया। संविदा कर्मियों को कोक ओवन के कोल टावर-6, ब्लास्ट फर्नेस क्रमांक-8 के एक्सियल साइक्लोन, ओएचपी, आरएमपी-3, बीआरएम, रूफ शीटिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मरम्मत कार्यों को सुरक्षित रूप से संपन्न करने हेतु पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों में 23 'नियर मिस' तथा 23 'सर्वोत्तम, अनमोल एवं दक्ष' श्रेणी के सुरक्षा पुरस्कार शामिल रहे। मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने पुरस्कार विजेताओं को संबोधित करते हुए यांत्रिकी संगठन द्वारा किए जा रहे सुरक्षित कार्यों की सराहना की और संयंत्र में निर्धारित सुरक्षा मानकों के और अधिक कड़ाई से अनुपालन पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) देवदत्त सत्पथी ने यांत्रिकी संगठन को वित्तीय वर्ष 2024-25 में शून्य दुर्घटना और वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान तिथि 17 जनवरी 2026 तक शून्य दुर्घटना के साथ कार्य संपन्न करने की उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने सुरक्षा के तकनीकी मानकों, विशेष रूप से 'हीरा' एवं 'परमिट टू वर्क' प्रणाली के कड़ाई से अनुपालन पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक मैकेनिकल प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विद्युत टी. कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उपयोगिताएं जेपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक शॉप्स हरीश सचदेव, महाप्रबंधक प्लांट गैरेज बी.डी. बाबू, महाप्रबंधक सीईडी राकेश पांडे, महाप्रबंधक यांत्रिकी सेवाएँ आशीष घोष, महाप्रबंधक सीएमएम पी. जॉन वर्गीस, महाप्रबंधक सीएमएम ज्ञानेश त्रिपाठी, महाप्रबंधक सीईडी बीएन झा, महाप्रबंधक सीएमएम सुनील कुमार, महाप्रबंधक पीईएम प्रभाकर खोब्रागडे, महाप्रबंधक सीएमएम नबर्शी राय, महाप्रबंधक प्लांट गैरेज प्रदीप्ता भौमिक, महाप्रबंधक ईडीडी मेजी मेजर सिंह, महाप्रबंधक (सीएमएम) जीएस राव सहित यांत्रिकी संगठन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन उप महाप्रबंधक (सीएमएम) अनिल कुमार चौरे और सहायक महाप्रबंधक (सीएमएम) के. नीलाधर द्वारा किया गया।

आज छग राजभर महासभा का सामाजिक सम्मेलन

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजभर महासभा द्वारा आगामी 18 जनवरी रविवार को एक दिवसीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीराम चौक सेक्टर-11, जोन-2 खुर्सीपार में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, राजभर सेवा संघ मुंबई के अध्यक्ष दयानंद राजभर, पूर्व अध्यक्ष अनिल राजभर और शिरीष अग्रवाल सिंह उपस्थित रहेंगे। राजगुरु आचार्य शिव प्रसाद सिंह राजभर सम्मेलन सभा के अध्यक्ष होंगे। विशेष आमंत्रित अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल, अखिल भारतीय राजभर संगठन के अध्यक्ष भवनाथ राजभर, इतिहास समीक्षक राजेश राजभर, प्रसिद्ध इतिहासकार रामचंद्र राजभर और राजभर एक्सप्रेस मुंबई के अखिलेश राजभर प्रमुख हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जिनमें भोजपुरी लोकगीत गायक कमलेश राजभर, मुंबई से पधारे बिरहा गायक रामपत राजभर के साथ गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बाहुबली धर्मेंद्र राजभर अपनी नारियल व अखरोट तोड़ने की कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके अतिरिक्त मुंबई से संजय राजभर, पूर्व वारंट ऑफिसर एससी राम राजभर, कटेश्वर राजभर, सुभाष राजभर, अवधराम राजभर, हनुमान राजभर, कैलाश भरद्वाज नागपुर से समाजसेवी शंभू राजभर, इतिहासकार चंद्रमा राजभर, सेवानिवृत्त अधिकारी रामानंद वर्मा, रांची से विश्वनाथ प्रसाद (स्पेशल टास्क फोर्स), भूपेश राजभर, राधेश्याम शर्मा, रेलवे सेक्शन इंजीनियर भगवान दास, पत्रकार मनोज राजभर, डांसर विशाल राजभर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर, महासचिव सुरेश राज और कोषाध्यक्ष बीएल राज ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य राजभर समाज की सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना, शैक्षणिक और सामाजिक विकास पर विचार-विमर्श करना है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

न्यूज गैलरी

धान खरीदी में अनियमितता, उपार्जन केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

कवर्धा//नवप्रदेश। जिले के पंडरिया विकासखंड के कुकदूर धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज किया गया है। खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने बताया कि जिला स्तरीय जांच दल द्वारा किए गए धान स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 628 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 292 रुपए है। जांच में कमी पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी अमित बाजपेई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा द्वारा समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में धान खरीदी में रीसाइकलिंग रोकने, किसानों की सहमति से रकबा समर्पण सुनिश्चित करने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

पानी टंकी सफाई कार्य जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा टंकी सफाई करने की कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत शंकरपुर टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण शंकरपुर टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) स्थित उच्च स्तरीय जलागार नहीं भर पायेगा। इस वजह से शंकरपुर टंकी से कल दिनांक 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 19 जनवरी सोमवार से सप्लाई सथावत रहेगी। पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में कल दिनांक 18 जनवरी रविवार को शंकरपुर टंकी की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि शंकरपुर टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र शंकरपुर, शांतीनगर, चिखली वार्ड नं. 06, पुराना ढ़ावा, रामनगर, शिक्षक नगर में कल 18 जनवरी रविवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 19 जनवरी सोमवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

टमाटर की बेहतरीन फसल से किसान त्रवेंद्र की बदली किस्मत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ।धान के बदले उद्यानिकी फसल लेने तथा टमाटर की बेहतरीन फसल होने से किसान त्रवेंद्र साहू की किस्मत बदल गई है। राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा के किसान साहू को शासन की राष्ट्रीय बागवानी मिशन से लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए का अनुदान मिला। जिससे उन्होंने धान की फसल के बदले 1.5 एकड़ में मल्चिंग पद्धति से टमाटर की खेती की। प्राप्त राशि से उन्हें मदद मिली और उद्यानिकी विभाग के सहयोग से ड्रिप, टमाटर के पौधे, खाद, दवाई पर व्यय किए। इस वर्ष टमाटर की बम्पर पैदावार होने से उन्हें बहुत फायदा हुआ। किसान श्री त्रवेंद्र साहू ने बताया कि उन्होंने अब तक लगभग 10 लाख रूपए के टमाटर की बिक्री की है। जिसमें उन्हें लगभग 7 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि धान के बदले टमाटर की खेती उनके लिए बहुत फायदेमंद रही है। शासन की योजनाओं से लाभ मिलने से वे आर्थिक दृष्टिकोण से समृद्ध हुए हैं। सरकार द्वारा सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहन एवं सहायता राशि दी जा रही है। किसान श्री त्रवेंद्र साहू ने बताया कि अधिक मात्रा में टमाटर का उत्पादन होने पर नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों तथा राजनांदगांव एवं लोकल मार्केट में बिक्री के लिए भेज रहे हैं। अब तक 1000 कैरेट टमाटर की बिक्री कर चुके हैं। उन्होंने परी वेरायटी का टमाटर लगाया है। टमाटर की बहुत डिमांड रही और बहुत अच्छी कीमत मिली। अभी भी टमाटर की तोड़ाई का कार्य जारी है। मार्च तक पर्याप्त टमाटर मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं से प्रेरित होकर धान के बदले टमाटर की फसल लेने से बहुत फायदा हुआ है। किसान कब खेती-किसानी के लिए नवीन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, जिससे कार्य में आसानी हुई है।

किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में ना हो दिक्कत : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के दृष्टिगत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटरों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी का कार्य शासन का महत्वपूर्ण कार्य है और सभी इसे प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगे। उन्होंने धान खरीदी के लिए बचे हुए शेष दिनों में कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वास्तविक किसानों की शुद्ध धान की खरीदी करें। इसमें किसी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए। सत्यापन के दौरान किसानों से अच्छा व्यवहार रखने के निर्देश दिए। वास्तविक किसान की शुद्ध धान की खरीदी करने के लिए सभी ईमानदारी एवं सतर्क होकर कार्य करें। किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। धान की एन्ट्री, भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के कार्य लगातार करते रहे। उन्होंने सभी अधिकारयों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी के कार्य के दौरान लापरवाही एवं अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि अंतर्राज्यीय सीमाओं में चेक पोस्ट पर कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा धान के अवैध परिवहन को रोकने निरीक्षण किया जा रहा है।

मंदिर, मेला स्थल और परिसर में सुविधाओं का होगा विस्तार, कलेक्टर गोपाल वर्मा ने किया स्थल निरीक्षण

झिरना के प्राचीन नर्मदा कुंड और मंदिर परिसर का होगा जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर दूर ग्राम झिरना में स्थित प्रसिद्ध और प्राचीन नर्मदा कुंड व मंदिर परिसर का जल्द ही जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है और आने वाले समय में विकास कार्य शुरू होंगे। आज कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने ग्राम पंचायत चरडोंगरी के अंतर्गत ग्राम झिरना पहुंचकर नर्मदा कुंड, मंदिर और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने नर्मदा कुंड और मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ परिसर में जरूरी विकास कार्य कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि कार्यों की रूपरेखा आर्किटेक्ट के माध्यम से तैयार कर व्यवस्थित तरीके से जल्द प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जाए।

कलेक्टर ने फरवरी माह में लगने वाले झिरना मेले को ध्यान में रखते हुए कहा कि मेले की सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नर्मदा कुंड और मंदिरों के जीर्णोद्धार, मेला स्थल के समतलीकरण एवं कबीर कुटी के पास मुरमीकरण, पंपहाउस का कार्य, सीमांकन के बाद चारों दिशा में सीसी रोड निर्माण और जाली लगाकर सुरक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्य शिव मंदिर के जीर्णोद्धार और दरवाजे के सुधार के साथ ही शिव मंदिर के सामने स्थित तीन छोटे मंदिरों के जीर्णोद्धार के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने इसके अलावा मंदिर प्रांगण और मेला स्थल में पेवर ब्लॉक लगाने, कुंड से लगी डबरी में पचरी निर्माण, जात्रा तालाब और मेला परिसर में बोर खनन व पाइपलाइन विस्तार, मेन रोड से जात्रा तालाब के पार में दोनों ओर सीसी रोड निर्माण और आंवला अरण्य में बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। झिरना मेला स्थल से पिपरिया पुल तक सड़क चौड़ीकरण, जात्रा तालाब को नर्मदा सरोवर के रूप में विकसित करते हुए सौंदर्यीकरण, मेला स्थल और मंदिर परिसर में हाई मास्क लाइट लगाने, मंदिर के पीछे मां नर्मदा गार्डन बनाने और मंदिर प्रांगण में बाउंड्री वॉल निर्माण के निर्देश भी दिए। उन्होंने इन सभी कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने झिरना मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलित शौचालय की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ श्री विनय पोयाम, एसडीएम श्री चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, तहसीलदार श्री प्रमोद चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

शिक्षकों की हड़ताल से स्कूल में पढ़ाई ठप्प

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने प्रांतीय आह्वान पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कबीरधाम के हजारों शिक्षकों द्वारा अपने 4 सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय हड़ताल एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। 17 जनवरी को प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कबीरधाम के बैनर तले चार सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया गया। जिसमे हमारे हजारों शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया।

मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा कराने सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर कर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना एवं प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी एलबी संवर्ग को समस्त लाभ प्रदान करने और TET की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार के द्वारा आवश्यक पहल करने एवं VSK App के माध्यम से अपने स्वयं की मोबाइल से ऑनलाइन उपस्थिति की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांगो को लेकर जिले के हजारों शिक्षकों ने एक दिवसीय हड़ताल के माध्यम सरकार को संदेश दिया है कि सहायक शिक्षक अपनी अधिकार को लेकर हमेशा एकजुटता के साथ लड़ाई लड़ेगा और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे।

जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में आज हजारों शिक्षकों ने एकजुटता के साथ अपनी आवाज बुलंद की और सभी शिक्षकों एवम् पदाधिकारियों ने मंच के माध्यम से शासन प्रशासन तक अपनी बातों को पहुंचाने का प्रयास किया और कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 7 वर्षों से फेडरेशन अपनी अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए आ रहा है। वर्तमान सरकार के द्वारा मोदी की गारंटी के तहत अपने संकल्प पत्र में वादा किया है कि हमारी सरकार आयेगी तो 100 दिनों में वेतन विसंगति दूर कर दिया जाएगा और क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाएगा। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक पूरा नहीं किया और वर्तमान में ञ्श्वञ्ज की अनिवार्यता उसे राज्य सरकार समाप्त करे एवं ङ्क्स्य,श्श्र माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अपने मोबाइल से करने की बाध्यता को बंद करें। इससे हमारे निजी जानकारी हैक हो सकता है और इसे निजता का हनन बताया गया और सभी शिक्षकों को एकजुटता के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए और अपने अधिकार के लिए एक साथ होकर संगठन के साथ खड़े रहने के हमेशा तैयार रहने के लिये कहा गया और कार्यक्रम के अंत में अपनी मांगों के संबंध में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के ज्ञापन सौंपा गया।

फर्जी एसटी प्रमाण पत्र से लिया नौकरी और योजनाओं का लाभ

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिले में अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) वर्ग के अधिकारों के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम राजानवागांव, विकासखंड बोडला निवासी *भुनेश्वर पिता पंचु केवट पर फर्जी एस.टी. जाति प्रमाण पत्र बनवाकर जिला पंचायत कबीरधाम के आवास समन्वयक विभाग में बीते लगभग 08 वर्षों से नौकरी करने तथा स्वयं सहित पूरे परिवार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग की सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आरोप लगा है।

इस संबंध में आदिवासी समाज कबीरधाम द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों के नाम सामूहिक ज्ञापन सौंपा गया है। समाज ने मामले की निष्पक्ष जांच कर भुनेश्वर केवट सहित संलिप्त अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की मांग की है।

दस्तावेजों में जाति को लेकर विरोधाभास: ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पंचु केवट के बड़े भाई फगुराम के नाती दिनेश कुमार पिता होरीलाल केंवट को जारी अस्थायी जाति प्रमाण पत्र के संदर्भ में पटवारी द्वारा दिनांक 11/09/2014 को प्रस्तुत प्रतिवेदन में जाति 'केवट' दर्शाई गई है। वहीं ग्राम पंचायत राजानवागांव की तत्कालीन सरपंच सरोज बाई द्वारा जारी वंशवृक्ष प्रमाण पत्र में दिनेश कुमार के पूर्वजों की जाति 'निषाद केंवट' अंकित है। इसी सरपंच द्वारा दिनेश कुमार का जाति प्रमाण पत्र भी जारी किया गया, जिसमें जाति ङ्क केंवट एवं उपजाति - निषाद दर्शाई गई है।

21 दिन बाद भी अमित भौमिक आत्महत्या मामले में गिरफ्तारी नहीं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। शिक्षक नगर निवासी 21 वर्षीय युवक अमित भौमिक के निधन को 21 दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफअब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से परिजनों में गहरा आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि अमित को लगातार मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उसने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया। परिजनों के अनुसार, आत्महत्या से पूर्व अमित भौमिक ने आरोपियों के खिलाफ महत्वपूर्ण सुराग, मानसिक प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने से जुड़े ठोस सबूत छोड़े थे। इनमें आरोपी आमीन (निवासी कुआं चौक, लखोली) द्वारा गला काटकर मारने की धमकी देने की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल है, जिसमें मां-बहन की गालियां दी गई हैं। परिजनों का कहना है कि इन्हीं घटनाओं के बाद अमित ने आत्महत्या की। घटना के बाद परिजनों द्वारा थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस द्वारा असहयोग किया गया। हिंदू संगठनों के हस्तक्षेप के बाद बड़ी मुश्किल से एफआईआर दर्ज की गई, परंतु 21 दिन बाद भी उसकी प्रति परिजनों को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस मामले में आरोपी किंजल ठावरे (निवासी भरका पारा) और आमीन के खिलाफ माननीय न्यायालय ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। साथ ही, अमित द्वारा आत्महत्या से पूर्व भेजे गए संदेश को मृत्यु-कालीन कथन (डाइंग डिक्लेरेशन) माना गया है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन नियम-कानून का हवाला देकर लगातार टालमटोल कर रहा है और किसी राजनीतिक या अन्य दबाव में काम कर रहा है।

8 माह में 70 से अधिक बार नि:शुल्क डायलिसिस, बुजुर्ग को 2 लाख की बचत

- बुजुर्ग मरीज के लिए वरदान बनी जिला अस्पताल की नि:शुल्क डायलिसिस सेवा

कवर्धा/नवप्रदेश। पिछले आठ महीनों में 70 से अधिक बार निःशुल्क डायलिसिस। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि 65 वर्षीय श्री कुमार भास्कर के लिए हर बार जीवन को थामे रखने की एक नई कोशिश है। अगर यही इलाज किसी निजी अस्पताल में होता, तो दो लाख रुपये से ज्यादा का खर्च आता, जो उनके और उनके परिवार के लिए असंभव था।

आज वे बिना आर्थिक डर के नियमित इलाज करा पा रहे हैं और टूट चुकी उम्मीदों को फिर से जोड़ रहे हैं। कबीरधाम जिले के ग्राम कवलपुर, कुंडा क्षेत्र निवासी श्री भास्कर लंबे समय से किडनी रोग से जूझ रहे हैं।

बीमारी का पता चलने के बाद शुरुआत में उन्हें इलाज के लिए रायपुर जाना पड़ता था। दूर का सफर, इलाज का खर्च और कमजोरी की हालत में अकेले आना-जाना उनके लिए बहुत मुश्किल था। किसानी करने वाले उनके दोनों बेटों की कमाई इलाज में ही खत्म हो जाती थी। कई बार पैसों की कमी के कारण जरूरी डायलिसिस भी नहीं हो पाता था। लेकिन जब उन्हें जिला अस्पताल कबीरधाम में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा की जानकारी मिली, तो उन्होंने यहीं इलाज शुरू कराया। अब उन्हें न तो बाहर जाना पड़ता है और न ही इलाज के खर्च की चिंता रहती है। समय पर डायलिसिस मिलने से उनकी सेहत में भी सुधार आ रहा है।

जिला अस्पताल कबीरधाम में शुरू की गई निःशुल्क डायलिसिस सुविधा आज जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत बन गई है। निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिस कराने पर 2 से 3 हजार रुपये तक खर्च आता है। लेकिन अब निःशुल्क डायलिसिस से नए जीवन की उम्मीद बनी है। जिले में इस सुविधा से अब तक 123 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं, जिनमें 35 मरीज नियमित रूप से डायलिसिस करा रहे हैं। अस्पताल में लगी 5 आधुनिक डायलिसिस मशीनों से अब तक 12,710 से अधिक बार निःशुल्क डायलिसिस किए जा चुके हैं।

प्रथम पेज का शेष

पंचायत प्रतिनिधियों के अध्ययन...

ने भी सभी पंचायत प्रतिनिधियों को एक्सपोजर विज़िट के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से राज्य की पंचायत राज व्यवस्था को और अधिक सशक्त, प्रगतिशील एवं विकासोन्मुख बनाने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत बस्तर संभाग के जिला पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को महाराष्ट्र राज्य की पंचायत राज व्यवस्था का अध्ययन कराने के लिए 18 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक मुंबई भेजा जा रहा है। प्रथम चरण में कुल 60 पंचायत प्रतिनिधि एवं नोडल अधिकारी इस प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण में सम्मिलित हैं।

नितिन नबीन की ताजपोशी...

वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य की भूमिका इस बार ऐतिहासिक और बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है।

छत्तीसगढ़ की भागीदारी: एक नया अध्याय: इस बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में छत्तीसगढ़ भाजपा का कद बढ़ा हुआ नजर आ रहा है। प्रदेश से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत कुल 17 शीर्ष नेता इस निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए दिल्ली कूच करेंगे। यह मौका प्रदेश संगठन के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय राजनीति में छत्तीसगढ़ की धमक बढ़ी है। गौरतलब है कि पिछली बार वर्ष 2020 में जब जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था, तब छत्तीसगढ़ का प्रदेश संगठन चुनाव अधूरा था। तकनीकी कारणों से उस समय छत्तीसगढ़ के नेताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन प्रक्रिया में वो भागीदारी नहीं मिल पाई थी, जिसके वे हकदार थे। लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। प्रदेश में संगठन के चुनाव समय पर संपन्न हो चुके हैं, जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय परिषद के लिए विधिवत 17 सदस्य चुन लिए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में यह पूरी टीम दिल्ली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी।

18 जनवरी से शुरू होगा नेताओं का जमावड़ा: नामांकन की प्रक्रिया 19 जनवरी को होनी है, इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ के इन नेताओं का दिल्ली पहुंचने का सिलसिला 18 जनवरी से ही शुरू हो जाएगा। 19 जनवरी को ये नेता पार्टी मुख्यालय में नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे और नए अध्यक्ष के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। माना जा रहा है कि नितिन नबीन, जो वर्तमान में कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें ही पार्टी की कमान पूर्ण रूप से सौंपी जाएगी। बिहार से आने वाले नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ से पुराना नाता रहा है, वे यहां के प्रदेश प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। ऐसे में उनके अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ के नेताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। 20 जनवरी को जब आधिकारिक तौर पर नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान होगा, तो यह न केवल भाजपा के लिए बल्कि छत्तीसगढ़ के इन 17 प्रतिनिधियों के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण होगा, जो इस ऐतिहासिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साक्षी और भागीदार बनेंगे।

कौन हैं वे 17 पावरफुल ...

भूमिका में नजर आएंगे। यदि किसी कारणवश चुनाव की स्थिति बनती है, तो इन्हें मतदान करने का भी पूरा अधिकार होगा।

बांग्लादेश में हिंदू ...

इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है।

रूम हीटर से लगी ...

सुबह वह घर में ताला लगाकर काम पर निकल गया। घर के अंदर बुजुर्ग ने ठंड की वजह से रूम हीटर चलाया था, बताया जा रहा इसी में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी।

चीख रहे थे बुजुर्ग, कोई मदद नहीं कर पाया: सुबह करीब 8 बजे मोहल्ले वालों ने घर में आग लगी देखी। बुजुर्ग चिल्ला रहे थे, लेकिन गेट लॉक होने की वजह से कोई उनकी मदद नहीं कर पाया और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई। मोहल्लेवालों ने जितेंद्र गुप्ता और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, तब तक बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी।

बीजापुर नेशनल पार्क में बड़ी ...

के जवानों ने घेर रखा है। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि, मारे गए नक्सलियों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। ऑपरेशन जारी जंगलों में डटे हुए हैं डीआरजी के जवान।

सूचना पर लॉन्च किया गया ऑपरेशन

जंगल क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की गतिविधि की जानकारी मिलने के बाद जिला पुलिस और डीआरजी (जिला रिज़र्व गार्ड) की संयुक्त टीम ने सुबह ऑपरेशन लॉन्च किया। सुरक्षा बल जैसे ही घने इलाके में आगे बढ़े, नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

डीआरजी जवानों की ओर से जवाबी कार्रवाई: नक्सलियों की गोलीबारी का जवानों ने तत्काल जवाब दिया। इस दौरान दोनों ओर से लंबे समय तक फायरिंग होती रही। शुरुआती सफलता में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

इलाके में तनाव, सुरक्षा बलों की बढ़ी मौजूदगी: घटना के बाद आसपास के जंगल क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं। पूरे इलाके को घेरकर सर्चिंग की जा रही है ताकि अन्य नक्सलियों की गतिविधियों पर भी नियंत्रण किया जा सके।

नक्सलवाद पर निर्णायक ...

सरकार न्याय, सुरक्षा और सम्मान के साथ पुनर्वास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

स्कूटी सवार युवकों से ढाई लाख का गांजा जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने ओडिशा से गांजा ले जा रहे स्कूटी सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब ढाई लाख का गांजा बरामद किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नेशनल हाईवे 53 तुमगांव तिराहा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। कुछ समय बाद एक बिना नंबर की स्कूटी को रोककर पूछताछ की। वाहन चालक ने अपना नाम ग्राम लखौली वार्ड नंबर 07 थाना आरंग जिला रायपुर निवासी योगेंद्र यादव (20) पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम लखौली वार्ड नंबर 07 थाना आरंग जिला रायपुर निवासी सागर धीवर (19) बताया। उन्होंने ओडिशा के ग्राम नित्यानंदपुर से 05 पैकेट गांजा खरीद कर बेचने के लिए लखौली ले जाना बताया। स्कूटी की तलाशी के दौरान डिक्की से 4.930 किलो गांजा (कीमत 2,46,500 रुपए) बरामद किया।

खरीदी केंद्रों और जांच चौकियों में कलेक्टर दे रहे दबिश

■ **धान की अवैध तस्करी और खरीदी प्रभारियों पर नकेल कसने की कवायद तेज**

महासमुंद/नवप्रदेश। धान खरीदी के अंतिम चरण में जिला प्रशासन ने निगरानी व्यवस्था और अधिक तेज कर दी है। कलेक्टर विनय लंगेह स्वयं फील्ड में उतरकर उपार्जन केंद्रों एवं अंतरराज्यीय जांच चौकियों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने सरायपाली विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ओड़िशा सीमा के सिरपुर चेक पोस्ट, बिरकोल, सिंघोड़ा जांच चौकी तथा तोरेसिंहा धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक वाहन के परिवहन दस्तावेजों की बारीकियों से जांच की और रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का वास्तविक स्थिति से मिलान कराया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि धान के अवैध परिवहन, खरीदी एवं बिक्री में किसी भी आशंका पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए।

उपार्जन केंद्रों में अनियमितता पर जीरो टॉलरेंस

कलेक्टर ने सरायपाली के तिहारीपाली उपार्जन केंद्र का भी औचक निरीक्षण कर धान खरीदी की प्रक्रिया, भंडारण, उठाव एवं स्टॉक की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंतिम दिनों में अतिरिक्त सतर्कता अनिवार्य है।

182 उपार्जन केंद्रों में अनिवार्य भौतिक सत्यापन

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी 182 उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करें और निर्धारित समय-सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन किसानों के टोकन कट चुके हैं लेकिन धान विक्रय नहीं हुआ, उनके भंडारण का कारण सहित सत्यापन किया जाए। स्टॉक, उठाव और प्रतिदिन की खरीदी के आंकड़ों का आपसी मिलान अनिवार्य किया जाए। जिन किसानों का धान बिक चुका है और रकबा शेष है, उन्हें रकबा समर्पण के लिए प्रेरित किया जाए। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की आशंका होने पर तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। धान खरीदी के लिए अब केवल 10 दिन शेष हैं। जिले में 15 जनवरी की स्थिति में अब तक 7,45,975 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 1,624 हेक्टेयर रकबा का समर्पण भी कराया जा चुका है।

मूलचंद सिन्हा कुरुद प्रेस क्लब के फिर बने अध्यक्ष

कुरूद/नवप्रदेश। कुरुद में प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जहां स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में प्रेस क्लब के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें पत्रकार साथियों की मौजूदगी में मूलचंद सिन्हा को प्रेस क्लब का पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, वहीं धनसिंह सेन को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक के दौरान प्रेस जगत से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के उपरांत सभी सदस्यों की आम सहमति से नई टीम का गठन हुआ। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पत्रकार हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान संरक्षक कृपाराम यादव, पूर्व अध्यक्ष जमाल रिजवी, अजय केला, गणेश साहू, कृपाराम सिन्हा, रवि शर्मा, दीपक साहू, यशवंत साहू, चंदन शर्मा, योगेश साहू सहित पत्रकारों ने नए पदाधिकारियों को पुष्पहार पहनाकर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। वही नवनियुक्त पदाधिकारियों को नगर व क्षेत्र के गणमान्य जनो जिसमें प्रमुख रूप से विधायक अजय चंद्राकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति ज्योति चंद्राकर भानु चंद्राकर , निरंजन सिन्हा , शिव प्रताप ठाकुर ,तारिणी चंद्राकर ,तपन चंद्राकर , देवव्रत साहू माहिम शुक्ला ,मनीष साहू,रविकांत चंद्राकर ,भरत नाहर ,श्रीमती ज्योति हरक चंद जैन ,सुनील चंद्राकर, मनीष शर्मा, कमल शर्मा, रमेश पांडे, संजय ध्रुव कृष्णकांत साहू, भूपेंद्र साहू, डॉ क्षितिज साहू , मुकेश कश्यप, शशांक कृदत सहित विभिन्न संघ संगठन एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

जुआ खेल रहे 4 जुआड़ी गिरफ्तार

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव क्षेत्र में अवैध शराब जुआ सट्टा का कारोबार लगातार बढ़ रही थी जिस पर कार्यवाही करते हुए हुए नवपदस्थ थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के नेतृत्व में नगर भटगांव के शीशम चौक के पास जुआ खेलते हुए 4 जुआड़ियो को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16.1.2026 को मुखबिर से सूचना मिला कि नगर पंचायत भटगांव के शीशम चौक के पास 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना मिलते ही भटगांव थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने तुरंत थाना स्टाफ को तत्काल भेजा और शीशम चौक के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जिसे कुछ जुआड़ियान पुलिस को देखकर मौके से भाग गए तथा 4 जुआड़ियान काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए। जहां जुआ खेल रहे आरोपी ईश्वर श्रीवास पिता रंगीला श्रीवास साकिन भटगांव, उज्जवल चौहान पिता राम प्रसाद चौहान वार्ड 7 भटगांव, दिनेश केवट पिता विश्राम केवट वार्ड 7 भटगांव, लक्ष्मी नारायण माली पिता रामलाल माली वार्ड 7 भटगांव के कब्जे से एवं जुआ फड़ से नकदी 7000 रूपये को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत विधिवत गिरफ्तार किया गया। इन सभी कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शिवकुमार धारी, प्रधान आरक्षक श्रवण बरिहा, लक्ष्मीकांत तान्जय, राजेंद्र चन्द्रा, घनश्याम डड़सेना एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष विनोदिनी मिश्रा का निधन

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष विनोदिनी मिश्रा का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय विजय कृष्ण मिश्रा की पत्नी एवं वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा तथा मनीष मिश्रा की माता थी। उनके निधन की खबर से गरियाबंद सहित प्रदेशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने शोक व्यक्त किया है।उल्लेखनीय है कि विनोदिनी मिश्रा सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त और प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व थीं। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष के रूप में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। वे सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय की संस्थापक सदस्य एवं भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति गरियाबंद की पूर्व अध्यक्ष भी रही हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों को समर्पित किया। उनके निधन को सामाजिक एवं वैचारिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक एवं पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनकी अंतिम यात्रा स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी, प्रबुद्ध नागरिक, पत्रकारगण, व्यापारिजन शामिल हुए।

विधायक जनक ध्रुव विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

छुरा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने एक के बाद एक कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सहभागिता की। उनके दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। विधायक जनक ध्रुव सर्वप्रथम जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचे, जहां नवनियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी के स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ध्रुव ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल पाण्डेय भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात विधायक जनक ध्रुव ग्राम फूलबाहरा पहुंचे, जहां उन्होंने दस लाख रुपए के सामुदायिक भवन निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता में है और आने वाले समय में और भी विकास कार्य किए जाएंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक से अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन उन्होंने दिया। अपने दौरे के अंतिम चरण में विधायक जनक ध्रुव लादनपारा पहुंचे, जहां आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने हेतु हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एक पेड़ मां के नाम काव्य संग्रह का विमोचन एवं सम्मान समारोह 19 को

देशभर के साहित्यकार होंगे सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से प्रेरित होकर शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में साझा काव्य संग्रह ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ के विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 19 जनवरी 2026, सोमवार को प्रेमरत्न मैरिज पैलेस, गरियाबंद रोड, राजिम में किया जाएगा। यह आयोजन साहित्य, पर्यावरणीय चेतना एवं शिक्षक-सृजनशीलता का महत्वपूर्ण संगम होगा। आयोजन दो सत्रों में होगा। प्रथम सत्र में साझा काव्य संग्रह ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ का विधिवत विमोचन छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल रमन डेका के करकमलों द्वारा किया जाएगा। वहीं चयनित रचनाकारों का सम्मान समारोह छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीय चंदूलाल साहू करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष म.मो. विभा अवस्थी, कुलपति डॉ विनय पाठक,वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित काव्य प्रतियोगिता में चयनित 31 साहित्यकारों का सम्मान किया जाएगा। आयोजन मंडल ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लगभग साढ़े 650 कविताएँ प्राप्त हुई थीं, जिनमें से श्रेष्ठ रचनाओं का चयन किया गया। चयनित 31 रचनाकारों को शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं ?1100 की नगद राशि एवं प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले रचनाकार पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु एवं छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से हैं। साझा काव्य संग्रह ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ में प्रतियोगिता से चयनित श्रेष्ठ 151 कविताओं का संकलन किया गया है, जिसका विधिवत विमोचन इसी समारोह में किया जाएगा।

गरियाबंद में चार दिनों तक श्रद्धा और भक्ति भाव से गूंजेगी रामकथा

■ **राज्यस्तरीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन 19 से**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद एक बार फिर रामभक्ति और मानस परंपरा के रंग में रंगने जा रही है। भगवान श्री भुतेश्वरनाथ महादेव, माँ शीतला एवं प्रभु श्रीरामचन्द्र जी की असीम कृपा से नगर में भव्य एवं दिव्य राज्यस्तरीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 19 जनवरी से 22 जनवरी तक गांधी मैदान, गरियाबंद में संपन्न होगा। श्री रामराज युवा संगठन एवं समस्त नगरवासी गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस राज्यस्तरीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मण्डलियाँ संगीतमय रामकथा की प्रस्तुति देंगी। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से सहपरिवार पधारकर इस पुण्य आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है। सम्मेलन का शुभारंभ 19 जनवरी सोमवार को 12 मूर्ति स्थापना एवं पूजन दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जो गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी। सायं 6 आरती के पश्चात् मानस मण्डलीयों की प्रस्तुति प्रारम्भ होगी। 20, 21 एवं 22 जनवरी 2026 को प्रतिदिन सायं 07 बजे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से संगीतमय मानसगान की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी।

प्रशासनिक टीम ने पकड़ा 14,711 कट्टा अवैध धान, तीन वाहन जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। धान का अवैध भंडारण व परिवहन के विरुद्ध प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को संयुक्त टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल 14,711 कट्टा अवैध धान तथा तीन वाहन जब्त किया है। पिथौरा विकासखंड के ग्राम मोहदा में टिकेश्वर यादव के आवास, दुकान एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया, जहाँ लगभग एक हजार कट्टा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। धान का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संपूर्ण धान जब्त कर कृषि उपज मंडी पिथौरा के सुपुर्द किया गया। इसी तरह महासमुंद विकासखंड के ग्राम भुरकोनी क्षेत्र में अवैध धान परिवहन की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टरों के माध्यम से धान ले जाते हुए 170 कट्टा धान पकड़ा गया।

दोनों ट्रैक्टरों को भी जब्त कर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम परगला में अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए 51 पैकेट धान पकड़ा। टीम ने धान जब्त कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मंडी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया।

एफएनएल प्रशिक्षण : शिक्षण प्रणाली का बेहतर उपयोग करना जरूरी

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगढ़ के सभागार में प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का जोन स्तरीय द्वितीय चरण का एफ एल एन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम दिवस उद्घाटन के अतिथि कन्या शाला के प्राचार्य कैलाश बनवासी थे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 निपुण भारत 2021 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एनसीएफ 2022 और 2023 के संकल्पनाओं को मजबूती से साकार कर और अधिक प्रभावी बनाना है। जिसके तहत कक्षा 1 से 8 वर्ष तक के बच्चों का बुनियादी भाषा विकास साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत बनाना है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 के अनुसार कक्षा 1 से 3 की नवीन पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलाव की प्रशिक्षण में समीक्षात्मक जानकरियाँ प्रदान की गई। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स , मदन मंडावी, लक्ष्मी देवांगन, करण माधवानी रहे। जिन्होंने भाषा शिक्षण, गणितीय अवधारणा, पर्यावरण विषय, अंग्रेजी भाषा ज्ञान की दक्षता, खेल योग, कला शिक्षा, नवा जतन जैसे विषयों पर गंभीरता पूर्वक रोचकता के साथ प्रकाश डाले। 13 संकुलों का जोन प्रभारी प्रमोद दास सिदार थे। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपने - अपने ग्रुप के अनुसार विषय आधारित गतिविधियों का हाव भाव के साथ डेमो का प्रदर्शन किए। प्रशिक्षण के पाँचवे दिवस में डोंगरगढ़ बीईओ श्रीनिवास मिश्रा एवं एबीईओ गोपी राम वर्मा साथ ही विनोबा एप के जिला समन्वयक नरेंद्र साहू ने निरीक्षण कर शिक्षकों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विनोबा एप से संबंधित पोस्ट ऑफ द मंथ का पुरस्कार चयनित शिक्षकों को बीईओ, एबीईओ के करकमलों से प्रदान किया गया। समापन के मुख्य अतिथि प्राचार्य कैलाश बनवासी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के उद्देश्य और महत्व को बच्चों तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें आज के शिक्षण प्रणाली का बेहतर उपयोग कर आधुनिक भारत के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ना है।

नगर व्यवस्था समिति नगरी के महासचिव बने दीपेश

नगरी/नवप्रदेश। नगर व्यवस्था समिति नगरी द्वारा आवश्यक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से दीपेश निषाद को समिति का नया महासचिव नियुक्त किया गया। नगर व्यवस्था समिति नगरी विगत कई वर्षों से नगर के कृषि कार्य, देव कार्य एवं विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। समिति का गठन प्रत्येक तीन वर्षों में मां दंतेश्वरी प्रांगण में समस्त नगरवासियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया जाता है। समिति द्वारा मड़ाई मेला सहित अन्य पारंपरिक आयोजनों का सफल संचालन किया जाता है।वर्तमान कार्यकारिणी में अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष वरिष्ठ धूलेश्वर गौर सहदेव साहू ईश्वर साहू हेमलाल सेन दीनदयाल शर्मा हरीश शर्मा कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू सह सचिव सुरेश साहू धर्मेंद्र निषाद नरेंद्र नाथ अशोक पटेल दीनदयाल साहू धर्म निषाद हरीश सर्वा शामिल हैं। वहीं, तत्कालीन महासचिव प्रदीप जैन ने पारिवारिक कारणों से अपने पद से त्यागपत्र देकर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जुड़े रहने की सहमति दी, जिसके पश्चात रिक्त पद की पूर्ति हेतु समिति की बैठक में दीपेश निषाद को महासचिव नियुक्त किया गया। नव नियुक्त महासचिव दीपेश निषाद वर्तमान में निषाद समाज नगरी के उपाध्यक्ष, प्रेस क्लब सिहावा नगरी के सचिव, धमतरी निषाद समाज के युवा अध्यक्ष सहित अनेक सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। नगर के गणमान्य नागरिकों ने उनकी नियुक्ति को युवा पीढ़ी को नगर की रीति-नीति एवं सामाजिक कार्यों से जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।साथ ही सहसचिव नोहर साहू, जो निरंतर नगर के प्रत्येक कार्य में तन्मयता से सक्रिय रहते हैं, के योगदान की भी सराहना की गई।

एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत संचालित एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं प्रगति के निरीक्षण हेतु राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड आनंद (गुजरात) के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. वी.पी. भोसले ने गत दिनों जिले का दौरा किया। एबीआईपी-एसएस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक के माध्यम से अधिक संख्या में मादा बछियों का उत्पादन कर दुग्ध पशुओं की नस्लों का त्वरित सुधार करना है। इसके माध्यम से दूध उत्पादन क्षमता में वृद्धि, पशुधन की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार, अनुपयोगी नर बछड़ों की संख्या में कमी तथा पशुपालक किसानों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा रही है।

शराब कोचिया गिरफ्तार

आरोपियों से कुल 30 लीटर महुआ शराब किया जप्त

भटगांव/नवप्रदेश। नवपदस्थ थाना प्रभारी शिव कुमार धारी के आते ही अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जहां आज मुखबिर से सूचना मिला कि सबरिया डेरा के दो व्यक्ति महानदी के उस पार अवैध कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में बिक्री करने के लिए नाव के माध्यम से परिवहन कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही तुरंत अपने थाना स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रंगे हाथ अवैध शराब बिक्री करने वाले को पकड़ा।

नाम पता पूछने पर अपना नाम हीरा सिंह गोड पिता तुलसी गोड उम्र 40 साल ग्राम बलौदा सांवरिया डेरा थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार का बताया। एक व्यक्ति का नाम पूछने पर अर्जुन गोड निवासी सबरिया डेरा बलौदा होना बताया।

पकड़े गए आरोपी हिरा सिंग गोड पिता तुलसी गोड थाना गिधौरी जिला बलौदाबाजार के कब्जे से कुल 30 लीटर शराब जप्त की गई। जिसकी कीमत 6000 रूपये है।

आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इन सभी कार्यवाही में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी, प्रधान आरक्षक एकराम सिदार, घनश्याम डड़सेना, कमल कुर्रे और लक्ष्मीकांत तान्जय का योगदान रहा।

धरसीवां में भव्य हिन्दू सम्मेलन संपन्न

संत सुरेश्वर दास एवं खेमलाल खूंटे का मिला मार्गदर्शन

रायपुर/धरसीवां/नवप्रदेश। धरसीवां खंड में हिन्दू समाज की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता एवं संगठन शक्ति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संत सुरेश्वर दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने आशीर्वचन में उन्होंने सनातन संस्कृति की महत्ता, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना में निहित है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खेमलाल खूंटे ने अपने ओजस्वी संबोधन में हिंदू समाज को संगठित रहने, अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने तथा सामाजिक चुनौतियों का सामूहिक रूप से सामना करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक जागरण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

इस अवसर पर प्राचार्य हेमावती चिव्हाने की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने शिक्षा, संस्कार और सामाजिक चेतना के परस्पर संबंध पर अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में धरसीवां खंड के अनेक गांवों – चरौदा, धरसीवां, नगरगांव, कुरा, बरतनारा, पंदरभट्ठ, मुरा, टाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

आयोजकों ने बताया कि इस हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू शक्ति को जागृत करना, समाज में सकारात्मक सोच का विस्तार करना तथा संगठनात्मक एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान भजन, विचार-विमर्श एवं सांस्कृतिक संदेशों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास किया गया।

सम्मेलन में क्षेत्र के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा। अंत में आयोजकों ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

स्नेह सम्मेलन आज

नगरी/नवप्रदेश। पी.एम. श्री श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, नगरी में 18 जनवरी को गुरुजन एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का भव्य स्नेह सम्मेलन गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्री श्रृंगी ऋषि उत्तर माध्यमिक विद्यालय नगरी 1970 से 2010 तक अध्ययन कर चुके हजारों भूतपूर्व छात्र-छात्राएं तथा 2010 से पूर्व सेवाएं दे चुके गुरुजन एक मंच पर एकत्रित होंगे और पुराने संस्मरण साझा कर भावनात्मक जुड़ाव का अनुभव सांझा करेंगे। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की समुचित व्यवस्थाएं कर ली गई है। सम्मेलन में सहभागियों ने अपने शिक्षण काल के अनुभव साझा करेंगे।

हल्दी-कुमकुम समाज में सकारात्मकता व भाईचारा को बढ़ावा देने का माध्यम - ओम कुमारी

- हल्दी - कुमकुम की सौंधी महक के साथ महिलाओं का स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न
- मकर संक्रांति पर्व पर ब्रह्माकुमारी बहनों का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। हल्दी - कुमकुम, पारंपरिक रस्मो को आध्यात्मिक शिक्षाओं के साथ जोड़कर समाज में सकारात्मकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का माध्यम है। महिलाओं की सभा को संबोधित करते हुए नगर पालिकाध्यक्ष ओम कुमारी साहू ने मुख्य अतिथि की आसंदी से उक्त बाते कही। ज्ञात हो कि गुरुवार को मकर संक्रांति पर्व पर गोबरा नवापारा नगर के आध्यात्मिक संस्थान, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ÷स्वस्थ और स्वच्छ परिवार बनाने में महिलाओं की भूमिका÷ विषय को लेकर महिलाओं की स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हल्दी कुंकुम की सौंधी महक के साथ ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष ओम कुमारी साहू रही। वही संजीवनी हॉस्पिटल नवापारा के निदेशक डॉ.श्वेता पांडे, फीमेल न्यूट्रिशियन कोच प्रज्ञा अग्रवाल, सुअंजना उपाध्याय, डॉ उमा गुप्ता, संध्या शर्मा, मीता महानिक, योगिता सिंहा, बतौर विशेष आतिथ्य मंचस्थ रही। ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन और हेमा बहन ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने स्वागत उद्बोधन के साथ आशीर्वचन स्वरूप कहा कि जीवन में स्वस्थ रहना है तो स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा। स्वच्छ मन व स्वस्थ तन ही जीवन की संपन्नता का आधार है। हम अपने मन के अंतर्दशा को निर्मल और पवित्र रखे तो हमारे विचार और कर्मों में भी स्वच्छता व श्रेष्ठता आएगी। हम महिलाएं ही परिवार की धुरी है, जो सभी को स्नेह की डोर में बांधे रखती है। उन्होंने हल्दी कुंकुम की आध्यात्मिक महत्व बताई। वही मुख्य अतिथि ओम कुमारी साहू ने कहा कि भारती पूजन पद्धति में हल्दी - कुमकुम, का विशेष महत्व है। ब्रह्माकुमारी दीदियों ने इस पर्व को सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से मनाते है, यह पारंपरिक रस्मो को आध्यात्मिक शिक्षाओं के साथ जोड़कर समाज में सकारात्मकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का माध्यम है। वही श्वेता पांडे ने कहा कि हमारे भारतीय समाज में कुमकुम को पवित्रता व निर्मलता का प्रतीक माना जाता है जो अत्यंत मंगलमयी और ऊर्जा से भरपूर होता है, इससे नकारात्मक ऊर्जा का असर नहीं होता।

दसवीं बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए अनिल शर्मा

पहली बार पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में इस वर्ष एकता और सामंजस्य देखने को मिला। संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा को लगातार दसवीं बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खास बात यह रही कि इस बार पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित होकर सामने आई, जो बार की एकजुटता और विश्वास का सशक्त प्रमाण है। चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया से पूर्व ही सभी प्रमुख पदों पर आपसी सहमति बन जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने पूरी टीम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया । घोषणा के साथ ही न्यायालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयाँ दीं और मिठाइयाँ बाँटकर खुशी जाहिर की। लगातार नौ बार चुनाव लड़कर विजय हासिल करने वाले अनिल शर्मा ने अधिवक्ता साथियों के भरोसे पर खरा उतरते हुए एक बार फिर नेतृत्व की कमान संभाली है। उनके नेतृत्व में संघ ने पूर्व में भी अधिवक्ताओं के हित, मान-सम्मान और अधिकारों के लिए प्रभावी भूमिका निभाई है। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत तरुण जलक्षत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वंदना नंद को महिला उपाध्यक्ष, के के पटेल को सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर निर्विरोध चुना गया। इसी तरह संघ के सुचारू संचालन के लिए कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में जनक राम साहू, धनेश चंद्राकर, राजेंद्र साहू, दुर्गेश निराला एवं कुंदन चंद्राकर का चयन भी निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्विरोध निर्वाचन के बाद अधिवक्ताओं ने विश्वास जताया कि अनिल शर्मा के नेतृत्व में यह टीम अधिवक्ताओं की एकता को और मजबूत करते हुए उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करेगी।

नगर के टामकी, बंधुआ व नवा तालाब की सफाई आज

महासमुंद/नवप्रदेश। आयोजक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद एवं हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कल 18 जनवरी 2026 को सुबह 7 से 10 बजे तक स्थानीय टामकी, बंधुआ एवं नवा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत तालाब फैले गंदगी, प्लास्टिक प्रबंधन एवं अन्य अनुपयोग कचरों का निपटान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में शहर समस्त पर्यावरणीय प्रेमियों, सामाजिक संस्थाओं, जागरूक नागरिकों से उपस्थिति की अपील आयोजकों द्वारा की गई। उक्त जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. एच.बी.कालीकोटी एवं हमर भुंइया पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष नुरेन चंद्राकर ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

प्रस्तावित श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह स्थगित

महासमुंद/नवप्रदेश। स्थानीय वार्ड- 01 शंकर नगर में 19 से 27 जनवरी तक प्रस्तावित श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित कर दी गई है। उक्त आयोजन में आचार्य पं. शिवम कृष्ण शास्त्री द्वारा संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाना था। आयोजन स्थगित होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में कुछ निराशा देखी गई। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि की सूचना शीघ्र ही पृथक से दी जाएगी ।

कोडार डैम जंगल में 10 महीने पहले हुए हत्या का आरोपी गिरफ्तार

- गहने के लालच में साड़ी से गला घोंटकर लगा दी थी आग
- महिला के पहने हुए गहने और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। शहीद वीर नारायण सिंह बांध (कोडार डैम) के पास 10 महीने पहले सागौन प्लांट के जंगल में एक अज्ञात महिला की हत्या कर शव जलाने का आरोपी को तुमगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के गहने और बाइक को पुलिस जब्त किया है। आरोपी पहले भी अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जेल जा चुका है।

दरअसल 2 अप्रैल 2025 को तुमगांव पुलिस को सूचना मिली थी कि कोडार डैम के उलट के पास स्थित सागौन जंगल में एक अज्ञात महिला का शव जले हुए हालत में क्षत विक्षत पड़ी हुई मिली थी। पुलिस ने अज्ञात महिला का डीएनए टेस्ट कराया और छानबीन की तो उसकी पहचान सुनीता रजक पति राजेश रजक (55) निवासी धमतरी के रूप में हुई। जो उसके परिजनो ने बताया कि उक्त महिला अपनी बड़ी बहन के घर ग्राम पटेवा मड़ई मेला देखने आई थी और पटेवा से महासमुंद जाने किसी अज्ञात व्यक्ति से मोटरसायकल में लिफ्ट लेकर निकली थी। इसके बाद परिजनों ने पटेवा थाने में गुम इंसान कायम कराया था। अज्ञात महिला की शव की पहचान होने के बाद पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी रही।

पुलिस को सूरज ध्रुव पिता हृदय ध्रुव निवासी ग्राम खुंटेरी थाना खल्लारी का क्लू मिला। इसके बाद पुलिस सूरज से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2018 को अपनी पत्नी संतोषी ध्रुव के हत्या के जुर्म में दिसंबर 2024 तक जेल में सजा काटा है।

जेल से छुटने के बाद वह अपने बहन और जीजा के घर ग्राम कौंवाझर में रहता था, और अपने जीजा का स्पलेण्डर मोटर सायकल क्रमांक छत्त 06- 3140 को चलाता था। 30 जनवरी 2025 को सूरज ध्रुव मोटरसायकल लेकर सुबह के वक्त पटेवा बस्ती कि ओर घुमने गया था, वहां से वापसी के समय ग्राम पटेवा के नंदी चैक के पास उससे एक महिला ने लिफ्ट मांगकर अपनी बहन को आगे बस स्टैंड तक छोड़ने के लिए कहा तब वह उस महिला को अपने गाड़ी में बैठाकर महासमुंद ले जाउंगा बोलकर, उसे अपने झांसे में लेते हुये कोडार डेम घुमाने की बात बोलते है, शाम को महासमुंद छोड़ने का झांसा दिया, तब वह महिला इसके बातो में आ गई और दोनो कोडार डेम चले गये, फिर इसने महिला को अपने बातो में फंसाकर, काम दिलाउंगा और अपने साथ रखूंगा, और तुम्हारे घरवालों को भी नया काम मिला है करके बता देंगें, बोलकर उसे अपने जीजाजी के घर के पीछे वाले घर जो कई वर्षो से बंद था में ले जाकर वहां पर मृतिका सुनीता के लिए रहने, सोने, और खाने का इंतजाम कर दिया, करीबन डेढ. माह बीत जाने पर वह महिला जब इसे अपने घर छोडने की जिद करने लगी और उससे लड़ाई करने लगी तब इसके मन में लालच आ गया था।

तेज रफ्तार पिकअप ने दंपत्ति को किया घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बरोंडाबाजार स्थित राधा स्वामी भवन के पास तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी जिससे दंपत्ति घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04 क्यूके-5115 का चालक वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, हादसे में मिलन निषाद के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, वहीं उनकी पत्नी नीरा निषाद की बाईं आंख के पास गंभीर चोट आई है। घायल नीरा निषाद का उपचार सोहम अस्पताल में जारी है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची। पीड़ित मिलन निषाद की रिपोर्ट पर पुलिस पिकअप चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) और 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी है।

त्रि-दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन 23 से

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में किंकर रामायण मंडली द्वारा त्री दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है जो की 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे प्रारंभ होकर 26 जनवरी को शाम हवन पूजन के पश्चात समापन होगा। इस अखंड रामायण में भाग लेने वाले भजन मंडली के लिए रहने और खाने पीने की व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। 25 जनवरी को शाम 7:00 बजे दीपदान थाली सजाओ रंगोली बनाओ प्रतियोगिता जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित है। आयोजक गण राजाराम यादव चैतराम जायसवाल दुखित जायसवाल ने लोगो से रामायण समारोह मे शामिल होने की अपील की है।

अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा थानांतर्गत ग्राम सलडीह-केशरीपुर मार्ग पर ग्राम नवागांव के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे ने एक और परिवार का सहारा छीन लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम बगारदरहा निवासी अनिल वर्गे (32) सुबह करीब 10 बजे बाइक क्रमांक सीजी 06 एचई 4861 से अपने ससुराल ग्राम गिधली के लिए निकला था। करीब 11 बजे जब वह ग्राम सलडीह- केशरीपुर मार्ग पर नवागांव के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनिल सड़क पर दूर जा गिरा। गिरने के दौरान उसके सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) तथा मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 184 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार समारोह में 28 शिक्षकों का सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिंहा रहे अध्यक्षता छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड इंद्रजीत सिंह खालसा (गोल्डी) एवं अपर कलेक्टर रवि साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिंहा ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों से विद्यार्थियों को भविष्य में प्रशासनिक सेवा सहित शासन में सहभागिता देने योग्य बनाने एवं श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को उच्च पदों तक पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें संस्कार युक्त एवं आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सिंह खालसा ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को विषम परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़े रहने एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में जिले भर से चयनित 28 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञानदीप पुरस्कार (माध्यमिक शाला) श्रीमती लीनू चंद्राकर,ओम प्रकाश साव,धीरज तिवारी शिक्षा दूत पुरस्कार, अंजू ध्रुव, सिराज बख्श, पी. श्रीधर राव, राजेश प्रधान, धनेश्वरी साहू, प्रदीप कुमार पटेल, वर्षानंद, प्रमिला पटेल, रश्मि शर्मा, रामकुमार साहू ,संतोष दूध बोरे, सुरेश कुमार साहू, रुबीना बानो, गफ्फार खान

सर्वश्रेष्ठ संस्था प्रमुख (पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला) सुशील शर्मा, रेवती सिंह, ठाकुर सिंह ध्रुव, सरिता दानी, रमाकांत पात्र, निहारिका चंद्राकर, ब्रह्म ओम केरकटा, विष्णु चरण पटेल, ऋषिकेश साहू, दयासागर नायक, कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा दिया गया।

मूक माटी एक्सप्रेस का रायपुर से हुआ शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज की कृति मूकमाटी के नाम से रायपुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस किया गया , जिसका विधिवत शुभारंभ आज प्लेटफार्म नंबर 7 रायपुर से छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री गृहमंत्री विजय शर्मा एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ,वरिष्ठ वाणिज्य रेल प्रबंधक अवधेश त्रिपाठी , डी सी एम राकेश सिंह ,सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन , नरेंद्र गुरु कृपा ,अनेक अधिकारी एवं सैकड़ो जैन समाज के प्रबुद्ध जनों के बीच आज इस ट्रेन का नाम परिवर्तन कर परिचालन प्रारंभ किया गया।

सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर की ओर से विजय शर्मा एवं अवधेश सिंह , राकेश सिंह का सम्मान किया गया। ट्रेन प्रारंभ होने के पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित अजीत शास्त्री जी ने मंत्रोचार के साथ ट्रेन की पूजा की। श्री विजय शर्मा ने कहा आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने अपने जीवन काल में अनेक कार्य किया, परंतु अपने शरीर को त्यागने का अंतिम कार्य का लाभ छत्तीसगढ़ की पावन भूमि मां बमलेश्वरी की भूमि डोंगरगढ़ को प्राप्त हुआ , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृहमंत्री अमित शाह , रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जो की लगातार गुरुदेव के संपर्क में रहते थे ।

दो कार से 150 किलो गांजा जप्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने लग्जरी कार से गांजा तस्करी कर रहे ओडिशा के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 150 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पदमपुर-ओडिशा की ओर से क्रेटा कार क्रमांक ओडी 02 एसी 4644 एवं क्रेटा कार क्रमांक ओडी 15 आर 3456 में कुछ व्यक्ति गांजा लेकर बसना की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने पलसापाली बैरियर पहुंचकर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद वहां दो कारें वहां आईं, जिन्हें रोका गया। पुलिस की पूछताछ में कार क्रमांक ओडी 02 एसी 4644 के चालक ने अपना नाम-पता मनकेश्वरी मंदिर प्लाट वार्ड-03 सोनपुर थाना सोनपुर जिला सोनपुर (ओडिशा) निवासी तन्मय मिश्रा ऊर्फलिपुन (29)बताया तथा कार क्रमांक ओडी 15 आर 3456 के चालक ने अपना नाम-पता मृत्युन्जयपुर थाना मनमुंडा जिला बौद्ध (ओडिशा) निवासी प्रमोद कल्ता उर्फसिकुन (25) एवं चालक के बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम-पता ग्राम बुदेलबाहली थाना तोरवा जिला सोनपुर (ओडिशा) निवासी दीनबंधु मिश्रा पिता सर्वेश्वर मिश्रा (39) बताए। पूछने पर दोनों कारों में गांजा होना बताया। दोनों कारों से गांजा से चार-चार बोरियां कुल 150.750 किलो गांजा (कीमत लगभग 75 लाख रुपए) बरामद किया गया। इसके अलावा दो कार, तीन मोबाइल बरामद किया गया।

अजय चन्द्राकर ने किया कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

कुरुद/नवप्रदेश। नगर एवं क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में टारनेडो क्लब द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर एवं नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के करकमलों से हुआ।कबड्डी टूर्नामेंट की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये,उपविजेता को 11 हजार, तृतीय आने पर 6 हजार तथा चतुर्थ आने वाली टीम को 4 हजार रुपये इनाम में दिया जाएगा।सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2100 रूपये, सर्वश्रेष्ठ रेडर व सर्वश्रेष्ठ कैचर को 11-11 सौ और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। टारनेडो क्लब द्वारा 32 टीम के सभी खिलाड़ियों को निकर व टीशर्ट प्रदान किया जाएगा

शनिवार को खेल मेला मैदान कुरूद में 17, 18 जनवरी तक चलने वाले इस खेल स्पर्धा के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर ने क्रिकेट प्रशिक्षक स्व. विनोद गोस्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नगर में खेल नर्सरी तैयार करने में उनके योगदान को याद किया।विधायक श्री चन्द्राकर ने माना कि विगत दशक में यहां करोड़ों रुपए खर्च कर खेल सुविधाओं में काफी ईजाफा किया गया, लेकिन उस अनुपात में खेल का विस्तार नहीं हुआ है। मैदान में खिलाड़ियों कीअनुपस्थिति का फायदा नशेबाज उठाने लगे, यह समाज का चिंतनीय पहलू है। श्री चंद्राकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनकी हौसला अफज़ाई की और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। साथ ही मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने मैदान में टॉस उछाल खेल शुरू कराया।

नगर की प्रथम नागरिक ज्योति भानु चन्द्राकर ने दो दिवसीय खेल आयोजन के लिए टीसीसी को बधाई देते हुए आगे भी खेल गतिविधियां और टूर्नामेंट कराए जाने की बात कहते हुए सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों से इसी तरह के सहयोग की बात कही । इस अवसर अतिथि नीरज चंद्राकर वरिष्ठ खिलाड़ी एवं एस पी, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, रविकांत चन्द्राकर, कृष्णकांत साहू, , भानू चन्द्राकर आदि थे ।

इस प्रतियोगिता में टॉरनेडो क्रिकेट क्लब के असीम चंद्राकर, विकास अग्रवाल, पुष्कर गोस्वामी, हरिश देवांगन, हरिशंकर सोनवानी, प्रमोद साहू, संजय ध्रुव, थानेश्वर तारक, आदि सम्मिलित हुए।

बाल लेखिका शांभवी तिवारी के कविता संग्रह का विमोचन आज

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। राजधानी की बाल लेखिका शांभवी तिवारी के प्रथम कविता संग्रह व्हेयर द हार्ट लर्न्स टू राइज का विमोचन रविवार 18 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे वृन्दावन सभागृह सिविल लाइन रायपुर में किया जायेगा।

अग्रणी सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि इस दौरान अमर रहे गणतंत्र हमारा विषय पर काव्य गोष्ठी भी रखी गई है। जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि 13 वर्षीय बाल लेखिका विगत 1 वर्ष से कविताएं लिख रही है। इस संग्रह में उनकी 16 कविताएं संकलित है।

न्यूज गैलरी

बाबा गुलाब शाह रहमतुल्ला अलैहे का उर्स शुरू

छुईखदान/नवप्रदेश। शहीद नगरी छुईखदान के हृदय स्थल बस स्टैंड के समीप स्थित वर्षो पुरानी दरगाह बाबा गुलाब शाह रह। अलैहे का सालाना उर्स 16 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 17 जनवरी तक श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स के मौके पर दूर-दराज से बाबा के चाहने वाले दरगाह पहुंचकर चादरपोशी पेश कर मन्नतें मांगते हैं।उर्स की शुरुआत 16 जनवरी शुक्रवार की सुबह 8 बजे गुस्ल पेश करने की रस्म से हुई। इसके पश्चात दोपहर में बाद नमाज जुमा के बाद कुरान खानी की गई, जिसमें कुरान खानी के अलावा फातिहा का आयोजन किया गया। शाम को मगरिब की नमाज के बाद मस्जिद के सामने से न्यू यंग कमेटी के तत्वावधान में शाही संदल निकाला।गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। उर्स के दूसरे दिन 17 जनवरी शनिवार को दोपहर में आम लंगर का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सभी धर्म और समाज के लोगों को प्रसाद रूपी लंगर ग्रहण करने का अवसर मिलेगा।

छुरिया में दो दिवसीय रामायण मानस सम्मेलन आज से

छुरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरिया में आगामी 17 एवं 18 जनवरी शनिवार और रविवार को दो दिवसीय रामायण स्वर मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। रामायण मानस सम्मेलन में महाराष्ट्र सहित उड़ीसा छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मंडलियां जिनमें नागपुर गोंदिया, कांकेर, रायपुर, धमतरी महासमुंद सहित अनेक रामायण मंडलियों का आगमन होगा।मां दन्तेश्वरी मानस प्रचार समिति का यह शानदार 21 वां वर्ष होगा। मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष अमीर खान, जोधीराम साहू, टामेश्वर कुम्भकार, शेखर भरद्वाज, डॉ। राधे ठाकुर ने बताया कि 17 एवं 18 जनवरी को दो दिवसीय मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन नये बस स्टैण्ड में किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरी तैयारी कर ली। गई है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोलाराम साहू विधायक खुज्जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, विशिष्ट अतिथि छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू एवं पूर्व पार्षद छुरिया सरला गुप्ता के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा।

7658 गन्ना कृषकों को 4.50 करोड़ रुपये की रिकवरी राशि जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा आज 7658 गन्ना कृषकों को 4.50 करोड़ रुपये की रिकवरी राशि जारी कर दिया गया है। पंडरिया शक्कर कारखाना के एमडी ने बताया कि पेराई सत्र सुचारू रूप से जारी है। कारखाने को गन्ना विक्रय करने वाले गन्ना कृषकों को अतिरिक्त रिकवरी राशि का भुगतान निरंतर किया जा रहा है। इस सत्र में कृषकों को 99.27 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अतिरिक्त रिकवरी राशि देय थी। इसमें से पूर्व में 51 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। आज शेष भुगतान के रूप में 30 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कुल 4.50 करोड़ की राशि किसानों को बैंक माध्यम से जारी कर दी गई है। कारखाना प्रबंधन ने सभी गन्ना उत्पादक किसानों से आग्रह किया है कि वे अपना गन्ना कारखाना में ही विक्रय करें।

मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चैक कवर्धा के सभाकक्ष में 25 जनवरी 2026 को 11 बजे से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें युवा मतदाताओं को बैज से सम्मानित करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी.एल.ओ. को कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में फैला धर्मांतरण का जाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। धर्मांतरण कराने वालों का नेटवर्क छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में फैला हुआ है । यह खुलासा धर्मापुर में धर्मांतरण कराते पकड़े गए डेविड चाको की जांच से हुआ है। पुलिस ने डेविड के पास से हजारों डॉलर का प्रोजेक्टर सहित कई डिजिटल साक्ष्य बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 8 जनवरी को थाना लालबाग अंतर्गत पुलिस चौकी सुकुलदैहान में एक लिखित शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत में लगाए गए आरोपों के अनुसार ग्राम धर्मापुर में एक व्यक्ति द्वारा आश्रम / चर्च संचालन, नाबालिग बच्चों को रखने तथा कथित रूप से धर्मांतरण से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी गई थी। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में पुलिस चौकी सुकुलदैहन द्वारा आरोपी डेविड चाको के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3, 4 एवं 5 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।

47वीं ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रानीगांव बना विजेता

- मुख्य अतिथि के हाथों विजेता टीम को एवं ट्रॉफी पुरस्कार वितरण किया गया

नगरी/नवप्रदेश। मुचकुंद ऋषि की पावन धरा ग्राम मेचका (सोन्दूर), विकासखंड नगरी, जिला धमतरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 47वीं ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट 8 दिवसीय प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 जनवरी को सनराइज क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी मेचका तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से हुआ।

इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न ग्रामीण टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों, बच्चों, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विजेता टीम के लिए ?20,026 एवं उपविजेता टीम के लिए ?10,026 की नगद राशि एवं आकर्षक ट्रॉफी रखी गई थी।

दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे।पहला सेमीफाइनल क्रिकेट क्लब रानीगांव एवं सनराइज क्रिकेट क्लब सुदूर के बीच खेला गया, जिसमें रानीगांव ने 15 रनों से विजय प्राप्त की।दूसरा सेमीफाइनल क्रिकेट क्लब जोरातराई एवं क्रिकेट क्लब घुरावड़ के मध्य हुआ, जिसमें घुरावड़ ने सुपर ओवर में 15 रनों से जीत दर्ज की। जिसमे फाइनल मुकाबला क्रिकेट क्लब रानीगांव एवं क्रिकेट क्लब घुरावड़ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर घुरावड़ ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। रानीगांव की टीम ने 6 ओवर में 51 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी घुरावड़ की टीम 6 ओवर में 45 रन ही बना सकी। इस प्रकार रानीगांव की टीम ने 18 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

पुरस्कार वितरण विजेता क्रिकेट क्लब रानीगांव को शील्ड एवं ?20,026, जबकि उपविजेता क्रिकेट क्लब घुरावड़ को शील्ड एवं ?10,026 की राशि प्रदान की गई। व्यक्तिगत पुरस्कार इस प्रकार रहे–

मैन ऑफद सीरीज कामता प्रसादमैन ऑफ द मैच लोकेश बेस्ट बॉलर शेषनारायण धुर्वा

बेस्ट कीपर ओमप्रकाश, भूषणबेस्ट ऑलराउंडर शंकर ठाकुर बेस्ट बैट्समैन सोहनसर्वाधिक छक्के धनराज बेस्ट कमेंटेटर मनीष बेस्ट दर्शक हीरामन साहू, सरजा बाई सेनअनुशासित टीम क्रिकेट क्लब जोरातराई हैट्रिक विकेट सोहन जिसमे आयोजन समिति एवं अतिथि आयोजन समिति में अध्यक्ष शंकर ठाकुर, उपाध्यक्ष रवि नेताम, सचिव तेजेश्वर मांझी, सहसचिव कमल साय धुर्वा, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू सहित सदस्यगण गजेंद्र नेताम, मनीष, रामेश्वर, दीपक, गजू, गोपाल, पंकज, भूपेंद्र, शेखर, तेज, मुकेश एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ग्राम की मातृशक्ति महिलाओं का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच जीवन लाल नाग सहित जीवन लाल यादव, किशोर सोनकर, मुरली पटवा, सुखराम कुलदीप, शांति लाल साहू, हेमानंद मरकाम, विजय ध्रुवा, कैलाश ठाकुर, शेषनारायण धुर्वा, होमेन्द्र सिन्हा, कमल साय धुर्वा, यतीश, मनीष प्रजापति, परस साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

धान खरीदी में अनियमितता
कुकदूर उपार्जन केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

- जांच में 628 क्विंटल धान मिला कम
- अवैध धान परिवहन और भंडारण के 109 प्रकरणों पर हुई कार्रवाई, 11 हजार क्विंटल से अधिक धान जप्त

कवर्धा /नवप्रदेश। जिले के पंडरिया विकासखंड के कुकदूर धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी पर एफआईआर दर्ज किया गया है। खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने बताया कि जिला स्तरीय जांच दल द्वारा किए गए धान स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 628 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 292 रुपए है। जांच में कमी पाए जाने पर उपार्जन केंद्र प्रभारी अमित बाजपेई के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा द्वारा समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में धान खरीदी में रीसाइकलिंग रोकने, किसानों की सहमति से रकबा समर्पण सुनिश्चित करने तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

ग्राम बारूका में शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए विधायक रोहित

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधायक रोहित साहू गुरुवार को ग्राम बारूका में जय माँ शाकम्भरी पैरी गंगा परिक्षेत्र मरार (पटेल) समाज द्वारा आयोजित माँ शाकम्भरी जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। बारुका पहुंचने पर जनपद सदस्य भीम निषाद एवं टिकेश्वर पटेल के नेतृत्व में ग्रामीणों व पटेल समाज के लोगों ने विधायक का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। इस दौरान जेसीबी से पुष्पवर्षा की गई, वहीं मरार पटेल समाज द्वारा सब्जियों से तौलकर विधायक का अभिनंदन किया गया। विधायक रोहित साहू ने समाज द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार जताया। उन्होंने माँ शाकम्भरी की पूजा-अर्चना की तथा जन्मोत्सव को लेकर पटेल समाज को शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का भी बखान किया। उन्होंने कहा की हमारी विष्णु देव सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी की। लंबित 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। महतारी वंदन का लाभ माता-बहनों को मिल रहा। गांव गांव गली गली घर घर तक विकास पहुंचाने का काम सरकार कर रही है।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्री तनवीर अंसारी उम्र 31 वर्ष पिता शेख रमजान अंसारी निवासी सुराना कॉलेज वार्ड केलाबाडी तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि नि.लि. कथन शपथपूर्वक करता हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र रजीउल्ला अंसारी के जन्म प्रमाण में मेरी पत्नि का नाम श्रीमती कस्मी उर्फ शबनम अंसारी दर्ज हो गया है जो कि त्रुटि पूर्ण है जबकि मेरी पत्नि का वास्तविक नाम श्रीमति शबनम अंसारी है जो सही एवं सत्य है। यह कि मेरे पुत्र के अंकसूची में मेरी पत्नि का नाम शबनम अंसारी दर्ज है एवं पिता का नाम (स्वंय के) तनवीर अंसारी दर्ज है एवं पुत्र के समस्त दस्तावेजों में पत्नि का शबनम अंसारी ही दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र को सुधरवाने एवं अन्य शासकीय कार्य के लिए मैं अपनी पत्नि का नाम कस्मी उर्फ शबनम अंसारी के जगह सिर्फशबनम अंसारी दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि मेरे पुत्र के माता का एक ही नाम रखने के लिए गजट प्रकाशन करवाना चाहता हूं इसी आधार पर मेरे पुत्र के शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में अंकित करवाने यह शपथ पत्र श्रीमान अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
तनवीर अंसारी
पिता शेख रमजान अंसारी
निवासी सुराना कॉलेज वार्ड
केलाबाडी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India | शाखा: देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / मांग सूचना तिथि
1. कोपरडे बसप्पा अशोक, सी-258, सेक्टर- 6, प्रियदर्शनी नगर, वल्लभ नगर रायपुर-छत्तीसगढ़ 492001 म.नं. 5-1-4 (म.नं. 5-1/4/66) प्लॉट न. 4, सि. नंबर 66, बंदलाउम्दा जागीर, ग्राम- गांडीपेट मंडल, रंगा रेड्डी, जिला- हैदराबाद -500086 में स्थित। 2. के.बी. जया, म.नं. 514, इंद्रा रेड्डी नगर कॉलोनी।	स्वामित्व- के.बी. अशोक, बंदलाउम्दा जागीर, ग्राम- गांडीपेट मंडल रंगा रेड्डी जिला-500086 हैदराबाद में स्थित म.नं. 5-1-4 (म.नं. 5-1/4/66) प्लॉट नं. 4,सि. नंबर 66.	GENERAL HOME LOAN दिनांक 30/11/2025 ₹ 85,17,246.37/- तक कुल देय धनराशि एनपीए तिथि 15/12/2025 22/12/2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, देवपुरी शाखा, रायपुर (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांक: 17.01.2026 स्थान: रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र तुमगांव विकासखण्ड व जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
मुख्य मार्ग महासमुन्द चौक तुमगॉव. वि.ख. महासमुन्द
दुरभाष नं. 07723-223232, ईमेल आईडी: bmo_msmd@rediffmail.com

क्रमांक / स्थापना /2025-26/66 महासमुन्द, दिनांक 08/01/2026

// द्वितीय निविदा सूचना //

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव वि.ख. जिला महासमुन्द में वर्ष 2025-26 हेतु विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई के अधिकारियो के दौरे हेतु व विकासखण्ड मे चिरायु आदि कार्यक्रम संचालन हेतु 03 वाहन की आवश्यकता हेतु शासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शी नियमो के अनुसार उपरोक्त सभी वाहन निविदा के न्युनतम दर पर नवीन कर प्रणाली GST अंतर्गत पंजीकृत निविदाकर्ता जिला महासमुन्द से एक वर्ष के अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 30.01.2026 सांय 4.00 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 02.02.2026 दोपहर 02.00 बजे
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 02.02.2026 शाम 04.00 बजे

स्थान : कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव, जिला व विकासखण्ड महासमुन्द छ.ग.

समय : निर्धारित तिथि को कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक आवेदन के साथ 1000/- रूपये नगद भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है।

जी- 252606109/2

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव
विकासखण्ड महासमुन्द

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (महिला एवं बाल विकास विभाग)

कमांक / 1805 /मबावि/सा.वि./2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 15/01/2026

-: सीमित निविदा सूचना :-

महिला एवं बाल विकास विभाग, दन्तेवाड़ा छ0ग0 की एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सामग्री प्रदाय करने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक प्रदायकर्ता को दिनांक 27.01.26 अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदा सील बन्द लिफाफे में कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग) दन्तेवाड़ा के कार्यालय में रखी सील बन्द पेटी में डालना होगा। निविदा दिनांक 27.01.26 सायं 4:00 बजे क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

इस संबंध में नियम, शर्तें, सामग्री की सूची (मय स्पेसिफिकेशन के) एवं धरोहर राशि इत्यादि की जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र रूपये 500/-रू. विभागीय मद '0235 सामाजिक सुरक्षा और कल्याण-2-विविध आय' में जमा करके चालान की प्रति प्रस्तुत कर कार्यालय से कार्यालयीन समय में दिनांक 27.01.26 अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

जी- 252606103/4

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 52/न.पा.नि./ जोन क्रमांक - 06/2025-26 रायपुर, दिनांक 16/01/2026

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन "डी" एवं उससे ऊपर) / फर्म एवं संस्था / एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा "अ" में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं "ब" में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 30/01/2026 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनाँक 06/02/2026 तक पंजीकृत डाक/ स्पीड डाक के माध्यम से सायं 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनांक 09.02.2026 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष खोली-जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा का प्रकार	मद का नाम	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समयावधि
1	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत भाठागांव कबीर जिम के पास, मोना सेन के मकान के पास एवं संजय नगर मिलन चौंक के पास पाईप लाईन लिकेज मरम्मत कार्य।	प्रथम	संधारण मद	94000.00	2000.00	300.00	PHE SOR SOR 01.06.2020	1 माह
2	मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सीमेंट चेयर प्रदाय कर स्थापित करने का कार्य।	प्रथम	पार्षद निधि	388500.00	3900.00	750.00	NON SOR RATE	1 माह
3	श. ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्र. 63 अंतर्गत टिकरापारा, सुदामा नगर एवं नंदी चौंक के आस-पास गली में रोड सहित नाली निर्माण कार्य।	प्रथम	पार्षद निधि	205000.00	2100.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015	1 माह

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है-

लिफाफा "अ" में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर (निविदा खोलने तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति।
(2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति
(4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

लिफाफा "ब" में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तेः- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जायेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी.विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

(निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में आकर प्राप्त की जा सकती है)

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06,
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यूज गैलरीं

सीएम से रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन में मिली सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि प्रेस क्लब जनहित के मुद्दों को जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष श्री दिलीप कुमार साहू, महासचिव श्री गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश यदु, संयुक्त सचिव श्रीमती निवेदिता साहू, श्री भूपेश जांगड़े उपस्थित थे।

पूर्व राज्यपाल बैस ने मुख्यमंत्री साय से की सौजन्य मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्री बैस ने मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी 01 फरवरी को राजधानी रायपुर में विश्व धर्म चेतना मंच एवं सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के सान्निध्य में आयोजित होने वाले सिद्धि शक्ति महाआशीर्वाद कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम के आमंत्रण के लिए श्री रमेश बैस के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

गुप्त नवरात्रि में श्री महामाया मंदिर में श्रीमद् भागवत् कथा का आयोजन

- **मारूतिनंदनाचार्य बागीश जी महाराज होंगे प्रवचनकर्ता**
- **भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी महामाया मंदिर से 18 को**
- **बसंत पंचमी पर होंगे विशेष कार्यक्रम**

रायपुर/नवप्रदेश। गुप्त नवरात्रि 19 से प्रारंभ हो रही है। इस अवसर पर महामाया मंदिर, डोंगरगढ़, रतनपुर तथा अन्य मंदिरों में विशेष आराधना भक्तों द्वारा की जाएगी। महामाया मंदिर में बागीश जी महाराज का 18 जनवरी को आएंगे, 19 जनवरी को शुरू होगा प्रवचन। तांत्रिक सिद्धि और ज्योतिषी विद्या साधना के लिए गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व है। महामाया मंदिर देवी समिति के अध्यक्ष व्यासनारायण तिवारी ने बताया कि राज राजेश्वरी महामाया देवी मंदिर के तत्वाधान में 19 जनवरी से 26 जनवरी तक गुप्त नवरात्रि महोत्सव व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा के प्रवचनकर्ता श्रद्धेय मारूतिनंदनाचार्य बागीश जी महाराज मथुरा वृंदावन वाले होंगे। इस कथा में गुप्त नवरात्रि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। बागीश महाराज 18 जनवरी को आएंगे तथा 19 जनवरी से कथा प्रारंभ होगी। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा बाजा-गाजा के साथ निकाली जाएगी। मंदिर परिसर में अमीन पारा, लीली चौक, लाखेनगर, शारथी चौक, ब्राह्मण पारा, हनुमान मंदिर, कंकाल तालाब से होते हुए मंदिर परिसर में वापसी होगी। कथा का प्रारंभ प्रथम 2 बजे 6 बजे तक होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक भागवत कथा दीप प्रज्वलन संध्या आरती तत्पश्चात प्रसाद वितरण होगा। 26 जनवरी को हवन पूजन, भण्डारा प्रसाद वितरण होगा। मंदिर की व्यवस्थापक विजय कुमार झा ने बताया कि श्रद्धालुओं को वेबसाइट के माध्यम से नित्य श्रृंगार दर्शन का लाभ दिया जाएगा। न्यास के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं के सहयोग से विशाल आयोजन किया जा रहा है, लोगों से अपील की जाती है कि इस भागवत कथा का श्रवण करें।

नवरात्रि में मिल रहे विशेष योग

शंकराचार्य आश्रम के स्वामी आचार्य हिन्दू भवानंद ने बताया कि बृहस्पति कर्क राशि में विराजमान रहेगें। कर्क में गुरू का उच्च स्थान माना जाता है, इस योग में विद्या प्रारंभ, शिक्षा से जुड़े कार्य, स्कूल शिक्षा से जुड़े कार्य, विद्या आधारित व्यवसाय की सफलता प्रबंध योग है। बसंत पंचमी के दिन शुरू किए गए कार्य ज्योतिष विद्या के अनुसार फलदायी माने जाते हैं। नवरात्रि 19 जनवरी से शुरू हो रही है। इस दिन कुंवार सिद्धि योग है। 23 जनवरी को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। चैत्र शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि को मिलाकर कुल 4 नवरात्रि होती है, इससे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के 9 रूपों के आराधना होती है। ज्योतिष और पुजारियों का कहना है कि महा विद्यों की साधना की जाती है। इस दौरान मां कमाख्या के पूजा अर्चना की जाती है।

बसंत पंचमी उत्सव पर सरस्वती चौक में विशेष कार्यक्रम होंगे

पुरानी बस्ती के सरस्वती चौक में 5 दिनी सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह परंपरा कई वर्षों से निभाई जा रही है। 21 जनवरी को बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, 22 को कवि सम्मेलन, 23 पूजा अर्चना तथा 26 को माटी के श्रृंगार का मंचन होगा।

सीएम साय के निर्देशानुसार बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला नया आयाम

रायपुर/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा को लेकर कुछ माध्यमों में यह भ्रामक और तथ्यहीन प्रचार किया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 100 बिस्तरीय अस्पताल की घोषणा की गई थी, किंतु उद्घाटन केवल 30 बिस्तरीय अस्पताल का किया गया। यह दावा वास्तविक तथ्यों के विपरीत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर ने बताया कि वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह स्वीकृति केवल 30 बिस्तरीय भवन संरचना के लिए थी, जिसकी लागत लगभग 243.72 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। यह निर्णय भवन के तकनीकी मानकों तक सीमित था और इससे अस्पताल की अंतिम चिकित्सा क्षमता निर्धारित नहीं होती थी। राज्य में नई सरकार के गठन के पश्चात मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के स्पष्ट एवं दूरदर्शी सोच के फलस्वरूप उनके निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में ठोस पहल की गई। इसी क्रम में वर्ष 2024 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा को 100 बिस्तरीय अस्पताल के रूप में उन्नयन करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

कार से सामान चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्य हुए गिरफ्तार

पुलिस ने किया खुलासा

तमिलनाडु के त्रिची से रायपुर आया था गिरोह

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तमिलनाडु के कुख्यात त्रिची गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह देशभर में घूम-घूम कर कार का कांच तोड़कर कीमती सामान उड़ाने के लिए जाना जाता है।

यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से अपनी पहचान छिपाता है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी किसी होटल या लॉज में रुकने के बजाय रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं। वे बिना टिकट रेल यात्रा करते हैं ताकि उनका कोई रिकॉर्ड न रहे। वारदात के लिए वे ऐसी खड़ी कारों को चुनते हैं जिनके अंदर बैग या कीमती सामान दिखाई देता है, और पलक झपकते ही कांच तोड़कर रफूचक्कर हो जाते हैं।

96 घंटे का ऑपरेशन: झारखंड के धुरवाडैम से दबोचे गए : रायपुर के गंज और देवेंद्र नगर क्षेत्र में चोरी की दो बड़ी वारदातों के बाद पुलिस ने जाल बिछाया। 06 अलग-अलग टीमों ने हजारों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण की मदद से आरोपियों का पीछा किया। टीम ने रायपुर से लेकर दुर्ग, डोंगरगढ़, संबलपुर, टाटा और रांची तक खाक छानी। अंततः, आरोपियों को झारखंड के रांची (धुरवाडैम) से तब गिरफ्तार किया गया, जब वे वहां अगली वारदात की फिराक में थे।

गुमराह करने की नाकाम कोशिश

गिरोह ने पुलिस को भटकाने के लिए चोरी का लैपटॉप गरियाबंद के पास जंगल में फेंक दिया था। हालांकि, साइबर यूनिट की मुस्तैदी के कारण टीम ने मात्र 06 घंटे के भीतर उस लैपटॉप को बरामद कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वर्तमान में 01 लैपटॉप, 01 टैब, नगदी, सोने के सिक्के और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

कई राज्यों में फैला नेटवर्क

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इस गिरोह ने छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में भी कई वारदातों को अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपी किट्टू, विनोद कुमार, बाला मुरुगन, कुमरेशन, भास्कर और रंगन सभी तमिलनाडु के तिरुच्चिराप्पल्ली (त्रिची) के निवासी हैं।

विद्यार्थी खुद को भी समय दें बागड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग में विद्यार्थियों के लिए 'संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें प्रेरित करने के लिए वक्ताओं को आमंत्रित किया जाता है । इसी कड़ी में क्लीनिकल सायकोलॉजिस्ट विधि बागड़ी ने विद्यार्थियों से रूबरू होकर उन्हे शिक्षा के साथ-साथ भविष्य में लोक व्यवहार से संबंधित बातों से अवगत कराया। विधि ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अध्ययन,घर के कार्य व सोशल मीडिया में व्यस्तता के बावजूद प्रत्येक विद्यार्थी को खुद के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए । यह समय ऐसा होना चाहिए जिसमें केवल हम शांत रहें, मौन रहकर विचारों के आवागमन को रोके कुछ समय अपनी मानसिक मजबूती पर विचार करने को दें । वक्ता विधि बागड़ी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे दूसरों से स्वयं की तुलना ना करें।

मुख्यमंत्री साय से जिला साहू संघ के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य मुलाकात

- **जिला साहू संघ के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य मुलाकात**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जिला साहू संघ, खैरागढ़-छुईखदानङ्कगंडई के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मा धाम, खम्हरिया में भक्त शिरोमणि माँ कर्मा एवं भक्त माता राजिम के मंदिर निर्माण के भूमिपूजन एवं शपथ-ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री श्री साय को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में समाज की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, समरसता तथा सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक श्री मोतीलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द साहू, श्री प्रदीप साहू, श्री टीलेश्वर साहू सहित साहू संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 21 फरवरी तक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में 20 से 21 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति विकास विभाग एवं आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय जनजातीय जीवनशैली है, प्रतियोगिता का आयोजन सबेरे 10:00 से शाम 5:00 बजे तक होगा। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से अनुसूचित जनजाति संवर्ग के प्रथम 150 पंजीकृत प्रतिभागियों को शामिल किया जायेगा।

स्व. श्याम सुन्दर अग्रवाल को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के खम्हारडीह (ऐश्वर्या विंड मिल) स्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पहुंचकर स्वर्गीय श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल की पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय श्याम सुन्दर अग्रवाल समाजसेवा एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री सम्पत अग्रवाल, श्री छगन मुंदड़ा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कौशल्या माता विहार में अवैध निर्माण हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना में सेक्टर-11 में लगभग 1500 वर्गफुट में अवैध, पक्का निर्माण तथा सेक्टर-15 में 10 नग अवैध झुग्गी झोपडी को भी हटाने की कार्यवाही रायपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस बल के सहयोग से कौशल्या माता विहार (कमल विहार) में किये गये अवैध निर्माण एवं झुग्गी झोपडीओं को हटाये जाने की कार्यवाही की गई।

छत्रपति शिवाजी राष्ट्रीय गौरव यात्रा 16 फरवरी को पहुंचेगी राजधानी

- **रायपुर में भव्य स्वागत के साथ कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जुटे विभिन्न समाजों के प्रतिनिध**

रायपुर/नवप्रदेश। शिवाजी महाराज की मां राजमाता जिजाऊ बाई के जन्मस्थल सिंदखेड़ नासिक से निकली राष्ट्रीय गौरव यात्रा 16 फरवरी को रायपुर पहुंचेगी। यहां यात्रा का न केवल भव्य स्वागत किया जाएगा बल्कि बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अनेक मंत्रियों सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाज के पदाधिकारियों के बतौर विशेष आमंत्रित शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रीय गौरव यात्रा के भव्य स्वागत और कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महाराष्ट्र मंडल में अध्यक्ष अजय मधुकर काले की अगुवाई में शुक्रवार की देर शाम एक अहम बैठक हुई। जिसमें मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों के अलावा मराठा समाज, कुनबी समाज, स्वर्णकार समाज सहित अनेक समाजों के पदाधिकारी शामिल हुए और आयोजन की तैयारी को लेकर अपने- अपने विचार रखे। बैठक में कुर्मी समाज व्यापार प्रकोष्ठ के धनंजय सिंह वर्मा ने बताया कि शिवाजी महाराज की मां राजमाता जिजाऊ बाई के जन्मस्थल सिंदखेड़ नासिक से 12 फरवरी को भव्य राष्ट्रीय गौरव यात्रा शुरू होगी। छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा के साथ बेहद आकर्षक रथ यात्रा का आकर्षण होगा। धनंजय के मुताबिक यात्रा अकोला, अमरावती, नागपुर, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई होते हुए 16 फरवरी को राजधानी रायपुर पहुंचेगी। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों में गौरव यात्रा जोशीला स्वागत किया जाएगा। लेकिन स्वागत के साथ भव्य कार्यक्रम रायपुर में आयोजित किया जाएगा।

चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज का आज होगा मंगल प्रवेश

- **सुयश सागर जी महाराज ससंघ करेंगे गुरुजी की आगवानी**

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। पंचकल्याणक महा महोत्सव के निमित्त पधार रहे पट्टाचार्य मुनि 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का आज नगर प्रवेश रविवार दोपहर 02 बजे श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में होगा। आचार्य संघ की भव्य आगवानी की तैयारी में समाज के सभी वर्ग के लोग जुटे हुए हैं।

पारसनाथ के दर्शन पश्चात होगा नगर भ्रमण

दोपहर में स्कूल से विहार कर आचार्य संघ सबसे पहले श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मंदिर में श्री जी के दर्शन करेंगे उसके पश्चात बाजे गाजे के साथ गंज मार्ग से होते हुए पंचकल्याणक स्थल पहुंचेंगे, स्थल निरीक्षण कर पुराना बस स्टैंड, सदर होकर नगर प्रवेश करेंगे। पश्चात सदर बाजार स्थित श्री 1008 शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंच कर अतिशयकारी शांतिनाथ भगवान का दर्शन करेंगे।

नगर प्रवेश के अवसर पर जैन समाज के लोगों ने गाजे-बाजे, ध्वज-पताकाओं और मंगलगान के साथ मुनि संघ की भव्य अगवानी करेंगे। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिलेगा। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अखिलेश जैन एवं सचिव आशीष चौधरी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य संघ में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज सहित 23 महाराज साथ में चल रहे हैं। मुनि संघ के इस प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, प्रवचन और आत्मकल्याण से जुड़े आयोजन के साथ पंचकल्याण कार्यक्रम में भाग लेंगे। आचार्य श्री के वरद हस्तकमलों से मूलनायक शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा सहित 42 प्रतिमाओं का पंचकल्याणक (प्राण प्रतिष्ठा) के संस्कार होंगे।

सुयश सागर जी महाराज ससंघ करेंगे आगवानी

पूज्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि सुयश सागर जी महाराज ससंघ अपने गुरु की आगवानी करने शिवांश स्कूल पहुंचकर अपने गुरु की मंगल आगवानी करेंगे।

छिंदवाड़ा से राजिम की ओर हो रहा बिहार

पूज्य आचार्य संघ का 29 दिसंबर 2025 को धर्मनगरी छिंदवाड़ा में पंचकल्याणक उपरांत विहार राजिम की ओर चल रहा है। प्रातः अभनपुर, मानिकचौरी होते? हुए ग्राम पिपरौद शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में प्रातः 09 बजे पहुंचेगे। पूज्य आचार्य श्री की अमृत पान का सौभाग्य उपस्थित जन समुदाय को मिलेगा। आचार्य संघ की आहार चर्या, सामायिक यहीं स्कूल में ही संपन्न होगी। साथ ही दीक्षार्थी भैया की आहार चर्या भी यहीं संपन्न होगी।

रूपटॉप सोलर पेनल अनिवार्यता मामला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा प्रधान मंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को बिजली कर्मियों के लिए प्रभावी एवं सरल बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। प्रबंधन ने पूर्व में भी पॉवर कंपनी के नियमित अधिकारी कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने एवं नवम्बर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन करने के निर्देश दिये थे तथा पंजीयन न करने की स्थिति में बिजली बिल में विशेष रियायतों की सुविधा को दिसंबर माह से बंद करने का निर्णय लिया था। ताजा समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई जटिलता एवं समस्यों से जूझ रहे असमर्थ बिजली कर्मियों के लिए अनिवार्य स्थापना से छूट देने का निर्णय लिया गया। मानव संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा परिपत्र जारी करते हुए बताया गया है कि विशेष श्रेणियां ही अनिवार्य स्थापना की छूट के पात्र रहेंगे। जिसके अंतर्गत यदि कर्मी कंपनी आवास या फ्लैट में निवासरत है एवं छत्तीसगढ़ में किसी भी स्थान पर उनका या पति-पत्नी के नाम पर आवास नही हैं।

अब यमुना की 70 प्रतिशत गंदगी होगी खत्म!

नजफगढ़ नाले में उतरी फिनलैंड की वॉटर ड्रेजर मशीन

नई दिल्ली। यमुना में सबसे ज्यादा गंदगी नजफगढ़ नाले से है। नाले के गंदे पानी से ही सालों से यमुना गंदी है। कुल 57 किमी लंबे नाले की सफाई के लिए सिंचाई और बाद विभाग ने शुक्रवार से फिनलैंड से आयातित एम्फीबियन वॉटर ड्रेजर मशीन को नाले में उतारा है। मशीन का उद्घाटन दिल्ली सरकार में सिंचाई और बाद विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया। इसकी लागत 8.03 करोड़ बताई जाती है। एम्फीबियन मशीन के साथ गाद को हटाने के लिए ऑटोमेटिक हॉपर बार्ज मशीनें भी मंगाई हैं। जिनकी कुल लागत करीब 5.25 करोड़ रुपये है। प्रत्येक हॉपर बार्ज की कैपिसिटी 12 क्यूबिक मीटर है। प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, यमुना में सबसे बड़ा प्रदूषण का स्रोत नजफगढ़ ड्रेन ही है। अगर इस ड्रेन की सफाई पूरी तरह से कर दी जाती है, तो यमुना में करीब 60-70 प्रतिशत गंदगी खत्म हो जाएगी। 57 किमी लंबे नजफगढ़ ड्रेन की सफाई के लिए फिनलैंड से एम्फीबियन वाटर ड्रेजर मशीन मंगाई गई है, जो नाले की 6 मीटर गहराई तक गाद निकालने में सक्षम है। मशीन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जमीन और पानी, दोनों में बिना किसी रुकावट के आवाजाही कर सकती है। इसमें 4 स्टेबलाइजर है। 80 डिग्री तक घूमने वाला लचीला एक्सवेटर आर्म और 600 लीटर क्षमता की बकेट लगी है।

एफएसएल की रिपोर्ट आई, सदन की रिकॉर्डिंग में कोई छेड़छाड़ नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के विवादित वीडियो को लेकर दिल्ली विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने बड़ा दावा किया है। विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि वीडियो की सच्चाई पर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी यानी एफएसएल की रिपोर्ट में वीडियो को ओरिजिनल और बिना किसी छेड़छाड़ के बताया गया है। वीडियो के विजुअल्स और ऑडियो के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ या 'डॉक्टरिंग' नहीं की गई है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, 'जिस सदन की वीडियो के ऊपर प्रश्न उठाए गए, विपक्ष की मांग पर उस सदन की रिकॉर्डिंग को फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी यानी एफएसएल को भेजा गया था और एफएसएल की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो ऑडियो-वीडियो है वह एक ही है। उसमें किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं की गई है। सदस्यों के समक्ष जब मैंने उस दिन दोनों पक्षों को अपने कमरे में बुलाया था। वहां पर विपक्ष की तरफ से यह मांग की गई कि इसकी फॉरेंसिक जांच होनी चाहिए। सत्ता रूढ़ दल ने भी इस मांग पर अपनी मुहर लगा दी थी। उन्होंने आगे कहा, 'जब जांच के लिए इसे भेजा गया तो अचानक 9 तारीख को ये खबर आती है कि पंजाब सरकार ने पहले ही इसकी जांच करवा ली, रिपोर्ट भी आ गई और एफआईआर भी दर्ज कर ली गई।

ये कैसी स्मार्ट सिटी जिसमें पीने का पानी ही नहीं : राहुल गांधी

■ **पीड़ित परिवारों से मिलकर दी एक-एक लाख रुपये की मदद**

इंदौर/नवप्रदेश। भागीरथपुरा दूषित जल कांड से प्रभावित लोगों और मृतकों के स्वजन से मिलने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर पहुंचे। अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने के बाद वे भागीरथपुरा में पीड़िर्ती परिजनों से मिले। यहां उन्होंने एक-एक लाख रुपये का चेक देकर आर्थिक सहायता भी दी। राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी जिम्मेदारी है साफ पानी, कम प्रदूषण। यह सब जिम्मेदारी सरकार नहीं निभा रही है। यहां पर जिन लोगों ने यह करवाया है, सरकार में कोई तो जिम्मेदार होगा। इस की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। सरकार की लापरवाही से यह हुआ है, इसलिए पीड़ितों ने जो इलाज करवाया है, उसमें इन्हें आर्थिक मदद मिलना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने टंकी की तरफइशारा कर कहा कि ये जो टंकी है ये सिंबल है, आज भी यहां पर साफपानी नहीं है। बैंडेज लगा दिया है, जो कुछ दिनों के लिए चलेगा। जो मीडिया का ध्यान है, देश का ध्यान है, इसलिए यहां काम चल रहा है। मगर जैसे ही ध्यान हटेगा यहां से वापस वहीं हालत हो जाएगी। वहीं पानी। इसके बाद राहुल ने पीड़ितों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि ये चाहते हैं कि अच्छे से यह काम किया जाए और इन्हें साफपानी दिया जाए। जो सरकार की जिम्मेदारी है, सरकार उसे पूरा करे। इनकी मदद करने मैं यहां आया हूं। राहुल गांधी ने मीडिया के सवालों पर कहा कि यहां पर मैं विपक्ष के नेता के तौर पर आया हूं। यह राजनीति नहीं है। यहां पर लोगों की मृत्यु हुई है। मैं इनका मुद्दा उठाने आया हूं, इनकी मदद करने आया हूं। इसमें कोई गलत काम नहीं है। मेरी जिम्मेदारी बनती है कि हमारे देश में लोगों को साफपानी नहीं मिल रहा है, तो मैं उनकी मदद करने आया हूं, उनके साथ खड़ा हूं। आप इसे जो भी कहना चाहते हैं, कह दीजिए, राजनीति कहना चाहते हैं कह दीजिए। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता है।

इस लापरवाही का कोई तो जिम्मेदार होगा

राहुल गांधी ने कहा- इस लापरवाही का कोई तो जिम्मेदार होगा। आज भी यहां पर साफपानी नहीं मिल रहा है। गंदा पानी पीने से लोगों की जान गई है। सरकार को इनकी मदद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा जाता था कि देश को स्मार्ट सिटी दिए जाएंगे। ये कैसी स्मार्ट सिटी हैं, इसमें पीने का पानी नहीं है। लोगों को डराया जा रहा है। इंदौर में साफपानी नहीं मिल सकता है, पानी पीकर लोग मर गए। ये है अर्बन मॉडल। राहुल गांधी ने कहा कि ऐसा सिर्फइंदौर में नहीं है, अलग-अलग शहरों में ऐसे हालात हैं।

बीएमसी नतीजों के बाद 'सामना' के जरिए शिंदे पर हमला

मुंबई। महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में महायुति की बड़ी जीत के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी शिवसेना पर करारा हमला बोला है। संपादकीय में शिंदे गुट को शाह-सेना करार देते हुए उस पर अवसरवाद और विचारधारा विहीन राजनीति करने का आरोप लगाया गया है। सामना के संपादकीय में दावा किया गया कि मुंबई समेत 26 नगर निगमों में तथाकथित भाजपा लहर बनाई गई और उसी के सहारे शाह-सेना जैसी अवसरवादी ताकतें सत्ता तक पहुंचीं। लेख में कहा गया कि शिवसेना (यूबीटी)-मनसे गठबंधन ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सरकार और चुनाव आयोग के कथित मनमाने रवैये ने परिणाम प्रभावित किए। संपादकीय में मतगणना प्रक्रिया को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए। कहा गया कि शुक्रवार देर रात तक गिनती में अनियमितताएं होती रहीं, जबकि भाजपा ने परिणाम पूरी तरह घोषित होने से पहले ही जश्न शुरू कर दिया। इसे महाराष्ट्र और मराठी समाज के लिए चेतावनी बताया गया। सामना ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, इंक स्कैम, ईवीएम में हेरफेर, धन वितरण और फर्जी व दोहरे मतदान के सहारे चुनाव को प्रभावित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत काल पर तंज कसते हुए सामना ने कहा कि न तो चुनाव निष्पक्ष हो रहे हैं और न ही न्याय मिल रहा है। संपादकीय में दावा किया गया कि मतदान के 24 घंटे बाद तक भी आधिकारिक वोटिंग प्रतिशत जारी नहीं किया गया, जबकि भाजपा के पक्ष में एग्जिट पोल टीवी चैनलों पर तब चलाए गए जब मतदाता लाइन में खड़े थे।

महाराष्ट्र के निकाय चुनाव में ओवैसी की बड़ी जीत, 125 सीटें पर मारी बाजी

मुंबई। महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों में इस बार नतीजों ने सबका ध्यान खींचा है। एआईएमआईएम ने राज्य भर में 126 सीटें जीतकर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाई है। खास तौर पर छत्रपति संभाजीनगर में पार्टी की जीत ने सियासी समीकरणों को नई दिशा दी है। इन नतीजों को केवल स्थानीय चुनाव तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे आने वाले बड़े चुनावों का संकेत भी माना जा रहा है। पार्टी प्रमुख ओवैसी की सक्रिय भूमिका को इस जीत की बड़ी वजह बताया जा रहा है। ओवैसी ने इस बार पहले की तुलना में ज्यादा समय चुनाव प्रचार को दिया। घर-घर जाकर संपर्क किया गया और छोटे इलाकों में स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। पार्टी नेताओं के मुताबिक, पिछली बार मिली करीबी हारों ने कार्यकर्ताओं को और ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित किया, जिसका सीधा असर नतीजों में दिखा। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में अपनी पार्टी की सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी पार्टी के 125 पार्षद सफल हुए हैं। ओवैसी ने जनता का धन्यवाद करते हुए कहा 'मैं महाराष्ट्र के लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने मत का प्रयोग किया। मैं उन सभी मतदाताओं का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने एआईएमआईएम पार्टी के उम्मीदवारों को अपने वोट और आशीर्वाद से विजयी बनाया।'

26 जनवरीः हाई अलर्ट, खालिस्तानी और बांग्लादेशी आतंकियों से खतरा

नई दिल्ली।26 जनवरी से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने देशभर में हाई अलर्ट जारी किया है। खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के अनुसार, खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और बांग्लादेश में सक्रिय आतंकी समूहों की ओर से दिल्ली समेत कई बड़े शहरों को निशाना बनाए जाने की आशंका जताई गई है। इंटेलिजेंस इनपुट में बताया गया है कि पंजाब से जुड़े कुछ गैंगस्टर विदेश में बैठे खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलर्स के इशारे पर काम कर रहे हैं। आरोप है कि ये हैंडलर्स अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और देश की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के लिए आपराधिक नेटवर्क का सहारा ले रहे हैं।

आतंकवादी नेटवर्क से बढ़ते संपर्क

सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी चेतावनी में कहा गया है कि ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हैं। धीरे-धीरे इनके खालिस्तानी आतंकवादी तत्वों से संपर्क मजबूत होने की बात भी सामने आई है, जिसे लेकर एजेंसियां सतर्क हैं।

अमेरिका-पाक के संयुक्त सैन्य अभ्यास पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को अमेरिकी और पाकिस्तानी सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास किए जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास ने भारत की विदेश नीति की विफलता को उजागर किया है। पाकिस्तान और अमेरिकी सेनाओं ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया था।

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जून 2025 में तत्कालीन अमेरिकी केंद्रीय कमान प्रमुख जनरल माइकल कुनिला ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में पाकिस्तान को एक 'असाधारण सहयोगी' बताया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए अपनी गहरी प्रशंसा बार-बार जताई, जिनकी भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से उत्तेजक टिप्पणियों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान की ओर से रचित आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। कल ही, राष्ट्रपति ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने 10 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने के लिए हस्तक्षेप किया था।'

'विश्वगुरु' की कूटनीति को झटका?

रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'स्वयं को विश्वगुरु कहने वाले भारत की आत्मप्रशंसापूर्ण कूटनीति को एक और झटका देते हुए अमेरिकी केंद्रीय कमान ने अभी-अभी एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी और पाकिस्तानी सेना के सैनिकों ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट' नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास पूरा कर लिया है।'

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

5जी उपभोक्ताओं में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर

■ **सेबी ने 12 संस्थाओं पर पांच साल का बैन लगाया**



नई दिल्ली। भारत 5जी के यूजर्स के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यहां कुल 40 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, पहले स्थान पर चीन है। दुनिया में इस तकनीक को तेजी से अपनाने में भारत आगे है। सिंधिया ने बताया, भारत किस प्रकार पैमाने, गति और डिजिटल परिवर्तन के मामले में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। 2022 में लॉन्च होने के बाद से 5जी सेवाएं 99.6 फीसदी ग्राहकों तक पहुंच चुकी हैं। 85 फीसदी आबादी इससे लाभान्वित हो चुकी है। संचार मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2025 तक दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने 4.69 लाख 5जी बेस ट्रांससीवर स्टेशन स्थापित किए हैं। यह 5जी नेटवर्क के तेज विस्तार में से एक है। 5जी के लॉन्च के बाद से 25 करोड़ मोबाइल ग्राहक इस सेवा का उपयोग कर रहे हैं। सिंधिया ने कहा, दुनिया के अन्य हिस्सों में ऐसी तकनीक विकसित करने में दशकों का समय लगा। भारत ने इसे दो साल में विकसित किया।?भारत ने 6जी मिशन के तहत स्वदेशी 6जी अनुसंधान और विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है।

बजट हर बार सुनते हैं, इस बार समझने का मौका है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 392 मिलियन डॉलर बढ़कर 687 बिलियन डॉलर हुआ

नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 जनवरी को समाप्त हुए हफ्ते में 392 मिलियन डॉलर बढ़कर 687 बिलियन डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को दी गई। आरबीआई ने कहा कि 9 जनवरी को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटक गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 1.56 बिलियन डॉलर बढ़कर 112.83 बिलियन डॉलर हो गई है। गोल्ड रिजर्व में बढ़ोतरी की एक वजह सोने की कीमतों का तेजी के बढ़ना है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का दाम बीते एक हफ्ते में करीब 2.5 प्रतिशत और पिछले एक महीने में करीब 5.5 प्रतिशत बढ़ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स की वैल्यू 1.12 बिलियन डॉलर कम होकर 550.86 बिलियन डॉलर रह गई है।

तीसरे वनडे में रविन्द्र जडेजा करेंगे दमदार वापसी

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सीनियर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का समर्थन करते हुए शनिवार को यहां कहा कि वह जल्द ही अपनी लय हासिल कर लेंगे और रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बाएं हाथ के स्पिनर को अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटने के लिए केवल एक विकेट की जरूरत होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफपहले दो वनडे मैचों में जडेजा विकेट लेने में नाकाम रहे थे। इससे पहले वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफतीन मैच की श्रृंखला में भी केवल एक विकेट ले पाए थे। सिराज ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा कि मुझे नहीं लगता कि जडेजा की फॉर्म किसी तरह से भी चिंता का विषय है। यह केवल एक विकेट की बात है। एक बार वह विकेट मिल जाए तो आपको एक बिल्कुल अलग तरह का गेंदबाज देखने को मिलेगा। सिराज ने कहा कि दोनों वनडे में दबाव में होने के बावजूद गेंदबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरे वनडे में कुछ मौके गंवाए जिससे न्यूजीलैंड तीन मैच की श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा। हमने दोनों मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। पहले वनडे में हमारी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों ही शानदार रहीं। दूसरे मैच में शुरुआती विकेट गिरने के बावजूद केएल राहुल ने अच्छी बल्लेबाजी की और नितीश रेड्डी ने भी योगदान दिया।

बॉलीवुड में एआर रहमान को काम नहीं मिल रहा

ऑस्कर विजेता म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम न मिलने की वजह सांप्रदायिक एंगल और बदलते पावर डायनेमिक्स को बताया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एआर रहमान ने बताया कि उन्हें 8 साल से बॉलीवुड में काम मिलना बंद हो गया है। बॉलीवुड में रहमान के काम न मिलने वाले बयान ने सोशल मीडिया से लेकर बॉलीवुड के गलियारों तक एक नई बहस छेड़ दी है। अब मुद्दे पर गीतकार, पटकथा- संवाद लेखक जावेद अख्तर ने अपनी बात रखी है। जावेद अख्तर ने रहमान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा, ÷मुझे ऐसा कभी नहीं लगा। मैं मुंबई में रहता हूं, सबसे मिलता हूं। रहमान को बहुत सम्मान मिलता है।जावेद अख्तर का मानना है कि रहमान वेस्ट में व्यस्त रहते हैं, शो करते हैं, इसलिए प्रोड्यूसर्स उनसे संपर्क करने में हिचकते हैं। उन्होंने कहा, ऑस्कर विनर जैसी महान शख्सियत के पास छोटे निर्माता झिझक महसूस करते होंगे।

एयरटेल आई पी टीवी के साथ गणतंत्र दिवस के लंबे अवकाश को और भी मनोरंजक बनाये

नई दिल्ली। एयरटेल आई पी टीवी के साथ, आप अपने घर के आराम से बड़ी स्क्रीन पर इन सिनेमाई अनुभवों का आनंद ले सकते हैं। 29+ प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स, 600+ लाइव टीवी चैनल और विशाल ऑन-डिमांड लाइब्रेरी को एक साथ लाते हुए, एयरटेल आई पी टीवी आपके त्योहारों के बिंज-वॉचिंग अनुभव को पहले से कहीं ज़्यादा सहज और शानदार बनाता है। यहाँ कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं जिन्हें अवश्य देखना चाहिए। इन्हें घर पर बड़ी स्क्रीन पर देखना बेहद ही आनंदकारी लगता है–रोमांच से भरे ड्रामा, क़ानूनी थ्रिलर, अंतरराष्ट्रीय लोकप्रिय शोज़ और दिल को छू लेने वाले रियलिटी टीवी, आदि।

फ्रीडम ऐट मिडनाइट - सीज़न 2 (SonyLIV)- 1947 के बाद के भारत और उसके राजनीतिक संघर्षों की पड़ताल। 9 जनवरी, 2026 से स्ट्रीमिंग। भारत की आज़ादी के जुनून और अराजकता को फ्रीडम ऐट मिडनाइट से बेहतर ढंग से बहुत कम कथाएँ पकड़ पाती हैं। यह शो भारत के विभाजन और स्वतंत्रता के बाद की परिस्थितियों में गहराई से उतरता है, और इतिहास के उस निर्णायक दौर से जुड़ी तीव्र राजनीतिक व मानवीय कहानियों को प्रस्तुत करता है।

खबरों की मरम्मत

बिल्ली के भाग से छींका टूटने की प्रतीक्षा में कांग्रेस

जमीनी स्तर का कार्यकर्ता चाहे वो भाजपा का हो या कांग्रेस का, विचारधारा को लेकर लड़, मर, कट सकता है। दो परिवारों के बीच रिश्ते टूट सकते हैं। लेकिन तथाकथित दोनों राजनीतिक दलों के स्वनामधन्य बड़े नेताओं का अनैतिक और अघोषित गठबंधन जनता के भावनाओं पर कैसा कुठाराघात करता है, यह चुनाव से पहले या बाद में जनता सिर्फ महसूसती है, लेकिन कर कुछ नहीं सकती। मौजूदा दौर में राजनीतिक गलियारा इन चर्चाओं के बाजार से सरगर्म है कि आने वाले 2028 के चुनाव में भाजपा सिर्फ 15-20 सीट पर सिमट जाएगी। यह चर्चा कोई मवेशी चराने वाला चरवाहा या खेत जोतता किसान नहीं कर रहा है। आलीशान बंगलों और अट्टालिकाएं खड़ी कर लेने वाले बीजेपी और कांग्रेस के तथाकथित राजनीतिक विश्लेषक, चुनाव मैनेजर और फंड मैनेजर जैसे लोग कर रहे हैं। और कांग्रेस इन चर्चाओं के चटखारे लेकर बिल्ली के भाग से छींका टूटने की प्रतीक्षा में लार टपका रही है। और हर तीसरे महीने मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा इन कोठरियों से बाहर निकलकर यह टेस्ट किया जा रहा है कि इसका असर क्या है?

बीजेपी का आईटी सेल और बेसुध कार्यकर्ता

बीजेपी का आईटी सेल सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया पर कर रहा है। लेकिन किसी भी पोस्ट के नीचे बीजेपी समर्थित कार्यकर्ता का एक भी कमेंट सरकार के पक्ष में नहीं दिखता। अलबत्ता किसानों से जुड़े मसले, भर्ती प्रक्रिया और आम जनता की परेशानी को लेकर लोग सोशल मीडिया पर ही सरकार और मीडिया को भी घेर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर धरसीवां विधायक अनुज शर्मा की सरकार की योजनाओं से संबंधित पोस्ट पर 928 कमेंट्स आए। जिसमें 900 से अधिक सरकार के खिलाफ हैं। लेकिन एक भी भाजपा या सरकार समर्थित कोई व्यक्ति इस सरकार विरोधी कमेंट्स का जवाब नहीं दे रहा है। कमोबेश यही स्थिति पंडरिया विधायक भावना बोहरा की पोस्ट पर भी है।

चंद घंटे की मस्ती और अफसरशाही की साख पर बट्टा

सत्ता की चकाचौंध में मदमस्त नेताओं की मस्ती की खबरें छत्तीसगढ़ में भी मिलती रही हैं, लेकिन राज्य में पहली बार अफसरों के मदमस्त होने की खबरें सुर्खियों में है। गरियाबंद के देवभोग में शराब के नशे में धुत अश्लील डांस पर झूमते, लोटते एसडीएम ने डांसरों पर जमकर नोट बरसाए। और जब वीडियो वायरल हुआ तो साहब सस्पेंड भी हो गए। वैसे कार्रवाई की गाज गिरने के बाद एसडीएम साहब पछता रहे हैं। लेकिन चंद घंटों की मस्ती के चक्कर में नौकरशाही पर लगा लाइफटाइम बट्टा बरकरार रहेगा।

जंगल में मंगल: मस्तीखोरी में जंगलबाज भी पीछे नहीं

यह स्थापित सत्य है कि जंगल में जंगलराज ही चलता है। ऐसे में शराब की मस्ती और डांसरों की दिलकश अदाओं पर झूमना भला किसे नहीं सुहाएगा। सो जंगल के अफसर इसमें कैसे पीछे रहते? गरियाबंद का वीडियो वायरल होने के बाद सूरजपुर के फॉरेस्ट अफसरों का वीडियो वायरल हो गया है। यहां भी नोट बरसाने और डांसरों के साथ ठुमके लगाने के साथ नोटों की बारिश का सीन है। कहा जा रहा है कि वीडियो में जितनी अश्लीलता है, प्रोग्राम के बाद उससे कहीं ज्यादा गतिविधियां बंद कमरे में पूरी रात चलती रही। अफसर खैर मना रहे हैं कि देर रात बंद कमरे की अनैतिक गतिविधियों का वीडियो नहीं बना। लेकिन अगर बना भी होगा तो ठीक ऐसे समय आ सकता है जब राज्य में चुनाव हो। हालांकि डांसरों के ईर्द-गिर्द आपत्तिजनक गतिविधियों पर झूमते रेंजर भी सस्पेंड हो गए हैं।

हीरे की परख जौहरी करता है...

नृत्यकला के पारखी नेता को इन अश्लील गानों पर ठुमकती डांसरों की कला पर नाज है। मीडिया के सवालों पर प्रतिप्रश्न करते मंत्री ये बताते नहीं थकते कि कला का प्रदर्शन हुआ है। ये तो देखने वालों की नजर है कि उसे अश्लीलता मानें या शालीनता। बहरहाल छत्तीसगढ़ में कला के नाम पर इस तरह के अश्लील डांस प्रोग्राम्स की बाढ़ सी आई है। ये तो वे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं जिनके वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिनके नहीं हो रहे, उसके बारे में किसी को कोई लेना देना नहीं है। नोट लुटाते दारूबाज अफसरों की फजीहत होने से ज्यादा चर्चा धान के कटोरे वाले माननीय की हो रही है। नेता जी का मानना है कि कला के नाम पर क्या सिर्फ सीताराम-सीताराम का जाप ही करते रहेंगे। मीडियाकर्मी से उनका सवाल भी तारीफे काबिल है कि आपको फोटो खींचने किसने कहा था?

छत्तीसगढ़िया 'रेट'... हाथी से बड़ा पेट...

राज्य जब बना था तब प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी का तकिया कलाम हुआ करता था - अमीर धरती के गरीब लोग। हालांकि ये बनावटी था। इसीलिये तीन साल में सत्ता चली गई। 25 साल बाद उनके पुत्र अमित जोगी अब छत्तीसगढ़ी चूहों को लेकर वीडियो बना रहे हैं और वायरल कर रहे हैं। दरअसल कवर्धा में 7 करोड़ के धान चूहों के द्वारा खाए जाने के तथाकथित तर्क को लेकर सोशल मीडिया पर उफान है। अमित भी नाटकीय अंदाज में कवर्धा पहुंचे। और उन्होंने प्रतीकात्मक तौर पर धान खाने वाले चूहों की खोजबीन करते हुए आवाज लगाई कि कहां हो जी मुसवा जी। साथ में कुछ किसानों को लेकर पहुंचे अमित जोगी ने कलेक्टोरेट में मीडिया से बात की और चूहों को लेकर सरकार के जिम्मेदार लोगों पर तंज कसा। अब कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़िया से ज्यादा छत्तीसगढ़ के चूहों की चर्चा हो रही है। करोड़ों का धान चूहों के हजम करने का मामला पूरे देश के मीडिया की सुर्खियों में है। सवाल ये भी किये जा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ के चूहे हैं या हाथी। हजारों क्विंटल धान चूहे तो चट नहीं कर सकते। अगर किया भी हो तो चूहों का बॉडी शेप हाथी जैसा हो जाना चाहिये।

अब चिरकुट मामलो में भी अफसरों की पिटने लगी भद

राज्य में पिछले तीन-चार साल से केंद्रीय और राज्य की जांच एजेंसियों की धमक के बाद वायरल होते वाट्सएप चैट से नौकरशाही क्या सबक ही नहीं ले रही है। इसी वाट्सअप चैट की बदौलत अलग अलग घोटालों में जेल की हवा खा रहे अफसर बाहर आने तड़प रहे हैं। वहीं सड़ियल सी चीजों के लिये अपने अधीनस्थों को वाट्सएप से दिशा निर्देश देने वाले अफसरों को क्या इतना समझ नहीं आ रहा है कि सब दिन एक समान नहीं होते। और जब ऐसा करना ही है तो संबंधित व्यक्ति को बेवजह परेशान नहीं करना चाहिये। दुर्ग नगर निगम के कमिश्नर इसी चिरकुट मामले में बेवजह विवादों में आ गए हैं। हाई कोर्ट में उनके खिलाफ गए कर्मचारी ने उस वाट्सएप चैट को आधार बना लिया, जिसे गुड फैथ में कमिश्नर ने कुछ मामलों में निर्देशित किया होगा। अब किसी मामले में कर्मचारी पर जब उन्होंने शिकंजा कसा तो बाबू ने हाईकोर्ट में मामला दायर कर दिया। वाट्सअप चैट भी लीक कर दी। हाईकोर्ट ने इस मामले में सरकार और कमिश्नर से जवाब मांगा है। साहब का जवाब चाहे कुछ भी हो लेकिन ये चिरकुट हरकतें अफसरों और कर्मचारियों के विश्वास को आहत करती है।

अफसरों ने बड़े अफसरों के दिमाग की बत्ती कर दी गुल

नगरीय प्रशासन विभाग के अफसरों ने उच्चाधिकारियों के दिमाग की बत्ती गुल कर दी है। दरअसल, विभाग ने सभी निकायों में भविष्य में पाइपलाइन विस्तार करने की योजना की एनालिटिकल रिपोर्ट मांगी थी। नल कनेक्शन की संख्या से लेकर बिछाई गई पाइपलाइन के साथ ही योजना में हुए खर्च सहित कई बिंदुओं की जानकारी मांगी थी। डेटा शीट जारी की गई। लेकिन नगरीय निकायों के अफसर गूगल शीट को समझ ही नहीं पाए। रायपुर में 23 लाख 26 हजार मकानों में सिर्फ दो लाख नल कनेक्शन होने की जानकारी भेजी गई है। इस डेटा पर भरोसा करें तो राजधानी रायपुर के 90 फीसदी घरों में नल कनेक्शन नहीं है। ऐसे ही अविश्वसनीय आंकड़े ज्यादातर निकायों से भेजे गए हैं। अफसरों की नासमझी पर डायरेक्टोरेट में बैठे उच्चाधिकारी अलग अलग निकायों की गूगल शीट देखकर सिर पीट रहे हैं।

भाजपा की राजनीति में 'पांडेय' का रिप्लेसमेंट 'पांडेय'?

दो चुनाव में लगातार पराजय के बाद अब भाजपा संगठन स्टील सिटी में पीपीपी का मजबूत विकल्प तैयार करने की तैयारी में

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की भाजपाई राजनीति में इन दिनों काफी भूचाल मचा है। राजधानी रायपुर में भाजपा की सत्ता और संगठन से दिग्गज नेता बृजमोहन अग्रवाल की तनातनी उफान पर है। कहा जा रहा है कि बृजमोहन की राजनीति को हाशिये पर ले जाने की रणनीति तेज है। इधर, अब संकेत मिले हैं कि एक और बड़े नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय को हाशिये पर लाने की तैयारी शुरू हो गई है। संगठन सूत्रों का कहना है कि भिलाई में पांडेय को पांडेय ही रिप्लेस करेंगे। पिछले दो विधानसभा चुनाव हारने के बाद माना यह जा रहा है कि अब प्रेम प्रकाश पांडेय के लिये टिकट पाना मुश्किल होगा। दो साल पहले चुनाव हारने के बाद से प्रेमप्रकाश पांडेय ने अपने पुत्र मनीष पांडेय को स्थापित करने के लिहाज से फील्ड में सक्रिय कर दिया है। हालांकि मनीष भी पिता की राजनीतिक विरासत संभालने काफी गंभीर नजर आ रहे हैं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन, भाजपा के अंदरखाने से खबर निकल रही है कि सरोज पांडेय अपने भाई राकेश पांडेय को प्रेमप्रकाश पांडेय के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने सत्ता, संगठन और आलाकमान पर जबर्दस्त दबाव बना रही है। इसीलिये यहां की राजनीति में अब यह आम चर्चा है कि पांडेय का रिप्लेसमेंट पांडेय ही होंगे। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भिलाई की सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में मनीष सक्रिय रहे हैं। स्टील सिटी की भाजपाई राजनीति में मनीष सधे कदमों से संगठन के कामकाज में लगातार सक्रिय रहे। उम्मीद की जा रही थी कि 2028 के चुनाव में मनीष पांडेय को टिकट मिलना तय माना जा रहा था। लेकिन, अब नए राजनीतिक हालात में समीकरण उलझ गए हैं? विधानसभा चुनाव में अभी तीन साल का समय बचा है। भाजपा संगठन ने ऐसी सभी सीटों पर फोकस करना शुरू कर दिया है, जहां पिछले दो चुनावों में भाजपा को पराजय मिली थी। नए प्रत्याशियों की संभावनाओं पर बहुत बारीकी से विचार किया जा रहा है। भिलाई सीट पर खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय की संभावनाओं पर गंभीरता से मंथन कर रही है। प्रदेश के एक दिग्गज भाजपा नेता ने संकेतों में बताया कि सब कुछ ठीक रहा तो राकेश को ही टिकट मिल सकती है। हाल ही में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा में लाखों की भीड़ जुटाकर विशाल आयोजन भी इसी रणनीति का हिस्सा था। कथा आयोजन के दौरान सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित तमाम दिग्गज भाजपा नेता शामिल हुए। खास बात ये रही कि पूरे प्रदेश से प्रमुख नेता जहां इस आयोजन में शामिल हुए, वहीं राम जन्मोत्सव समिति के मुखिया प्रेमप्रकाश पांडेय और उनके समर्थक हनुमंत कथा के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। यहां तक कि संगठन से जुड़े पदाधिकारी भी मन मारकर इसलिये शामिल हुए कि मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष इस आयोजन में आए थे।

हनुमंत कथा के सहारे राकेश ने तैयार कर ली बड़ी टीम

आयोजन के दौरान कार्यक्रम के मुख्य आयोजक के रूप में राकेश पांडेय लगातार फ्रंटलाइन में रहे। आयोजन की पूरी कमान संभालते हुए राकेश पांडेय ने भिलाई में सक्रिय कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम भी तैयार कर ली है। ये कार्यकर्ता आयोजन के दौरान अलग-अलग जिम्मेदारी संभालते रहे। राकेश की पत्नी चारू लता पांडेय की अगुवाई में भिलाई में कई साल से शाही दशहरा का विशाल आयोजन भी किया जा रहा है। इस आयोजन में भी राकेश, चारू लता पांडेय की टीम सक्रिय रही। राजनीतिक सक्रियता के साथ सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रियता का लाभ राकेश को मिलना तय माना जा रहा है।

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सरोज की ताकत का लाभ भी मिलेगा

वैसे भी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय का दबदबा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में पिछले डेढ़ दशक से कायम है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की विशाल टीम भी सरोज के पास है। दो बार दुर्ग की महापौर और वैशाली नगर की विधायक रह चुकी सरोज पांडेय की पैठ पूरे क्षेत्र में होने के कारण इसका पूरा राजनीतिक लाभ राकेश को मिलना तय है। इन सभी कारणों से राकेश पांडेय को भिलाई सीट से ताकतवर प्रत्याशी माना जा रहा है।

बैकुण्ठपुर नगर पालिका कर्मचारी व पार्षदों पर उठे सवाल

दिया तले अंधेर: मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में नियमों की हो रही अनदेखी!

बैकुण्ठपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, जिसे गरीब, जरूरतमंद और असहाय नागरिकों के लिए शुरू किया गया था, अब बैकुण्ठपुर नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा नियमों की अनदेखी और दुरुपयोग के आरोपों में कर्मचारी व पार्षद को चयन कर भेजने के मामले में घिरती नजर आ रही है। जहा अब इस योजना का लाभ नगर पालिका के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि (पार्षद) भी उठा रहे हैं, जबकि वे नियमों के अनुसार इस योजना के लिए स्पष्ट रूप से अपात्र हैं।

योजना का उद्देश्य ऐसे नागरिकों को तीर्थ यात्रा का अवसर देना है, जो आर्थिक तंगी के कारण जीवन में कभी तीर्थ दर्शन नहीं कर पाते। लेकिन बैकुण्ठपुर में जिस तरह से पात्रता के दायरे से बाहर के लोग सूची में शामिल किए गए हैं, उससे ÷दिया तले अंधेरा÷ वाली कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है।वही जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आये ।

योजना के नियम क्या हैं : सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में वही व्यक्ति पात्र है–जो छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी हो ,जो गरीबी रेखा के नीचे (BPL) या राज्य द्वारा निर्धारित कम आय वर्ग में आता हो सामान्यतः 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का वरिष्ठ नागरिक ,विधवा, दिव्यांग, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता देना है किंतु नगर पालिका बैकुंठपुर में अधिकारी की अपनी ही मनमानी हैं जिससे पात्र जाने से वंचित है ।

कौन हैं अपात्र नियमों के तहत: नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम के पार्षद, पंचायत, जनपद, जिला स्तर के जनप्रतिनिधि, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निगम-मंडल के सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारी, पेंशनधारी शासकीय कर्मी इन सभी को योजना से स्पष्ट रूप से बाहर रखा गया है।

फिर कैसे उठा रहे लाभ: स्थानीय सूत्रों का कहना है कि प्रभाव और पहुंच के चलते कुछ कर्मचारियों व पार्षदों के नाम सूची में शामिल कर लिए गए। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता न होने के कारण वास्तविक जरूरतमंदों को बाहर कर दिया गया और नियमों को ताक पर रखकर अपात्रों को लाभ दे दिया गया।

क्या हो सकती है कार्यवाही

यदि जांच में नियम उल्लंघन की पुष्टि होती है तो– अपात्र लाभार्थियों से पूरी राशि की वसूली संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई गंभीर मामलों में प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई चयन समिति की भूमिका की भी जांच संभव यह मामला न केवल योजना की मंशा पर सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासनिक ईमानदारी पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस पूरे प्रकरण पर क्या संज्ञान लेता है और क्या वास्तव में जरूरतमंदों को उनका हक मिल पाएगा या 'दिया तले अंधेरा' यूं ही बना रहेगा।

थाना गंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

ऑपरेशन निश्चय के तहत 3 तस्कर गिरफ्तार, 3000 नशीली गोलियां व कार जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी प्रहार करते हुए थाना गंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ओडिशा से रायपुर में नशीली गोलियों की तस्करी कर बिक्री की फिराक में बैठे तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

दिनांक 16 जनवरी 2026 को थाना गंज पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति ओडिशा से भारी मात्रा में नशीली गोलियां लाकर रायपुर शहर में ग्राहक की तलाश में एक्सप्रेस-वे रोड, मैन सराय भवन जाने वाले रास्ते के पास पंप हाउस के सामने मौजूद हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को मौके से पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से नशीली गोली की 300 स्ट्रिप्स (कुल 3000 गोलियां), एक रेनॉल्ट क्विड कार (अनुमानित कीमत 3,50,000/-) तथा मोबाइल फोन बरामद किए गए। जब्त मादक पदार्थ, वाहन एवं अन्य सामग्री की कुल जुमला कीमत लगभग 4,00,000/- आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपी

प्रवीण बघेल, पिता प्रफुल्ल बघेल, उम्र 23 वर्ष, निवासी–न्यू शांति नगर, टंडन डेरी रोड, अनुरथ रेजिडेंसी, थाना सिविल लाइन, रायपुर। भावेश खटवानी, पिता–जू खटवानी, उम्र 32 वर्ष, निवासी–क्रिस्टल आर्केड के पीछे, लोधी पारा, थाना गंज, रायपुर। राज दास, पिता–स्वर्गीय वीरेंद्र दास, उम्र 24 वर्ष, निवासी न्यू शांति नगर, चांदनी चौक, थाना सिविल लाइन, रायपुर।

पंजाब से हेरोइन लाकर छत्तीसगढ़ में बेचने वाला तस्कर पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में हेरोइन बेचने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पंजाब का रहने वाला है, जो पंजाब से हेरोइन मंगवाकर छत्तीसगढ़ में बेचता था। वहीं, दूसरा आरोपी यहीं रायपुर का रहने वाला है।

16 जनवरी को सूचना के बाद पुलिस आमानाका इलाके में पहुंची थी। जहां दोनों तस्कर चाय दुकान के पास ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से कुल 25.27 ग्राम हेरोइन मिली है। जिसकी कीमत 2 लाख 67 हजार 700 रुपए है। 16 जनवरी 2026 को थाना आमानाका को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नया बायपास बिलासपुर रोड स्थित वीर सिंह चाय ठेला के पास दो संदिग्ध व्यक्ति बाइक के साथ खड़े हैं। उनके पास अवैध मादक पदार्थ है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर मौके पर दबिश दी और आरोपियों की घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पंजाब के तस्कर हरभजन सिंह को पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में सात दिन इलाज के बाद बीमार हथिनी की मौत

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के उदंतीक्कसीतानदी टाइगर रिजर्व में ओडिसा से भटक कर आई हथिनी की मौत की खबर सामने आई है। बीमार के चलते हथिनी कुछ खा नहीं पा रही थी। इसकी जानकारी बीते 22 दिसंबर को यूएसटीआर के स्टॉफ को लगी, जिसके बाद से हथिनी की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी, लेकिन सारी कोशिशों के बाद आखिरकार बीमार हथिनी ने शनिवार 17 जनवरी की सुबह आखिरी सांस ली। विभाग ने पीएम के बाद मृत हथिनी का अंतिम संस्कार कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओडिसा से भटक कर आई हथिनी जिसकी उम्र 10 से 12 साल बताई जा रही है। जिसकी तबीयत 15 जनवरी को अचानक एक बार फिर बिगड़ गई, एक सप्ताह से लगातार इलाज किया जा रहा था। यहां तक कि बीमार हथिनी के इलाज के लिए जंगल सफारी और कानन पेंडारी जू के डॉक्टरों की भी मदद ली गई। इसके बावजूद बीमार हथिनी को नहीं बचाया जा सका। उप निदेशक वरुण जैन ने बताया कि सात दिनों तक इलाज में स्टाफ के द्वारा हर संभव प्रयास किए गए, यहां तक कि यूएसटीआर के हाथी मित्र दल अपनी जान जोखिम में डालकर बीमार हथिनी को दवाईयां दे रहे थे, आखिरी सांस तक वन अमला हथिनी को बचाने में जुटा रहा।

बताया गया कि पिछले सात दिनों से वन विभाग की टीम लगातार हथिनी की जान बचाने में जुटा रहा। इलाज के दौरान कुछ समय के लिए उम्मीद भी जगी–हथिनी ने मल त्याग शुरू किया और थोड़ा भोजन भी करने लगी। लेकिन 15 जनवरी को अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई। बताया गया कि सितम्बर 2025 में ऐसी ही बीमार से ग्रसित एक नर हाथी को बचाया गया था। सही समय पर ट्रैकिंग और इलाज करने से जनहानि की घटना रोक ली गई थी।

सक्ती स्टेशन पर गोंडवाना एक्सप्रेस के स्टॉपेज को केन्द्र से मिली मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले को बड़ी सौगात मिली है। अब छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों का सफर और आसान होने वाला है। सांसद कमलेश जांगड़े के प्रयास से सक्ती रेलवे स्टेशन को गोंडवाना एक्सप्रेस का स्टॉपेज मिल गया है। लंबे समय से यहां ठहराव की मांग उठ रही थी, जिसके बाद अब इस मांग को पूरा कर दिया गया है।

सक्ती पर गोंडवाना एक्सप्रेस के स्टॉपेज को मंजूरी

छत्तीसगढ़ के सक्ती रेलवे स्टेशन पर अब दिल्ली जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस भी रुकेगी। सांसद कमलेश जांगड़े ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनि वैष्णव से मुलाकात की। सक्ती में लंबे समय से गोंडवाना एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग उठ रही थी, जिसको केंद्रीय रेल मंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की पहल अब रंग लाई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सक्ती स्टेशन पर छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस के ठहराव के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

सांसद कमलेश जांगड़े ने जताया आभार: सक्ती स्टेशन पर गोंडवाना एक्सप्रेस के ठहराव के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने पर सांसद कमलेश जांगड़े ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा- 'माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का जनसुविधा से जुड़े इस महत्वपूर्ण निर्णय हेतु हार्दिक आभार एवं धन्यवाद।' बता दें कि गोंडवाना एक्स्प्रेस के सक्ती में ठहराव को मंजूरी मिलने से यात्रियों को अब सीधे दिल्ली जाने की सुविधा मिलेगी। वहीं, व्यापार, शिक्षा और इलाज के लिए लोगों को बड़ा लाभ होगा।

1500 रुपए के विवाद में साले की हत्या, जलाया फिर दफनाया शव



कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले के गोलहघाट क्षेत्र में हुए हत्याकांड का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। यह घटना 4 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे की है, जब 1500 रुपये के मामूली विवाद में जीजा खेलसाय गोंड (37 वर्ष) ने अपने साले टेकराम राम गोंड (25 वर्ष) की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के इरादे से मृतक के शव को अपने बाड़ी के पीछे ले जाकर जलाया। इसके बाद मृतक के कपड़े भी जला दिए गए और शव को वहीं गाड़ दिया गया। जब पुलिस की गतिविधियां बढ़ीं तो आरोपी ने शव को घर के पीछे स्थित खाई में फेंक दिया। यह गांव कोरिया और सूरजपुर जिले की सीमा पर स्थित है, जबकि घटनास्थल सूरजपुर जिले के चोरकी पानी क्षेत्र का बताया जा रहा है। जांच के दौरान घटनास्थल पर मिली एक चप्पल ने पूरे मामले की कड़ी खोल दी। मृतक के छोटे भांजे ने चप्पल को अपने मामा की बताते हुए पहचान की, जबकि मृतक की बहन शुरू में सच्चाई बताने से बचती रही। पुलिस की सख्त पूछताछ के दौरान मृतक की बहन टूट गई और उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जबड़ा सहित शव के 13 टुकड़ों में हड्डियां बरामद कीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com